रांची का तापमान
कांके: अधिक. 35.5° न्यून. 23.1°
रांची: अधिक. 37.1° न्यून. 26.4°

रांची, रविवार
08 जून 2025
वर्ष-26, अंक-126, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## ऑपरेशन सिंदूर पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श

राष्ट्रीय नवीन मेल




**सुधा गोयल 'नवीन**

ओ सीमा के प्रहरी! भारत के वीर सपूतों !

हमें तुम पर नाज है, तुम्हारी वजह से ही हम अपने-अपने घरों में चैन की नींद सो सकते हैं। चिलचिलाती धूप हो या हाड़ तोड़ सर्दी, अपने देश की सीमाओं की रक्षा करने तुम भूख प्यास भूल कर, रातों की नींद को दांव पर लगाकर निरंतर सजग तैयार रहते हो, दुश्मनों की नींद उड़ाने के लिए दुश्मनों को उनके कर्मों की सजा देने के लिए तुमने देश पर निछावर हो जाने का जो प्रण लिया है और ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह की वीरता दिखाई है, वह पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श उदाहरण है।

ओ रणबांकुरों तुम्हारी देशभक्ति को नमन ! हे वीर जवानों आपने अपने परिवार को कभी भी प्राथमिकता नहीं दी, जब भी देश ने पुकारा आप अपना सर्वस्व त्याग करने को तत्पर हो गए आतंकवाद को समूल नष्ट करने का आपने जो बीड़ा उठाया है, वह निश्चय ही सफल होगा, इस अटूट विश्वास के साथ मैं आपके संपूर्ण अस्तित्व को बार-बार नमन करते हुए हृदय तल की गहराइयों से कहती हूं.....

जय हिंद! जय हिंद की सेना !!

## कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू

**नई दिल्ली।** जम्मू एवं कश्मीर में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए श्रीनगर और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवाएं शनिवार से शुरू हो गई। उत्तर रेलवे ने पुष्टि की है कि सेमी हाई-स्पीड रेलगाड़ियां सप्ताह में छह दिन चलेंगी, जिससे कश्मीर घाटी और प्रमुख तीर्थस्थल कटरा के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। यह विकास क्षेत्र के परिवहन बुनियादी ढांचे में एक परिवर्तनकारी कदम है। नई वंदे भारत सेवा से श्रीनगर और कटरा के बीच यात्रा का समय घटकर मात्र तीन घंटे रह जाएगा।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।



खतरनाक स्टंट करते वीडियो हुआ था वायरल

### मंत्री दीपक बिरुआ ने स्टंट करने वाले लड़कों को चिन्हित कर कार्रवाई का दिया निर्देश

# कातिक उरांव फ्लाईओवर पर बाइक से स्टंट करने वालों की तलाश शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में सड़कों पर स्टंट करने वाले बाइकर्स की एक बड़ी तादात है। ऐसे लोग अपना एक तरह का गैंग बना कर बाइक से स्टंट किया करते हैं, लेकिन इस बार बाइक से स्टंट करने वाले बुरी तरह से फंस गए हैं, क्योंकि अब पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।

**क्यों तलाश कर रही है पुलिस :** कई तरह के विवाद और हंगामा के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसी सप्ताह सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन कर दिया। लोगों को जाम से राहत तो मिली लेकिन रात के समय इस फ्लाईओवर पर स्टंटबाजों से लोग परेशान हो रहे हैं। ये लोग खुले आम हैरतअंगेज स्टंट कर रहे हैं और अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालकर कानून का मजाक उड़ा रहे हैं। यही नहीं स्टंट करने वालों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे इस स्टंट वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं। मामले को लेकर झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बरुआ ने तुरंत ट्रैफिक

### सीसीटीवी से की जा ही है पहचान

दरअसल, इस तरह के हैरतअंगेज स्टंट करने की वजह से एक तो स्टंट करने वालों की जान खतरे में होती ही है, साथ ही साथ जो लोग सड़क पर उसे दौरान गुजरते हैं वह भी खतरे में होते हैं। रांची के ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि नए फ्लाईओवर पर स्टंट करने वाले स्टंटबाजों की तलाश की जा रही है। जल्दी उन पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इसके साथ ही साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके अलावा उन्हें ट्रैफिक से जुड़े जागरूकता नियमों का भी पाठ पढ़ाया जाएगा।


Deepak Birua
@deepakbiruajmm
Follow
. @TrafficRanchi इस होनहार बालक को चिन्हित कर इन्हें परिवहन नियम बताएं एवं अविलंब कार्यवाही करें,यह लोग हुनर नहीं हुड़दंग करने वाले है।
@ranchipolice इनसे पूछा जाय कि जीवन अनमोल है या जलवा...
@DC_Ranchi
@HemantSorenJMM
Translate post

दीपक बिरुआ का ट्वीट

शेष पेज 11 पर

# अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

**अल्लाह की राह में दी कुर्बानी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समेत राज्यभर में ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार पूरे अकीदत और एहतराम के साथ शनिवार को मनाया गया। शहर से लेकर गांवों तक की मस्जिदों, ईदगाहों में सुबह से ही नमाज के लिए मुस्लिम समाज के लोग जुट गए। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। देश में अमन-चैन व तरक्की की दुआ मांगी। जिलेभर के धार्मिक स्थलों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की गई। हरमू रोड ईदगाह के इमाम मौलाना असगर मिसबाही और डोरंडा ईदगाह में मौलाना अलकमा शिबली ने खुतबा देते हुए कुर्बानी का महत्व बताया।



शहर से लेकर गांवों तक पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। कड़ी सुरक्षा होने की वजह से त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सका। एक-दूसरे को दी मुबारकबादी बकरीद की नमाज अदा करने के बाद दुश्मनी भुलाकर लोग एक-दूसरे को दोस्त बन गए। सबने एक दूसरे से गले मिले और ईद उल अजहा की मुबारकबादी भी दी। नमाज अदा कर तुरंत लौटे घर नमाज अदा करने के बाद लोग अपने घरों की ओर कसाई के साथ लौटे। कुर्बानी से पहले जानवर को मीठी चीज भी खिलाई। कुर्बानी के लिए लाए जानवर को पश्चिमी रुख पर लिटाकर कुर्बानी की गई। कुर्बानी के गोश्त से खोला रोजा कुर्बानी करने वाले अकीदतमंद रोजा रखते हैं और कुर्बानी के गोश्त से ही रोजा खोलने का रिवाज है। शनिवार को भी ऐसा ही देखने को मिला।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी राज्यवासियों को बकरीद की शुभकामनाएं दी।

अकीदतमंदों ने जानवर की कुर्बानी की। उसके गोश्त को पकवाया और उससे रोजा खोला।

## दो बाइकों की भीषण टक्कर दो की मौत, एक घायल गंभीर

**नवीन मेल संवादाता**

- **स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया**

**धनबाद।** जिले के तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनबाद-कांको 8 लेन सड़क पर शुक्रवार की देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। भूली बड़की बौआ मोड़ के पास सर्विस लेन पर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

परिजनों ने बताया कि पतराकुली चौहान बस्ती निवासी सौरभ बेलदार अपने दोस्त कृष्णा चौहान के साथ पल्सर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बड़की बौआ मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक बरवाटांड़ निवासी गोलू कुमार गोप उर्फ रवि गोप चला रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और तीनों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच (शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल) ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सौरभ बेलदार और गोलू कुमार गोप को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रख दिया गया है। सौरभ का दोस्त कृष्णा चौहान गंभीर रूप से घायल है, जिसे परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की खबर जैसे ही मृतक के घर पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया।

### दिल्ली झारखंड भवन में भाजपा विधायक को नहीं मिला कमरा

# पांकी विधायक शशिभूषण मेहता धरने पर बैठे

- **विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव तक पहुंची बात**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को दिल्ली स्थित झारखंड भवन में कमरा नहीं मिला। इससे वह नाराज हो गए। इसके बाद वे रिसेप्शन के पास धरने पर बैठ गए। मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने अपने नाम से दो कमरा बुक कराया था। बुकिंग कंफर्म भी कराया। जब वे झारखंड भवन पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि कोई कमरा खाली नहीं है। उनके नाम से केवल एक ही कमरा है। इससे वह नाराज हो गए। पांकी विधायक वहीं रिसेप्शन के सामने बैठ गए। अपना सामान भी वहीं रख दिया। इसके बाद टिफिन खोल कर खाना



शुरू कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक शशिभूषण मेहता ने इसे अपमानजनक बताया। उन्होंने इस बात की शिकायत चीफ सेक्रेटरी से लेकर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष तक कर दी है। विधायक शशिभूषण मेहता ने आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड भवन में जिस प्रकार से उन्हें अपमानित किया गया, वह राज्य के विधायकों के लिए उपयुक्त नहीं है। मीडिया में आई खबर के मुताबिक विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि झारखंड भवन में जो व्यवस्था है, वह असंतोषजनक है। **शेष पेज 11 पर**

**मंत्री इरफान अंसारी के समझाने पर धरना से हटे**



**रांची।** विधायक द्वारा धरना देने की बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंच गई। उन्होंने फौरन मंत्री इरफान अंसारी को समाधान करने का निर्देश दिया। मंत्री ने भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता से फोन पर बात की धरना समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी विधायकों का समान रूप से सम्मान करती है। वे किसी भी दल से हों। व्यवस्था को दुरुस्त करने में थोड़ा समय लग रहा है। नया झारखंड भवन बनकर तैयार है और जल्द ही ऐसी समस्याएं नहीं आएगी।

## शिमला में बिगड़ी सोनिया गांधी की तबीयत अस्पताल में भर्ती

**शिमला।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। उन्हें शिमला के असप्ताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सोनिया गांधी शिमला दौरे पर भी। इसी दौरान शनिवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए उन्हें शिमला के आईजीएमसी अस्पताल में लाया गया है। सोनिया गांधी अपनी बेटी प्रियंका गांधी के साथ 2 जून को ही शिमला आई थीं। वह यहां छराबड़ा में प्रियंका गांधी के घर पर ठहरी हुई थीं। जानकारी के मुताबिक सोनिया गांधी की तबीयत शनिवार को शिमला प्रवास के दौरान अचानक बिगड़ गई। इसके चलते उन्हें तुरंत शिमला स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं चिकित्सालय (आईजीएमसी) में भर्ती कराया गया। चार दिन पहले वह निजी प्रवास पर शिमला के समीप छराबड़ा स्थित प्रियंका गांधी वाड्रा के निवास पर पहुंची थीं।

# झारखंड को मिला देश की बेस्ट नेत्र सोसाइटी का सम्मान, रांची में मना जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड नेत्र सोसाइटी को देश की बेस्ट नेत्र सोसाइटी का सम्मान मिलने पर रांची में रांची ऑप्थाल्मिक फोरम के द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड नेत्र सोसाइटी को मिले सम्मान का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन रांची के होटल ली लैक सरोवर पोर्टिको के सभागार में हुआ। सेमिनार का संचालन रांची ऑप्थाल्मिक फोरम की सेक्रेटरी डॉ भारती कश्यप ने किया। सेमिनार में प्रोफेसर (डॉ) सुनील कुमार, विट्रियो रेटिना सर्जन डॉ बिभूति कश्यप और डॉ अजय गुप्ता ने अपने-अपने व्याख्यान दिये। पोस्ट ग्रेजुएट सेशन में आरआईओ रिम्स से डॉ अनामिका चौधरी और डॉ वत्सला कुंवर ने केस प्रेजेंटेशन दिया।



**पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट्स ने केक काटकर मनाया जश्न**

सेमिनार के बाद ओवरऑल बेस्ट ट्रॉफी के लिए कार्यक्रम में उपस्थित नेत्र विशेषज्ञों, आरआईओ रिम्स रांची और कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने केक काटकर जश्न मनाया। ट्रॉफी के साथ सभी डॉक्टर्स और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाया।

**नयी दिल्ली में झारखंड नेत्र सोसाइटी को किया गया पुरस्कृत :** झारखंड नेत्र सोसाइटी की साइंटिफिक कमेटी की चेयरपर्सन और रांची ऑप्थाल्मिक फोरम की सेक्रेटरी डॉ भारती कश्यप ने बताया कि झारखंड नेत्र सोसाइटी को वर्ष 2024-25 में नेत्र रोग विशेषज्ञ और स्नातकोत्तर छात्रों के बीच वैज्ञानिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और आम जनों में नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के सफल संचालन के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। झारखंड नेत्र सोसाइटी को एशिया पैसिफिक नेत्र विज्ञान कांग्रेस, नयी दिल्ली में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# बिरसा मुंडा की बढ़ती ब्रांडिंग और पब्लिक से कटते नेता

भागदौड़ की जिंदगी में जनप्रतिनिधियों का पब्लिक से सीधा संपर्क आसान तो नहीं पर असंभव भी नहीं क्योंकि जनता ही जनार्दन है पर विज्ञापनों की ब्रांडिंग और पीआर एजेंसी की रणनीति के इशारों पर दिखावटी जननेता बनने और सोशल मीडिया के सहारे चमकने वाले अनेक नेताओं की असलियत उनके पावर में आने के बाद दिखती है जो नॉट रीचेबल हो जाते हैं जबकि बिचौलियों या कॉर्पोरेट घरानों के लिए उनके दरवाजे खुले होते हैं । हमारे आसपास ऐसे अनेक वीआइपी नेता दुर्लभ दर्शनीय या नॉट रीचेबल नेता भी बिरसा मुंडा की मूर्ति के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं । अनेक बड़े नेता बड़ी गाड़ियों,बॉडीगार्ड और फाइव स्टार रहन सहन से बाहर निकलकर उन्हें भगवान बता रहे हैं पर सवाल यह है कि विज्ञापनों,सोशल मीडिया और समाचारों में चमकते सितारों जैसे नेता कब तक बिरसा मुंडा को ब्रांड बनाकर वोट लेते रहेंगे या सचमुच पब्लिक के दुख सुख को समझ पाएंगे? राजधानी रांची से छः बार से लगातार विधायक सीपी सिंह जैसे आदिवासी नेता भी हैं पर अपवाद स्वरूप हैं जो प्रयास सभी के लिए करते हैं ।झारखंड बनने के पहले झारखंड के लिए मुखर आज के अनेक चर्चित नेताओं का बिहार में कोई अस्तित्व नहीं था जिनमें से कई माननीय बने और उनका कद इतना बड़ा हो गया कि आम आदमी से सीधा संवाद ही बंद हो गया जिस कारण एक लोकप्रिय युवा नेता बहुत काम करते हुए भी हार गए जबकि अन्य अनेक नेताओं की हार का बड़ा कारण यही संवादहीनता है । विशेषज्ञ बताते हैं कि संवाद हमेशा दोतरफा होना चाहिए यदि हम सोशल मीडिया,विज्ञापन या समाचारों के माध्यम से ही अपनी बात पहुंचाते हैं तो यह एकतरफा संवाद ही है जनता की भावनाओं और दुःख दर्द को अहंकारी अधिकारियों या सलाहकारों के माध्यम से समझा नहीं जा सकता क्योंकि उन्हें खास लोगों से विशेष लाभ लेने के लिए आम लोगों को रोकना होता है जिसके अनेक चर्चित उदाहरण झारखंड के भ्रष्टाचार के इतिहास में हैं ।झारखंड की त्रासदी यही है पार्टियां बदलती रहती हैं पर बड़े नेता या तो मिलना नहीं चाहते या उनके कथित शुभचिंतक उन्हें पब्लिक से मिलने नहीं देते । प्राचीन इतिहास है कि ऐसी ही संवादहीनता से अंग्रेजी सरकार गलत फैसले करती रही क्योंकि अंग्रेजों को मुंडारी भाषा नहीं आती थी और अंग्रेज जज से लेकर अधिकारियों को निजी स्वार्थवश उल्टा समझाया जाता था । जिससे विरोध विद्रोह में बदल गया और बिरसा मुंडा ने मुंडाओं को संगठित कर अंग्रेजों की चूलें हिला दीं थीं और आदिवासी इलाकों में यह क्रम आज भी जारी है । ट्राइबल सबप्लान में उल्लेख है कि जनजातीय क्षेत्रों में उन्हीं अधिकारियों की पोस्टिंग की जाए जो उनकी बात समझ सकें और संवाद कर सकें । नेताओं को समझना पड़ेगा कि दूरियां बढ़ाकर दिलों पर राज नहीं किया जा सकता ।लोहरदगा में कैरो प्रखण्ड की दो तैयार इमारतों को कोई उद्घाटनकर्ता नहीं मिला जिस कारण नई इमारतें टूट फूटकर बर्बाद हो गईं ।वहां के बड़े नेता और जनप्रतिनिधि चमकते सितारे हैं । झारखंड के अनेक जनप्रतिनिधि और अफसर ऐसे हैं जो अपने क्षेत्र में नहीं रहते जिनमें से अधिकांश बड़े शहरों,राजधानी रांची या दिल्ली में रहते हैं । सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंगरा बुधुवा जैसे ग्रामीण उनसे कैसे काम करा पाते होंगे जिनसे मिलने के लिए जब पचास सौ किलोमीटर वे जाते हैं तब पता चलता है कि साहब मीटिंग में गए हैं, बाहर हैं या सीएम के साथ व्यस्त हैं । ऐसे अनेक जनजातीय समुदाय के नेता हैं जो महलनुमा घरों में रहते हैं और उनका क्षेत्र बहुत दूर है जबकि उनके पीए तक फोन नहीं उठाते जिस कारण बिचौलिया संस्कृति तेजी से पनप रही है । प्रखंड स्तर से लेकर मुख्यालय तक ऐसे बिचौलिए अधिकारियों से गठजोड़ बना लेते हैं और योजनाओं का लाभ प्रभावशाली या रिश्वत देने वाले लोगों को ही अधिकांशतः मिलता है ।लगभग यही हाल नौकरियों का है सभी सरकारों पर आरोप लगते रहे जांच होती रही यही चल रहा है ।जब जनप्रतिनिधि स्वयं क्षेत्र में नहीं रहेंगे तो प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को मुख्यालय में रहने के लिए कैसे दबाव बना सकते हैं ? सूत्र बताते हैं कि कोरोना काल में जब बायोमेट्रिक उपस्थिति बंद हुई तब से प्रखंडों में बारह बजे तक लेट नहीं और चार बजे के बाद भेंट नहीं फिर से चालू हो गया है ।जिन दो दिनों में प्रखंड दिवस रखा गया है उन दिनों में भी मीटिंग के नाम पर सभी लोग बिना पैरवी या पैसे के आनेवालों को टरकाते हैं ऐसी शिकायतें मिलतीं हैं । स्थिति यह है कि बिना विधायक,मुखिया या बिचौलिए की सिफारिश के कोई काम नहीं हो सकता । यदि ये आरोप सही हैं तो दुःखद है पर शिकायत करने के लिए वीआइपी टाइप नेताओं या अफसरों से मिलना आसान नहीं । बिरसा मुंडा के गृह प्रखंड अड़की में आज भी आपको ढंग की एक भी दुकान या नाश्ते का होटल तक नहीं जन्मस्थान उलीहातु का भी बुरा हाल है क्यों यह वहां के लोग जानते हुए भी नहीं जानना चाहते।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**



## बीजापुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो महिला समेत पांच नक्सली ढेर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बीजापुर।** बीजापुर के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में शनिवार को कथित तौर पर दो माओवादियों को मार गिराया गया। यह अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा, तथा सुरक्षा बलों ने घने वन क्षेत्र में विद्रोहियों के खिलाफ अपने प्रयास तेज कर दिए हैं।

**दो महिला समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए :** सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद दो महिला समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने पिछले चार दिनों में दो नक्सली नेता समेत कुल सात नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए सभी सात नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

**नक्सल विरोधी अभियान जारी :** अधिकारियों ने बताया कि बुधवार चार जून से बीजापुर जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इस अभियान में राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ), जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

शेष पेज 11 पर

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जनजातीय समुदाय को लेकर जताई चिंता, कहा

# राज्य में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय

● पैसा कानून लागू करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**दुमका।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शनिवार को दुमका पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है।

हेमंत सरकार अपने वोट बैंक के खातिर इसे पिछड़ा अवस्था में ही रखना चाहती है। रघुवर दास ने यहां तक कह दिया कि इस राज्य का एक ग्रुप इन्हें ईसाई प्रदेश तो दूसरा ग्रुप इसे इस्लामी प्रदेश बनाना चाहता है। अगर यही हाल रहा तो तो झारखंड की स्थिति नागालैंड और मिजोरम जैसी हो जाएगी।

इसे बचाने के लिए झारखंड में एक और हूल (आंदोलन) की आवश्यकता है। मैंने इसके लिए प्रयास शुरू कर दिया है। बारिश के मौसम के बाद जनजातीय समाज को जागरूक करने के लिए मैं पद यात्रा पर निकलूंगा। रघुवर दास ने यह बातें दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में कहा।

रघुवर दास ने हेमंत सरकार से यह मांग की है कि जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें। इससे जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सचिव ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा कि 1400 करोड़ रुपए का फंड तभी दिया जा सकता है, जब आप पेसा कानून लागू करेंगे।

रघुवर दास ने सरकार से यह सवाल किया कि आखिरकार किसके दबाव में पेसा कानून लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों के हित और विकास के नाम पर अबुआ सरकार सत्ता में तो आ गई है, पर वह इस समुदाय के लिए कोई भी काम नहीं कर रही है।

वर्षों से यह समाज विकास के लिए संघर्ष कर रहा है। इसके भी अपने सपने, आकांक्षाएं हैं लेकिन उस पर हेमंत सोरेन का ध्यान नहीं है। रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की घोषणा कर वोट तो ले लिया लेकिन लगातार उसके लाभुकों की संख्या में कटौती कर रही है। इससे साफ पता चलता है कि यह सरकार महिलाओं की भी हितैषी नहीं है।

### रघुवर ने घुसपैठ को बताया काफी खतरनाक

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आज झारखंड में जो घुसपैठ हो रहा है, वह काफी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन हेमंत सरकार उसे छूट दे रही है। पीएफआई और सिमी में कोई अंतर नहीं है। धर्मांतरण और घुसपैठ को यह सरकार समर्थन दे रही है, जो इस राज्य के लिए काफी चिंताजनक है। अपने राजनीतिक भविष्य के संबंध में उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा हूं। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने काफी सम्मान दिया है। अब मुझे किसी पद की लालसा नहीं है।

### रघुवर दास का बयान राज्य की सामाजिक एकता पर हमला है : डॉ तनुज खत्री



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा दुमका में दिए गए हालिया बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रवक्ता सह केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि श्री दास का बयान झारखंड की सदियों पुरानी सामाजिक समरसता और धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर सीधा हमला है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, जो समाज को बांटने, भय फैलाने और सस्ती राजनीतिक लोकप्रियता पाने का प्रयास है। उन्होंने कहा क जब रघुवर दास मुख्यमंत्री थे, तब उन्हीं के नेतृत्व में झारखंड की आत्मा सीएनटी और एसपीटी कानून के साथ खुला खिलवाड़ किया गया। आदिवासियों की जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करने की साज़िश उसी सरकार में रची गई थी। उनके शासनकाल में कई निर्दोष आदिवासियों का एनकाउंटर, आंदोलनकारियों पर देशद्रोह के मुकदमे, और पत्थलगड़ी जैसी परंपराओं का दमन हुआ। आज वही नेता आदिवासियों की हालत पर 'चिंता' जताकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य की सांविधानिक मूल भावना लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आदिवासी अस्मिता को मज़बूती से आगे बढ़ा रही है। सरना कोड की मांग, स्थानीय नीति, छात्रवृत्ति योजनाएं, रोजगार सृजन ये सब मूलवासी-आदिवासी हितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। रघुवर दास जैसे नेता धार्मिक ध्रुवीकरण का सहारा लेकर जो जहर बोने की कोशिश कर रहे हैं, झारखंड की जागरूक जनता उसे सिरे से नकारती रही है और आगे भी नकारेगी।

## केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने बीडीएल का किया दौरा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की कंचनबाग इकाई का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, मंत्री ने पर्यावरण स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए हरित पहल के तहत परिसर में पौधे लगाए। इस अवसर पर सांसद कोटेश्वर रेड्डी भी मौजूद थे। बीडीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमोडोर ए. माधवराव (सेवानिवृत्त) ने मंत्री का स्वागत किया और उन्हें विभिन्न अत्याधुनिक उत्पादन सुविधाओं और विशेष रूप से बीडीएल कंचनगढ़ इकाई में निर्मित किए जा रहे रक्षा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जानकारी दी। मंत्री ने बीडीएल के कर्मचारियों को भी संबोधित किया और आत्मनिर्भर भारत के विजन के प्रति उनके समर्पण और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हमारे देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के बहादुर कर्मियों का समर्थन करने के उनके प्रयासों की सराहना की। यह दौरा कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा और भारत की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में बीडीएल की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि की।

## दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनना हर्ष का विषय : सीपी सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज को लेकर भाजपा नेता सी.पी. सिंह ने शनिवार को कहा कि यह देश के लिए हर्ष का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा, "जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, उसे आपने कर दिखाया।" भाजपा नेता सी.पी. सिंह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी के ऊपर जो रेलवे पुल बना है, वह विश्व का सबसे ऊंचा पुल है। यह पूरे देश के लिए हर्ष का विषय है। यह फ्रांस के एफिल टॉवर और दिल्ली के कुतुबमीनार से भी बहुत ऊंचा है। ऐसे में उमर अब्दुल्ला ने अपने भाषण में जो कहा है, वह बिल्कुल सही कहा है। मोदी है तो मुमकिन है।" देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सी.पी. सिंह ने कहा, "कांग्रेसियों को पीएम मोदी की तारीफ नहीं पचती है। वे देश को खोखला करने वाले लोग हैं। इंडी गठबंधन वाले को कौन समझाए कि भाजपा का विरोध करते-करते वे भारत का विरोध करने लगे हैं। वे सभी पाक प्रेमी हैं और भारत को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। लेकिन पीएम मोदी जिस अभियान में लगे हैं, वह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। चिनाब रेलवे पुल इसी कड़ी का एक हिस्सा है।" लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र चुनाव में मैच फिक्सिंग का आरोप लगाने पर सी.पी. सिंह ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी को लेकर एक कहावत बिल्कुल सही चरितार्थ होती है कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे। महाराष्ट्र चुनाव हो गया, वहां पर एनडीए की सरकार बन गई। जब विपक्ष हार जाती है, तो आरोप लगते हैं, और जब जीत जाते हैं, तो सब ठीक लगता है। कांग्रेस के लोगों की यह पुरानी चाल है कि जहां हारते हैं, ईवीएम को दोष देते हैं और कर्नाटक में जीत दर्ज की तो ईवीएम ठीक रहा।"

### कमीशन नहीं मिलने से पीडीएस डीलर नाराज तालाबंदी की चेतावनी

**रांची।** प्रदेश के 25 हजार से अधिक पीडीएस डीलरों ने राज्य सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाया है। डीलरों का कहना है कि खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण विभाग न केवल डीलरों की मांग की पूरी तरह से उपेक्षा कर रहा है, बल्कि प्रशासनिक दबाव बनाकर बिना कमीशन के काम करा रहा है। कोरोना अवधि की बकाया राशि भी राज्य सरकार द्वारा नहीं दी गई है। फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने कहा है कि इससे पीडीसी डीलर पूरी तरह से आहत हैं। कई बार विभागीय मंत्री और सचिव को ज्ञापन सौंप कर इस ओर ध्यान दिलाया गया, लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। ऐसे में सभी पीडीएस डीलर तालाबंदी करने पर भी विचार कर सकते हैं। ओंकार नाथ झा ने कहा है कि केंद्र सरकार ने बीते दिनों विभाग को निर्देश दिया है कि मानसून को देखते हुए लाभुकों को अगले तीन माह (जून, जुलाई और अगस्त) का राशन एक साथ दिया जाए। लेकिन सभी जिलों में अभी तक राशन पहुंचाने का काम पूरा नहीं हुआ है।

### आय से अधिक संपत्ति का मामला

## ईसीएल के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक के खिलाफ सीबीआई ने शुरू की जांच




नवीन मेल संवाददाता

**रांची (हिस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गोड्डा स्थित ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के राजमहल एरिया में पदास्थापित तत्कालीन मुख्य प्रबंधक (खनन) के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि उन्होंने अपनी ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक की संपत्ति अर्जित की है। गोड्डा जिले में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के राजमहल एरिया में पदास्थापित तत्कालीन मुख्य प्रबंधक (खनन) परमेश्वर यादव पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शिकंजा कस दिया है। सीबीआई की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में 4 जून को प्राथमिकी दर्ज की और अब जांच शुरू कर दी है।

परमेश्वर यादव पर आरोप है कि उन्होंने 1 जनवरी 2019 से 22 मई 2024 के बीच अपनी ज्ञात आय के ज्ञात स्रोतों से करीब 54 लाख 572 रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की। सीबीआई की प्रारंभिक जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद ही मामला दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार परमेश्वर यादव ईसीएल के राजमहल क्षेत्र में विभिन्न पदों पर रहते हुए जानबूझकर अवैध तरीके से खुद को समृद्ध करते गए और अपनी वास्तविक आय से कहीं अधिक संपत्ति इकट्ठा की।

सीबीआई को जानकारी मिली है कि एक जनवरी 2019 से 22 मई 2024 की अवधि के दौरान परमेश्वर यादव को सभी ज्ञात स्रोतों से 1.57 करोड़ रुपया की आय हुई। इस अवधि में उन्होंने 1. 21 करोड़ रुपये खर्च किया। सीबीआई को जांच में भी पता चला कि इस खर्च के अलावा उन्होंने इस अवधि में 90 लाख 37 हजार 643 रुपये की चल-अचल संपत्ति या तो अपने या अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर अर्जित की है। इस प्रकार उन्होंने अपनी आय से 54 लाख 572 रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की है। अर्जित संपत्ति के संबंध में उन्होंने संतोषजनक हिसाब नहीं दिया है।

### 1974 के आंदोलनकारी के लिए सम्मान योजना लागू करे सरकार : डॉ सूरज



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक राम प्रवेश सिंह एवं पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने देशभर के 74 आंदोलनकारियों, यातनाभोगियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों के पेंशन और सम्मान में एकरूपता के साथ ही उसे स्वतंत्रता सेनानियों को दी जा रही पेंशन और अन्य प्रदत्त सुविधाओं के समकक्ष करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रताड़ित होनेवाले उन आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों को अपेक्षित जीवन जीना पर रहा है जिनका महत्व स्वतंत्रता सेनानियों से कम बिल्कुल भी नहीं है।

आपातकाल और जेपी आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर देशभर में राजभवन के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी के तहत पटना में राजभवन के समक्ष आयोजित धरना के बाद बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलकर श्री सिंह एवं डॉ मंडल ने उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम अपना मांग पत्र सौंपा। मंच ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अगले 25 जून 2025 को नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के एनेक्सी हाल में संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित किया है।

### ठगी के फरार आरोपी को भेजा जेल

**रांची।** तुपुदाना ओपी की पुलिस ने तीन साल से फरार ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम संतोष मिश्रा है और वह तुपुदाना भवानीपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ 2022 में तुपुदाना ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट भी जारी थी। इसी आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेजा।

### पीएम के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर : राकेश

**रांची।** भाजपा रांची महानगर की ओर से शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि के तह अभियान के तहत इसका आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। 1947 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए देश के सभी नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम में कार्यकर्ता बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें एवं इसे आम जनता तक पहुंचायें। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण के बहुत कार्य हुए। हमें केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने की जरूरत है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाया जायेगा।

### विस सचिवालय ने पूर्व विधायकों को किया नोटिस

## फ्लैट खाली करने का दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा सचिवालय ने शनिवार को बड़ा कदम उठाते हुए 11 पूर्व विधायकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस के जरिये उन्हें अपने-अपने फ्लैट खाली करने का निर्देश दिया गया है। ये फ्लैट्स विधानसभा के विधायक आवास परिसर में स्थित हैं।

विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि विधायक आवास के कमरों एवं स्टोर रूम को पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर खाली कर दें, नहीं तो नियमानुसार, अग्रेतर कार्रवाई विधानसभा सचिवालय की ओर की जाएगी। जिन कमरों को लेकर नोटिस जारी किया गया है, उनमें कमरा नंबर 48, 123, 124, 125, 126, 127, 137, 207, 208, 209 और 210 शामिल हैं।

इन कमरों के अलावा पूर्व विधानसभा सदस्यों से संबंधित बाहरी व्यक्तियों को भी सूचित किया गया है कि वे उन कमरों और स्टोर रूम को खाली कर दें, जिनपर अनाधिकृत रूप से अवैध कब्जा किया गया है।

विधानसभा सचिवालय ने यह कार्रवाई अवैध कब्जे को लेकर की है। आरोप है कि पूर्व विधायकों के परिजन इन फ्लैट्स में काफी लंबे समय से रह रहे थे, जिसे विधानसभा सचिवालय ने गंभीरता से लिया है।

### साली ने जीजा पर 48 लाख की धोखाधड़ी का किया केस

**रांची।** थड़पखना की रहने वाली दिव्यश्री ने अपने जीजा पर मखाना बिजनेस के नाम पर 48 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगायी है। इस संबंध में दिव्यश्री ने जीजा मृत्युंजय कुमार के खिलाफ लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दिव्यश्री की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनके जीजा ने उन्हें और उनकी बहन अंशु अभिषेक के साथ मिलकर मखाना का बिजनेस के एवज में राशि ली। कहा कि मुनाफा में सभी का बराबर हिस्सा होगा। इसके बाद विभिन्न तिथियों में उनसे और अंशु से कुल 48 लाख रुपए लिया। मुनाफा की राशि नहीं मिलने पर जब वे लोग पुर्णिया पहुंचे तो पता चला कि गोदाम में मखाना नहीं है। एकरारनामा की कॉपी मांगी गई तो उसने देने से इंकार कर दिया। इसके बाद राशि मांगने पर आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे।

## रांची में नए आरओबी का निर्माण शुरू, 20 करोड़ की लागत से बनकर होगा तैयार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी वासियों को जल्द ही एक नए आरओबी की सौगात मिलने वाली है। जानकारी के अनुसार, रांची के बिरसा चौक में नये रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण शुरू हो गया है। इसकी लंबाई एप्रोच रोड मिलाकर लगभग 80 मीटर होगी। इसके निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। बताया गया कि वर्तमान में ब्रिज के नीचे दो लाइन (अप-डाउन) है। रेलवे की योजना दो सेंटिंग लाइन के अलावा वर्तमान ट्रैक के दोनों तरफ एक-एक और लाइन बनाने की है। इसके बाद आरओबी के नीचे कुल छह ट्रैक हो जायेगें। यह योजना अगले 40 सालों के रेल परिचालन को देखते हुए बनायी जा रही है। इसके निर्माण में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### ट्रेनों के परिचालन में होती है परेशानी

मालूम हो कि रांची से हटिया की तरफ आने वाली ट्रेनों के लिए दो मेन लाइन है। मेन लाइन पर ट्रेनों की संख्या अधिक होने की वजह से अक्सर ट्रेन या मालगाड़ी आधा घंटा तक खड़ी रह जाती है। इससे ट्रेनों के परिचालन में परेशानी होती है। इसलिए बिरसा चौक ब्रिज के नीचे से दो अतिरिक्त सेंटिंग लाइन बिछायी जायेगी, जिसे यार्ड लाइन से जोड़ दिया जायेगा। ऐसे में यार्ड की तरफ जाने वाली ट्रेनों को परेशानी नहीं होगी।

### हटाया गया है अतिक्रमण

वहीं, नया ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। अब रेलवे की जमीन की घेराबंदी की जा रही है। पहाड़ तोड़ने के लिए बड़ी-बड़ी मशीन भी लगायी गयी है। मालूम हो कि नये ब्रिज के निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। वर्तमान में ब्रिज छोटा होने के कारण जाम की समस्या होती है। बिरसा चौक से विधानसभा, हाइकोर्ट व प्रोजेक्ट भवन के अलावा बाइपास, डीबडीह की तरफ जाने वाले वाहन इसी ब्रिज से होकर गुजरते हैं।

### कार्तिक उरांव फ्लाइओवर का उद्घाटन से आदिवासी समुदाय के लोग निराश

# हर साल अब पांच जून को काला दिवस मनाएंगे : गीताश्री उरांव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आदिवासी संगठनों के बंद के अगले दिन जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिरोमटोली फ्लाइओवर का उदघाटन किया है, उससे आदिवासी समुदाय के लोग निराश और हताश हैं। बाबा कार्तिक उरांव के नाम से फ्लाइओवर का नामकरण करने से आदिवासी समुदाय की पीड़ा कम नहीं हो जाएगी। अब हर साल पांच जून को हमलोग काला दिवस मनाएंगे और उस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन करेंगे। उक्त बातें पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कही। वे नगड़ाटोली स्थित सरना भवन में केंद्रीय सरना स्थल सिरोमटोली बचाओ मोर्चा, आदिवासी बचाओ मोर्चा सहित अन्य आदिवासी संगठनों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।



### मोर्चा का आंदोलन जारी रहेगा

गीताश्री उरांव ने कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर के रैंप व आदिवासियों से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर मोर्चा का आंदोलन जारी रहेगा। मोर्चा की ओर से कहा गया कि पूरे राज्य में आदिवासी समाज के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जन विरोधी नीतियों का विरोध रहेगा। मोर्चा की ओर से कहा गया कि आंदोलन को व्यापक रूप देने के लिए विभिन्न आदिवासी संगठनों सहित 32 जनजातियों के प्रतिनिधि के साथ 21 जून को सिरमटोली में महाबैठक का आयोजन होगा। संवाददाता सम्मेलन में निरंजना हेरेंज, पूर्व मंत्री देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा, बबलू मुंडा, फूलचंद तिर्की, राहुल तिर्की, आकाश तिर्की आदि उपस्थित थे।

## अवैध हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

### बड़ी घटना को दे सकते थे अंजाम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस शनिवार को दो आरोपियों को अवैध हथियार के साथ सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित पहाड़ी मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि शनिवार को रात करीब 01.15 बजे सूचना मिली कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र पहाड़ी मंदिर के पास अवैध आग्नेयास्त्र की खरीद बिक्री करने के लिए कुछ लोग आने वाले हैं। सूचना के आलोक में सिटी एसपी अजीत कुमार के नियंत्रण में और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा पहाडी मंदिर के पास संदिग्ध अवस्था में दो व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़ाए व्यक्तियों ने अपना नाम अनिल गाड़ी और आकाश मिर्धा बताया। दोनों कि तलाशी लेने पर अनिल गाड़ी के पास से लोहा का बना एक पिस्टल जिस पर मेड इन युएसए लिखा हुआ था जिसका मैगजीन चेक करने पर एक मिसफायर गोली मिला, लोहे का एक देशी कट्टा जिसके बट पर लकड़ी लगा हुआ और उसके उपर तार लपेटा हुआ, एक काले रंग की रेडमी कंपनी का स्मार्टफोन, नगद 7200 रुपया, एक पल्सर गाड़ी, 04 जिन्दा गोली बरामद किया गया। वहीं, पकडे गए दुसरे व्याकरी आकाश मिर्धा कि तलाशी के दौरान एक लोहा का बना पिस्टल बरामद किया गया। जिसे पुलिस के द्वारा जप्त किया गया। दोनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि करीब 34 वर्ष पहले से आकाश कुमार वर्मा उर्फ बालकटी और संदीप कुमार प्रसाद उर्फ धाबूस से खरीदने की बात स्वीकार किया। दोनों कांके क्षेत्र में जमीन का कारोबार करते है। इसलिये ये दोनों हथियार और 30 गोली का व्यवस्था करने के लिए पहाडी मंदिर के पास पहुंचे थे।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की साधारण सभा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची समर्पण शाखा के सत्र (2025 26) की साधारण सभा शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में संपन्न हुई। इस बैठक की शुरुआत शाखा अध्यक्ष द्वारा की गई साथ ही अनुपस्थिति एवं गणपूर्ति की सूचना दी गई। शाखा अध्यक्ष ने स्वागत उदगार दिया। शाखा सचिव शुभा अग्रवाल ने मई माह का प्रतिवेदन पेश किया।आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत सावन सिंधारा, रक्तदान पखवाड़ा, सावन मेला, बाबा श्रृंगार,वर्ल्ड योगा डे से संबंधित कार्यकमों के आयोजन पर चर्चा की गई। शाखा अध्यक्ष द्वारा शाखा सदस्यों से वार्षिक शुल्क जल्द से जल्द देने के लिए आग्रह किया। जिससे संस्था के कार्य सुचारू रूप से हो सके।

शाखा सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। अध्यक्ष द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई। साधारण सभा की बैठक में अध्यक्षा पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, वेदिका सिंघानिया, रश्मि राजगढ़िया, आशा संथालिया, कविता सोमानी, पिंकी शर्मा, चंद्रकला और अन्य सदस्य उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुआ



**रांची।** महाभंडारे के साथ शनिवार को 04 दिवसीय काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन हुआ। वाराणसी के प्रसिद्ध पुजारी आचार्य सुभाष पांडे एवं बालव्यास शिवम् कृष्ण शास्त्री के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराया गया। शनिवार को संध्या में महाभंडारे का आयोजन हुआ। मौके पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल,रांची विधायक सी पी सिंह, भीम प्रभाकर,राहुल चौधरी,संतोष कुमार सहित हजारों श्रद्धालुओं ने महा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन की अध्यक्षता मुख्य आयोजक (अध्यक्ष)सोनू श्रीवास्तव ने किया।

### पूर्वी भारत का एकलौता चमकता सूरज या टिमटिमाता तारा

# टीआरआई में टेंडर के नाम पर होती है रस्म अदायगी

● उठते सवाल: हर बार एक ही संस्था को कैसे मिलता है टेंडर

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राजधानी के टैगोर हिल रोड तेतरटोली में स्थित डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान की स्थापना 1953 में हुई थी। इसे संक्षेप में टीआरआई के नाम से भी जाना जाता है। इंटरनेट में इसे सर्च करना हो तो टीआरआई झारखंड डॉट इन गूगल में लिखकर सर्च किया जा सकता है। हालांकि वेबसाइट में बहुत सारे लिंक नहीं खुलते है जिससे इसके बारे में विस्तार से और क्रमबद्ध जानकारी नहीं मिलती है। मगर जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि टीआरआई जनजातीय कल्याण शोध संस्थान है। संस्थान को झारखंड सरकार और जनजातीय मामलों के मंत्रालय दोनों द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। इन प्रयासों का फोकस झारखंड में जनजातियों के विभिन्न पहलुओं से संबंधित शैक्षणिक अंतर्दृष्टि और समझ का हस्तांतरण करना है ताकि नीति निर्माण, संसाधन सृजन और विकास की प्रक्रिया को बढ़ाया जा सके। अनुसंधान के अलावा, संस्थान का मुख्य जोर आदिवासी कला और संस्कृति के संरक्षण पर भी है।




**निविदा की जांच होगी : कृपानंद झा**

अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड के सचिव कृपानंद झा ने कहा कि टीआरआई के निदेशक अभी प्रशिक्षण में राज्य से बाहर हैं उनके आने के बाद निविदा की जांच होगी दोषी पाए जाने पर कारवाई की जाएगी।

टीआरआई पूर्वी भारत की एकमात्र संस्थान है जो सौभाग्य से झारखंड में है। आदिवासी बंगाल, बिहार, उड़ीसा में भी है मगर कल्याण शोध संस्थान झारखंड में है। सूत्रों के अनुसार कभी यह पूर्वी भारत का चमकता सूरज था अब यह टिमटिमाता तारा बन गया है। इसका प्रशासिनक भवन खंडहर में तब्दील हो गया है । छत के प्लास्टर टूट कर गिरते हैं कभी किसी को चोट लगती तो कोई बाल-बाल बचते हैं। इतना ही नहीं इसके टेंडर में भी घपलेबाजी की बदबू दूर तक फैली है।

सूत्रों का कहना है कि किसी एक संस्थान को ही पूरे वित्तीय वर्ष का टेंडर दे दिया जाता है और कई वर्षों से उसी संस्थान को टेंडर मिलता आ रहा है। बाजार में इस तरह की खबरों के फैलने से लोगों ने टीआरआई में टेंडर के लिए आवेदन करना छोड़ दिया था, उनका कहना था कि टेंडर के नाम पर रस्म अदायगी नहीं करेंगे जिसका खामियाजा यह हुआ है कि पिछली बार टेंडर कैंसिल हो गया और ओआरआई को रीटेंडर करना पड़ा था। तब जाकर वह भी तीन संस्थानों ने टेंडर में भाग लिया मगर हुआ वही जो पहले से होता आया था। इस बार भी टेंडर का परिणाम पिछली बार की तरह ही रहा। अब, इसमें सवाल उठ रहा है कि हर बार एक ही संस्थान को टेंडर गारंटी की तरह कैसे दिया जा रहा है । दूसरे वर्तमान में जिस सस्थान को टेंडर मिला वह पिछली बार आठ महीने विलंब से अपना प्रोजेक्ट जमा किया था। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि टेंडर में धांधली हुई है। कमिटि के सदस्यों पर दबाव बनाया गया है और फिर अंक बढ़ाकर विशेष संस्था को टेंडर दिया गया है। टीआरआई के निदेशक के राज्य से बाहर रहने पर गुपचुप तरीके से टेंडर का खेल भी कई सवालों को जन्म दिए हुए है।

## एक्वा वर्ल्ड में बंगाली संडे आज

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, रांची मछली घर में रविवार को बंगाल की समृद्ध कला और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम 'बंगाली संडे' का आयोजन होगा। एक्वा वर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार ने बताया कि पूरी शाम बंगाल की थीम पर आयोजित की जाएगी। पारंपरिक बंगाली कपड़ों में फैशन शो का भी आयोजन होगा ।बच्चे बंगाल के पारंपरिक पोशाक में फैंसी ड्रेस में भी हिस्सा ले सकते हैं। किसी भी प्रतियोगिता के लिए कोई शुल्क नहीं होगा। मुख्य कार्यक्रम शाम 5:30 से शुरू होगा। इसके अतिरिक्त बंगाली गीतों पर नृत्य भी पेश किया जाएगा। व्यंजन भी इस शाम को पूरे तरीके से बंगाली ही होंगे। पूरे कार्यक्रम का संयोजन दीपांजलि ग्रुप के विपुल नायक और देव ज्योति नाहा कर रहे हैं।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में निर्जला एकादशी पर उमड़ी भक्तों की भीड़



**रांची।** दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी ) मंदिर में निर्जला एकादशी पर शनिवार को मंत्रों के स्वर और जय -जयकार ध्वनि से मंदिर परिसर गुंजित हो उठा।प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में त्रैलोक व्यापक श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का विश्वरूप दर्शन,सुप्रभातम् और मंगलाशासन से दिव्य मंगलोत्सव मना । तदनंतर पांचरात्र आगम विधान के अनुसार तिरूवाराधनम् हुआ। पंचरात्र के अंतर्गत उपासना,आराधना और पूजोपचार संपादन हुआ । सुश्राव्य वेदध्वनियों से क्रमानुसार नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर की बाती से महाआरती हुयी । फिर सांवादाना की खीर ,साबूदाना और आलू के खेचड़े ,कूटू आटे एवं आलू की पकौड़ा,खीरा दधि की रायता इत्यादि अनेकों फलाहारी व्यंजनों का नैवेद्य भोग लगा। मौके पर राम अवतार नरसरिया, घनश्याम दास शर्मा, गौरी शंकर साहू, प्रदीप नरसरिया, रंजन सिंह , अशोक मिश्रा,जगनारायण प्रसाद, भोला बरनवाल, शंभू नाथ पोद्दार, यशोदा देवी, सीता शर्मा के अतिरिक्त भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का दर्शन -पूजा करके अपने जीवन को धन्य किया।

# छोटी-छोटी बातों पर हो रहे तलाक

● बढ़ रही है तलाक की संख्या, ईगो बड़ा कारण हो रहा साबित


● आपसी समझौते से यदि रिश्ता बच सकता है तो बचाने की करें कोशिश : अधिवक्ता सोनाली

**रांची।** भारतीय समाज में तलाक शब्द था ही नहीं लेकिन आज के दिन मामूली बातों पर या छोटे मोटे झगड़ों के बाद भी नौबत तलाक तक आ रही है। इसके पीछे दो सबसे बड़े कारण हैं। पहला नासमझी में किया गया प्रेम विवाह और दुसरा एकल परिवार का टूटना। शादी में 7 जन्मों तक बंधे रहने के लिए फेरे लिए जाते हैं, लेकिन कभी-कभी दुविधाओं के फेर में फंसकर ये फेरे फंदे में बदल जाते हैं। वहीं, झारखंड में भी तलाक के मामले बढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार रांची सिविल कोर्ट में वर्ष 2022 में 643, वर्ष 2023 में 773 और वर्ष 2024 के जून तक में 309 तलाक और पारिवारिक विवाद के मामले दर्ज किए गए हैं। कई ऐसे मामले भी हैं जो दर्ज भी होते हैं।




**हर छोटी बातों पर हो रहा है तलाक : अधिवक्ता सोनाली**

**हाई कोर्ट** की अधिवक्ता सोनाली ने महिला होने के नजरिए से और तलाक के बढ़ते कारणों को रोकने के नजरिए से कहा कि बेवफाई तलाक का एक प्रमुख कारण है। चाहे वह शारीरिक या भावनात्मक विश्वासघात के माध्यम से हो। जोड़ों को एक साथ रहने और रिश्ते में प्रयास करने के लिए "मन की बैठक" की आवश्यकता होती है। अगर जोड़े काम नहीं करते और अपने मतभेदों को दूर करने के तरीके नहीं खोजते, तो उनके बीच का रिश्ता जल्दी ही खराब हो सकता है। एक बड़े पैमाने पर अमेरिकी सर्वेक्षण में पाया गया कि तलाक लेने वाले 73.2% जोड़ों ने प्रतिबद्धता की कमी को अपने वैवाहिक टूटने का मुख्य कारण बताया। अधिवक्ता सोनाली ने कहा आज कि पीढ़ी में दुर्व्यवहार सभी कारणों में सबसे बड़ा कारण है। दुर्व्यवहार कई रूप में हो सकता है जैसे घरेलू हिंसा जिसमें एक साथी दूसरे को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाता है। भावनात्मक दुर्व्यवहार, जिसमें एक साथी दूसरे को चोट पहुंचाने वाले शब्दों और कार्यों से नीचा दिखाता है या उसकी आलोचना करता है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, भारत में तलाक की दर में कुछ वृद्धि देखी गई है। आज के समाज में तलाक को अधिक स्वीकार किया जाता है। अधिवक्ता सोनाली ने कहा कि हाल में ही मैंने एक केस किया है जिसमें पत्नी तलाक इसलिए मांगी की उसका पति मल्टी इंटरनेशनल में काम करता था और उसको समय नही दे पाता था शादी को एक साल ही हुए थे। इतने छोटे-छोटे कारणों से लोग तलाक़ तक पहुंच जाते है जिनको प्यार से सुलझाया जा सकता है।





## क्या है तलाक

पति और पत्नी के बीच के रिश्ते को कानूनी तौर पर खत्म करने की प्रक्रिया को ही तलाक कहते हैं। हमारे देश में तलाक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अक्सर हम किसी न किसी फिल्म, सीरियल या सीरीज़ में तलाक होते हुए देखते हैं, लेकिन इनमें तलाक का जो तरीका दिखाया जाता है, वह अक्सर गलत होता है। तलाक के असल प्रोसेस से कम लोग ही वाकिफ हैं। आपने देखा होगा कि तलाक लेने के लिए एक पार्टनर दूसरे को तलाक के कागज़ साइन करने के लिए भेज देता है। दूसरे पार्टनर के साइन करते ही तलाक को पूरा मान लिया जाता है। लेकिन यह तरीका पूरी तरह फिल्मी है। कानून में इस तरह के तलाक की कोई अहमियत नहीं। फिल्मों में तलाक के आसान प्रोसेस को देखकर लोगों को शादी में जब भी कोई दिक्कत आती है तो वे यह सोचते हुए आगे बढ़ जाते हैं कि तलाक लेना बेहद आसान है। कागज़ों पर साइन करने से ही तलाक नहीं मिलता। अधिवक्ता सोनाली ने बताया कि भारत में हिंदू जोड़े के बीच तलाक 2 तरह से लिया जा जाता है। पहला आपसी सहमति से यानि सेक्शन 13 बी हिंदू मैरिज ऐक्ट 1955 दूसरा जहां पति-पत्नी में से एक

## अधिवक्ताओं ने दिए सुझाव

अधिवक्ताओं ने कहा यदि रिश्ते को थोड़े से समझौते और प्रयास से बचाया जा सकता है तो बेशक उस रिश्ते को बचाने की कोशिश की जानी चाहिए। परिवार में छोटे मोटे मनमुटाव होते हैं लेकिन फिल्मों की तरह तुरंत तलाक तक पहुंच जाना उचित नहीं है जब तक मामला बहुत बड़ा ना हो। यदि मामला अधिक पेचीदा है और संभलने की स्थिति में नहीं है तभी तलाक का रास्ता चुने अन्यथा अपने रिश्ते को बचने की कोशी की जानी चाहिए।

## संयुक्त परिवार का टूटना पति पत्नी के जोड़ें में दरार का बड़ा कारण : अधिवक्ता असीत



**अधिवक्ता** असीत ने कहा कि पहले की तुलना में अब तलाक के मामले बढ़ गई है। पहले और अब में यह फर्क इसलिए भी आया है क्योंकि आज के शादी शुदा जोड़ें अपने आप में ईगो पाल लेते हैं। अधिवक्ता असीत ने यह भी कहा कि कई मामलों में दोनों पक्ष के मायके या ससुराल वालों के अधिक दखल देने से भी रिश्ते में तलाक की दरार आ जाती है। उन्होंने कहा आज की पीढ़ी में पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हो चुके हैं। इससे भी रिश्ते में दरारें आ रही है। आज के दिन में देखा जाए तो अधिकतर मामले शक के भी हैं। पति-पत्नी में से किसी को भी शक हो तो वह तलक तक पहुंच जाती है। अधिवक्ता ने कहा इस दौर में लड़कियां और लड़के दोनों ही समझौता नहीं करना चाहते हैं। जिससे शादी के कुछ ही सालों में 7 जन्मों के लिया बना रिश्ता ख़त्म हो जाता है।

## फिल्में और टीवी सीरियल को वास्तविक जीवन ना उतारें : डॉ भूमिका सच्चर



तलाक के कई बड़े कारण हैं लेकिन जिसमे फ़िल्में और टीवीसीरियल भी शामिल है। मनोवैज्ञानिक भूमिका सच्चर ने बताया कि फिल्मों का भी असर वैवाहिक जीवन में पड़ता है जिसके कई एंगल हैं। आज भारत सहित झारखंड में भी लोग धारावाहिक देखते हैं और उसी की तरह का ख्याली जीवन की इच्छा अपने हमसफर से रखते हैं। उन्होंने कहा फिल्में और टीवी सीरियल काल्पनिक जीवन है जिस से वास्तविक जीवन एकदम अलग है।

## श्री श्याम मंदिर में लगा खीर व चूरमा का भोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मंडल द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी पर संध्या 6:30 बजे से 9 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। आज के भोग के मुख्य यजमान रमेश बंका ने अपने पूरे परिवार के साथ जिनमें सुरेश बंका , नरेश बंका , अनामिका बंका, आशा बंका, पदमा बंका, नीरज बंका, अभिषेक बंका ने श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए । सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं गोयल परिवार द्वार गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया ।

## स्वस्थ जीवन शैली पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम "हेल्थी लाइफस्टाइल एंड वेल बीइंग" विषय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. अशोक वार्ष्णेय, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, आरोग्य भारती, विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों तथा जीवनशैली में स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा पारंपरिक औषधीय ज्ञान पर आधारित स्वास्थ्य देखभाल स्टॉल्स भी लगाया गया। इन स्टॉल्स में सर्दी-खांसी, बुखार, अस्थमा, मोच, हड्डी जोड़ने, मिर्गी, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज नियंत्रण एवं कुपोषण निवारण जैसे विषयों पर हर्बल एवं आयुर्वेदिक औषधियों का प्रदर्शन किया गया।



## इटकी में शांतिपूर्ण ढंग से मना ईद उल अजहा का त्योहार

**इटकी।** त्याग व बलिदान का त्यौहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) इटकी और आस पास के गांव में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग बकरीद की विशेष नमाज अदा करने की तैयारियों में लगे थे। इटकी ईदगाह में कारी इनामुल्लाह की इमामत में सैकड़ों लोगों ने ईद-उल- अजहा की विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद देश की एकता, अखंडता, भाईचारे, तरक्की, बुराई की खात्मे व विश्व शान्ति की सामुहिक दुआ की गयी। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर त्यौहार की मुबारकबाद दी। ईदगाह से वापस होते हुए सभी क़ब्रिस्तान गए और अपने मरहूमीन के लिए दुआएं मांगी | उसके बाद अपने घरों में कुर्बानियां दी गईं | कुर्बानी देने का सिलसिला तीन दिन तक जारी रहेगा। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये थाना प्रभारी मनीष कुमार, महिला व पुरुष सशत्र बलों के साथ मुस्तैद थे। ईदगाह के अलावा इटकी जामा मस्जिद, कुर्गी और गढ़गांव सहित अन्य गांव के ईदगाह व मस्जिदों में ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गयी।

### पेड़ों पर लगाया गया क्यूआर कोड

# इस तरह की कोशिशें बच्चों व युवाओं को प्रकृति के करीब लाएगी : अशोक भगत

● "प्रकृति से जुड़ाव" का यह एक अभिनव पहल है

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विकास भारती एवं रोहिणी साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में "कनेक्ट टू नेचर" अभियान के तहत् पेड़ों पर क्यूआर कोड लगाने लगाए गए। मोबाइल फोन से क्यूआर कोड को स्कैन कर पेड़ों से संबंधित जानकारियां हासिल करने का एक अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया। "प्रकृति से जुड़ाव" का यह एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य डिजिटल तकनीक और पर्यावरण शिक्षा के बीच की दूरी को कम करना है। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कालेजों, पार्कों, पिकनिक स्थलों और पर्यटन स्थलों में वृक्षों पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे, जिससे छात्र एवं युवा अपने स्मार्टफोन के माध्यम से उन वृक्षों की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। यह वास्तविक समय में सीखने का माध्यम न केवल जिज्ञासा को जन्म देगा, बल्कि पर्यावरणीय मूल्यों को भी विकसित करेगा और युवाओं एवं प्रकृति के बीच के संबंध को प्रगाढ़ बनाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने पोस्टर लोकार्पित करते हुए पेड़ पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर उपस्थित युवाओं को प्रदर्शित कर किया गया। तदोपरांत उपस्थित युवा वर्ग में स्कैन कर पेड़ों के बारे में त्वरित जानकारी प्राप्त करने की एक अद्भुत उत्साह देखी गई। रोहिणी साइंस क्लब के संस्थापक प्रसाद जी ने विकास भारती संस्था के साथ रोहिणी साइंस क्लब के 40 वर्षों के सफर का उल्लेख करते हुए बताया कि विज्ञान प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों में प्रारंभ से ही क्लब की दिलचस्पी रही है और कालांतर में यह इतना गहरा होता गया कि आज टेक्नोलॉजी को सामान्य जीवन में कैसे बेहतर तरीके से उपयोग में लाया जा सकता है, इसका एक नमूना यह पेड़ों पर लगाये जा रहे क्यूआर कोड कार्यक्रम के जरिये बताने की कोशिश है। सभागार में उपस्थित युवाओं की ओर रुख करते हुए प्रसाद जी ने वर्षा जल संरक्षण पर स्वनिर्मित एक गीत प्रस्तुत कर सभी लोगों को वर्षा जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील करने का प्रयास किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि आज के समय इस तरह की कोशिशे बच्चों एवं युवाओं को प्रकृति के करीब लाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में उनके दैनिक जीवन में पर्यावरण की भूमिका और उसके अहमियत की समझ बढ़ेगी। सम्पूर्ण विश्व आज 'प्लास्टिक के उपयोग को ना' कहने की बात को जीवन में लागू करने के लिए अलग-अलग मुहीम चला रही है। वहीं रोहिणी साइंस क्लब का यह अभियान, युवाओं में डिजिटल माध्यम से प्रकृति से जुड़ने का एक नया अनुभव देगा, जो आज के युग के बच्चों की मांग है।

## श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम भंडारा कराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 159 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अरुण खेमका, मीरा खेमका एवं परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। खेमका परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था । प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में अजवायन कचौड़ी आलू कद्दू गोभी का सब्ज़ी आमरस खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है। भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के सदस्य रतन शर्मा एवं मंदिर के सहयोगी रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया।

### भारतीय वॉलीबॉल महासंघ का चुनाव हुआ संपन्न

## झारखंड वॉलीबाल संघ के कोषाध्यक्ष ने मेंबर पद पर दर्ज की जीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार भारतीय वॉलीबॉल महासंघ का बहुप्रतीक्षित और निष्पक्ष चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक चुनाव में झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज ने कार्यकारी समिति सदस्य पद पर विजयी होकर राज्य का गौरव बढ़ाया। यह चुनाव वॉलीबॉल खेल में पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की निगरानी में यह चुनाव शांतिपूर्वक और नियमों के अनुरूप संपन्न हुआ।



झारखंड वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष आरके आनन्द, सचिव शेखर बोस और कोषाध्यक्ष उत्तम राज ने चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। झारखंड की यह समिति राज्य में वॉलीबॉल के प्रचार-प्रसार और खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए वर्षों से कार्यरत है। उत्तम राज की जीत इस बात का प्रतीक है कि झारखंड अब राष्ट्रीय वॉलीबॉल राजनीति में एक मजबूत और निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है। चुनाव के परिणाम से राज्य के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर है।

उनके इस जीत पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के चेयरमैन सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष आरके आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील सहाय, सचिव, शेखर बोस,संरक्षक डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कार्यपालक उपाध्यक्ष- किरण थाम्पकिंसन, समन्वयक निशिकांत पाठक, प्रमोद कुमार, सुनील तिवारी, मो. शकील, भास्कर राअन्य सदस्यों ने भी इस जीत पर हर्ष व्यक्त किया।

## आर्राडीह को 2-1 से पराजित कर राज स्पोर्ट्स बुंडू बना लीग का चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित बहूचर्चित फुटबॉल लीग का फाइनल मैच शनिवार को राज स्पोर्ट्स बुंडू और आर्राडीह के बीच जी इ एल चर्च आमलेशा मौदान पर खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकावला मे राज स्पोर्ट्स ने आर्राडीह को 2-1 से पराजित किया। विजेता और उपविजेता दोनों टीमो को ट्राफी और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। सेमीफइनल मे हारने वाले रॉयल एफ सी और एन सी को भी ट्राफी और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट गोलकीपर राज स्पोर्ट्स के इंद्रजीत को, बेस्ट डिफेन्स एन सी के भीम मुंडा, बेस्ट मिडफील्डर राज स्पोर्ट्स के अंकित मुंडा, हाईस्ट गोल स्कोरर मुकेश महली, मैन ऑफ़ द मैच राज स्पोर्ट्स के रामेश्वर मुंडा, मैन ऑफ़ द टूर्नामेंट राज स्पोर्ट्स के अंकित मुंडा, और बेस्ट डीसीपीलिन टीम अड़की को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया दिया गया।

### डोमनडीह मैदान में 'राहे प्रीमियर लीग-2025' हुआ संपन्न

## बेहतर खिलाड़ियों का नियोजन में आरक्षण सुनिश्चित हो : देवेंद्रनाथ महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**राहे।** शनिवार को 'राहे प्रीमियर लीग-2025' संपन्न हुआ। यह खेल डोमनडीह मैदान में भव्य तरीके से आयोजित किया गया था। यह प्रीमियर लीग खेल पिछले 12 दिनों से चल रहा था। इसमें कुल 09 क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने अपना भागीदारी लिया और प्रदर्शन दिखाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिल्ली विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी जयराम महली ने 'रॉयल चैलेंजर्स' टीम को 15 हजार नगद राशि एवं कप के साथ प्रथम विजेता से सम्मानित किया। वही द्वितीय पुरस्कार 'रियल टाइगर' एवं 'ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल' को 10 हजार नगद राशि एवं कप के साथ सम्मानित किया गया। देवेंद्रनाथ महतो ने इस क्रिकेट प्रीमियर लीग का 'मैन ऑफ द मैच' एवं 'मैन ऑफ द सीरीज' रोहित चंदन को पुरस्कृत करते हुए कहा कि सरकार का खेल और खिलाड़ियों के प्रति उदासीन रवैया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित करते हुए राज्य सरकार नियोजन में समुचित आरक्षण देना चाहिए। बताते चलें कि डोकाद, नवाडीह,लोवाहातु,राहे, संताकी, अंबाझरिया,बसंतपुर,बंसिया और होटलों आदि आस-पास क्षेत्रों के खेल प्रेमियों की भीड़ देखने को मिली। आज शनिवार को इस फाइनल पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय राहे थाना प्रभारी जशवंत सींह,महावीर साहु आदि खेल कमेटी मोजुद रहे।

## तरबूज उत्पादक किसानों की मददगार बनी एफपीसी

**खूंटी।** तरबूज उत्पादन के हब के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले खूंटी जिले में इस बार भी तरबूज का बंपर उत्पादन हुआ है। इसके बावजूद किसानों को उनके उत्पादों को बाजार नहीं मिल रहा है। ऐसे समय में सिजेंटा फांडेशन इंडिया नामक संस्था तरबूज किसानों की मददगार बन कर समाने आई है। संस्था की ओर से संचालित एफपीसी ने अब तक खूंटी छोटानागपुर कृषि उद्यमी फार्मर प्रौड्यूर कंपनी लिमिटेड के माध्यम से लगभग दो सौ किसानों के तीन सौ टन तरबूज की मार्केटिंग की है। एफपीसी के प्रयास से ही बिहार और बंगाल सहित अन्य जगहों के लोग भी खूंटी के रसीले तरबूजों का आनंद ले रहे हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने पदयात्रा कर दुकानदारों और व्यापारियों से किया संवाद

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** एचडीएफसी बैंक ने झारखंड और बिहार क्षेत्र में पदयात्रा 2.0 का सफल शुभारंभ किया। इस पदयात्रा का उद्देश्य क्षेत्र के दुकानदारों, एमएसएमई, व्यापारियों और थोक विक्रेताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनके साथ मजबूत संबंध बनाना रहा। यह अभिनव कार्यक्रम शाखा टीमों द्वारा मार्केटिंग और डेटा एनालिटिक्स टीमों के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड अंचल प्रमुख नितेश नारायण चौधरी ने किया, जिसमें सभी शाखा प्रबंधक और उनकी टीमें उपस्थित रहीं। यह एक क्रॉस-डिपार्टमेंटल प्रयास रहा, जिसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता ने इस पहल को और भी प्रभावशाली बनाया। कुमार अभिषेक, क्षेत्रीय प्रमुख बिहार एवं झारखंड ने इस नवोन्मेषी पहल के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पदयात्रा 2.0 केवल एक आउटरीच कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह जमीनी स्तर पर सशक्त संवाद और स्थायी संबंध निर्माण की दिशा में एक सार्थक कदम है। पदयात्रा 2.0 स्थानीय समुदाय से जुड़ाव और ग्राहकों को केंद्र में रखकर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है, जो आने वाले समय में ऐसी और पहलों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## खलारी में तीन महीने से बंद है जलापूर्ति तकनीकी खराबी बनी मुसीबत

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** खलारी प्रखंड के बुकबुका जलापूर्ति योजना से जुड़े पांच पंचायतों के हजारों लोगों को बीते तीन महीनों से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2017 में शुरू हुई इस बहुप्रतीक्षित योजना में बार-बार आ रही तकनीकी खामियों के चलते अब यह योजना खुद ही संकट में घिरती नजर आ रही है। गर्मी के मौसम में हर साल सपही नदी में जलस्तर घटने से जलापूर्ति प्रभावित होती थी, लेकिन इस बार नदी में पर्याप्त जल उपलब्ध होने के बावजूद तकनीकी गड़बड़ी ने आपूर्ति पर ब्रेक लगा दिया है। स्थिति यह है कि मई-जून की भीषण गर्मी में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, लेकिन समाधान की कोई ठोस राह अब तक नहीं निकल सकी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय उदासीनता के कारण जल संकट दिन-ब-दिन गंभीर होता जा रहा है। लोगों को पीने का पानी जुटाने के लिए दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है। स्थिति का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जनाक्रोश फूटने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

शनिवार को करंजतोरा स्थित संप हाउस में पंप की मरम्मत के बाद फिटिंग की गई, लेकिन प्रयास विफल रहा। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार, पंप के शाफ्ट में अब भी गड़बड़ी है, जिसे सुधारने के बाद दोबारा फिटिंग की जाएगी।

## घर की मरम्मत के लिए विधायक ने भेजी राहत सामग्री

**खलारी।** बीते दिनों आई तेज आंधी में गुलजारबाग स्थित पीपल धौड़ा में क्षतिग्रस्त हुए घर की मरम्मती के लिए स्थानीय विधायक सुरेश कुमार बैठा ने मानवीय पहल दिखाते हुए राहत सामग्री उपलब्ध कराई है। शुक्रवार को विधायक द्वारा गठित प्रतिनिधिमंडल ने गुलजारबाग पहुंचकर पीड़ित सुनील मुंडा को मरम्मत सामग्री सौंपी। प्रतिनिधिमंडल ने आंधी में घायल हुई लक्ष्मी कुमारी से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधियों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव पीड़ितों के साथ खड़ी रहती है और विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल इलाकों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

## दिघिया पल्ली में युवा जागृति सम्मेलन में युवाओं का दिखा उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया आरसी चर्च परिसर में शनिवार को एकदिवसीय युवा जागृति सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस वर्ष का थीम था "युवक, मैं तुमसे कहता हुं उठो" और कार्यशाला का विषय था " हे युवक तुम रोते क्यों हो"। सम्मेलन की शुरुआत युवा निदेशक फादर सुमित खलखो द्वारा मिस्सा अनुष्ठान



से की गई। अपने प्रेरणादायक संदेश में उन्होंने युवाओं से येसु (समाज) और कलीसिया से जुड़े रहने तथा पवित्र आत्मा की छाया में जीवन बिताने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं को मार्गदर्शन दिया। वही वक्ता ईसा अरुणिमा मिंज ने युवाओं को उनके भविष्य की दिशा चुनने में सहायता दी। वहीं अविनाश बाड़ा ने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार युवा डिजिटल दुनिया का सकारात्मक उपयोग कर अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

## ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो/मांडर।** क्षेत्र में बकरीद का त्योहार शनिवार को श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबी ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा किए और राज्य और मुल्क के अमन चैन की दुआएं मांगी गई। ज्ञात हो कि इस्लाम में मान्यता है कि हजरत इब्राहिम की अल्लाह के प्रति अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी की याद में बकरीद मनाई जाती है। बताया जाता है कि हजरत इब्राहिम अल्लाह में सबसे ज्यादा विश्वास रखते थे।अल्लाह के प्रति अपने विश्वास को बताने के लिए



ही उन्होंने अपने बेटे की बलि देने को तैयार थे। हजरत इब्राहिम की याद में बकरीद का पर्व मनाया जाता है।

## सुगदा गांव में नवनिर्मित शनिदेव मंदिर बना आकर्षण का केंद्र

● साढ़े आठ लाख रुपए की लागत से विजय कुमार सिंह ने मंदिर बनाकर अपनी भक्ति की शक्ति दिखाई

**नवीन मेल संवाददाता**




**बेड़ो।** बेड़ो से सटे इटकी प्रखंड के घने साल के जंगलों के बीच सुगदा गांव में विजय कुमार सिंह के द्वारा निर्मित जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बना इकलौता शनि देव का खूबसूरत मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। श्रद्धालु कहते हैं कि यहां शनि देव की मंदिर में पूजा करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मंदिर निर्माता विजय कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें स्वप्न में शनिदेव महाराज का आज्ञा प्राप्त हुआ कि उनके मंदिर की स्थापना करनी है। मंदिर निर्माण होते ही स्वयं कौए पर सवार होकर शनि देव महाराज मंदिर में प्रवेश किए और वहीं से विलुप्त भी हो गए। ऐसा जानने और सुनने के बाद लोगों में आस्था और विश्वास की लहर सी उमड़ पड़ी। विजय कुमार सिंह ने बताया कि यह सब अलौकिक एवं दैवीय प्रकिया थी। सुनहरे रंग के कौए में विराजमान शनिदेव महाराज का स्वयं मंदिर में स्थापित होना किसी मनचाहा वर से कम नहीं था। इस घटना की चर्चा जंगल में आग की तरह चारो ओर फैल गई।

अपनी त्याग और तपस्या के बल पर विजय कुमार सिंह ने न सिर्फ अपना सपना पूरा किया बल्कि गांव में जमीन और अपनी जेवर बेचकर साढ़े आठ लाख रुपए की लागत से शनिदेव मंदिर की स्थापना की। जिसे देखने और पूजा अर्चना करने दूर-दूर से लोग पहुंचना शुरू कर दिए हैं। श्रद्धालु बताते हैं कि उनकी मनोकामना पूरी हो रही है। नए वाहन मालिक अपने-अपने वाहनों की पूजा कर शनिदेव महाराज के मंदिर में अपनी मनोकामना पूरी करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शनिदेव की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच की गई थी। विद्वान आचार्य बेडो. निवासी सोनू पण्डा के नेतृत्व में मुख्य यजमान मंदिर निर्माता विजय नाथ सिंह और उनकी धर्म पत्नी सविता देवी और अजय नाथ सिंह पत्नी मुन्नी देवी के द्वारा वेदी प्रतिष्ठा, वेदी पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवाश , फलाधिवास सहित कई अन्य पूजन व अनुष्ठान संम्पन्न कराया गया था। जिसके पश्चात वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ नव निर्मित भव्य शनि देव मंदिर के साथ भगवान शनिदेव की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ की गई थी। जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों के सैकड़ों महिलएं खंम्भा महादानी स्थल स्थित नदी पहुंचे थे और पूरे विधि-विधान के साथ मंदिर की स्थापना की गई थी। मंदिर निर्माता समाजसेवी सुगदा निवासी विजय नाथ सिंह ने अपनी निजी भूमि करीब 30 डीसमील पर शनिदेव मंदिर के लिए दान कर दिया। लगभग साढ़े आठ लाख रूपए लगाकर विजय कुमार सिंह ने इस शनि देव मंदिर का स्थापना कराया। उन्होंने कहा कि यह शनिदेव मंदिर इटकी, बेड़ो और लापुंग प्रखण्ड क्षेत्र का एकलौता मंदिर है। मंदिर के निर्माण में आचार्य सोनू पंण्डा के अलावे उपाचार्य अरविंद पांडे और गोलक शर्मा के साथ साथ नागेश्वर सिंह, शिवध्यान सिंह, तेजप्रताप सिंह, शिवशंकर सिंह , धर्मनाथ सिंह ,महिपाल सिंह , दीपक सिंह, श्याम सुन्दर ठाकुर सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संगी भुईहरी महोत्सव 2025 का आयोजन

● ढोल नगाड़ा बाजा के साथ ग्रामीण बारीडीह गांव पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड का अति प्राचीन संगी गांव परम्परा के तहत बारीडीह और सेमरा गांव के बीच 12 वर्षों में आयोजित होने वाले संगी भुईहरी महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इसके तहत बारीडीह गांव का संगी गांव सेमरा गांव के सभी ग्रामीण ढोल नगाड़ा बाजा के साथ पैदल बारीडीह गांव पहुंचे। अद्भुत परम्परा एवं संस्कृति के अनुसार शोभायात्रा की शक्ल में गांव के सभी आदिवासी और मूलवासी ग्रामीण बगैर भेदभाव के नाचते गाते, आतिशबाजी करते ढोल नगाड़ा के साथ सेमरा से केशा मोड़, होते हुए रांची गुमला मुख्य मार्ग में करमचंद भगत महाविद्यालय, तेतरटोली, देवी मंडप चौक, बाजार टांड़, जिला परिषद मार्केट, महावीर चौक बेड़ों से गुमला रोड होते हुए सात किलोमीटर दूर बारीडीह गांव पहुंचे। इसके पूर्व बेडो. में बारीडीह के ग्रामीणों ने संगी गांव के सभी ग्रामीणों का भव्य स्वागत किया। सभी सेमरा गांव के संगी ग्रामीण बारीडीह गांव में रूके। यहां ग्रामीणों का भव्य स्वागत किया गया। फूल माला पहनाकर परीछन कर गांव में प्रवेश कराया गया। सेमरा गांव के ग्रामीण बारीडीह में रात्रि विश्राम किया। पारंपरिक रूप से सेमरा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों को रात्रि का भोजन कराया गया। रविवार को सुबह में नाश्ता करवा कर पूरे सम्मान के साथ सेमरा संगी गांव के ग्रामीणों को विदा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बारीडीह के गांव के सभी ग्रामीण संगी भुईहरी परम्परा का निर्वहन करते हुए पिछले 20 मई को सेमरा गांव पहुंचे थे। दोनों गांव के ग्रामीणों का आत्मिक मिलन एवं एक दूसरे का सम्मान आज के आधुनिक युग में बहुत ही महत्वपूर्ण परंपरा है जो गांव में आज भी अक्षुण्ण है। उल्लेखनीय है कि दोनों गांव के ग्रामीण गांव वालों के बीच भाईचारगी, सहिष्णुता एवं दोस्ती की बेमिसाल उदाहरण प्रस्तुत किया है। ढोल नगाड़े, शहनाई और मांदर की थाप पर झूमते नाचते दोनों संगी गांव के लोगों ने मित्रता का संकल्प लिया।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई बकरीद अमन और भाईचारे की दिखी मिसाल

- कुर्बानी इंसान के अंदर छिपी बुराई, भेदभाव व आंतरिक क्लेश के परित्याग का है प्रतीक : अल्पसंख्यक समाज



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** अपने अंदर छिपे बुराई, क्लेश और भेदभाव की भावना को त्यागने के संकल्प के साथ प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. इस अवसर पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद था. एसडीओ जोहान टुडू व एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल व्यवस्था की कमान संभाले थे. ईदगाहों, मस्जिदों व प्रमुख चौक चौराहों पर सशस्त्र बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए थे. पुलिस इंस्पेक्टर आभास कुमार क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति की जायजा लेते दिखे। बरही के दरगाह मुहल्ला स्थित ईदगाह सहित जामा मस्जिद, अक्सा मस्जिद, मक्का मस्जिद आदि मस्जिदों में ईद उल अजहा की खास नमाज़ अदा किया गया. नमाजियों ने वतन की खुशहाली व अमन चैन की दुआए मांगी और एक दूसरे को गले लगा बकरीद का मुबारकबाद दिया. ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुशर्फुल कादरी, जामा मस्जिद बरही में मौलाना इमरान, मदीना मस्जिद में इमाम हाफीज कलीम उद्दीन रिजवी, मक्का मस्जिद में इमाम हाफिज कयूम, और अक्सा मस्जिद में इमाम मौलाना रिज़वान कादरी नमाज अदा करवाया. साथ हीं अल्लाह पाक के रजा के लिए सुन्नते इब्राहिम में कुर्बानी पेश किया. मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि बकरे की कुर्बानी इंसान के अंदर छिपे बुराई, भेदभाव व आंतरिक क्लेश के परित्याग का प्रतीक है. इस अवसर पर जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, होमियो पैथी चिकित्सक डॉ मुख्तार अली हैदर, 20 सूत्री अध्यक्ष इक़बाल रजा, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, उनके प्रतिनिधि मो असलम ऊर्फ टिंकू, कोनरा भाग-1 पंसस मो यूसुफ, भाग-2 प्रतिनिधि मो सगीर, मोमिन कॉन्फ्रेंस के बरही अध्यक्ष रिज़वान अली, जामा मस्जिद के सदर मोहम्मद कलीम, जामा मस्जिद के सचिव मो कयूम, मक्का मस्जिद के सदर जियाउद्दीन अंसारी, मदीना मस्जिद के सदर नाजिर हुसैन, आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

## डुमरिया डीह में शांति व सौहार्द के साथ मनाई गई बकरीद



**बरही।** डपोक पंचायत के डुमरिया डीह में बकरीद का त्योहार शांति और सद्भाव के साथ मनाया गया. बकरीद के नमाज के बाद नमाजियों ने एक दूसरे से गले लगाए और बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी. अपलसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष कयूम अंसारी क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से गले मिले और बकरीद का मुबारक दिया. इस दौरान बैजलाडीह, भंडारों, जवाड़, बरसोत, धनवार, करियातपुर आदि क्षेत्रों में उनका स्वागत किया गया. उन्होंने भी लोगो से गले मिलते हुए बकरीद की शुभकामनाएं व बधाई दी. मो अंसारी ने बताया कि बकरीद सिर्फ एक रस्म या त्यौहार नहीं बल्कि इंसान को खुदा की राह में हर चीज कुर्बान करने का संदेश देता है. कुर्बानी इंसान के गलत नीयत, घमंड, लालच और नफरत की कुर्बानी का प्रतीक है. यही इस पर्व का मुख्य उद्देश्य है. इस दौरान उनके साथ मो अब्बास, मो मंसूर आलम, मो इम्तियाज, मो सबीर अंसारी, गुलाम अजहर, डॉ खलील, अयूब अंसारी, आजाद अली, अकबर मियां आदि भी साथ थे।

**जिले में सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर डीसी की विशेष पहल**

# रामगढ़ में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान

- उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को सम्पूर्ण जिलान्तर्गत अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त करने का दिया निर्देश



- जिले के सभी क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के निरीक्षण उपरांत क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर चलेगा अभियान: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज को जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से सरकारी भूमि (गैरमजरूआ भूमि, तालाब, नदी एवं अन्य प्रकार के सरकारी सम्पत्तियों सहित) का अतिक्रमण करने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को अभियान चलाकर संबंधित क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया है।

उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश में कहा गया है कि कुछ आसामाजिक तत्वों / व्यक्तियों एवं अन्य द्वारा भी अनाधिकृत रूप से कब्जा करने की बात भी प्रकाश में आयी है। अवैध रूप से अतिक्रमण किये जाने के कारण सरकारी सम्पत्तियों का नुकसान होने के साथ-साथ विवाद भी बढ़ता है। उक्त के विरूद्ध अभियान चलाकर पूरे जिले में उपरोक्त सभी प्रकार के गैरमजरूआ भूमि, तालाब, नदी एवं सभी प्रकार के किये गये अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कारगर कार्रवाई किया जाना अत्यावश्यक है।

उक्त के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि सम्पूर्ण जिले में किये गये अवैध अतिक्रमण/अवैध कब्जा के विरूद्ध वृहद पैमाने पर अभियान चलाकर सम्पूर्ण जिला को अतिक्रमण मुक्त करने संबंधित कारगर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त को भी अवगत कराएं ।

## अंचलाधिकारी के नेतृत्व में सब्जी विक्रेताओं को बाजार टांड़ किया गया शिफ्ट



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा मोड, बाजार टांड के पास आए दिन लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी क्रम में शुक्रवार शाम एक बस और ट्रक के आमने-सामने आ जाने से कई घंटे तक चौक जाम हो गया। इसके बाद इस खबर को विभिन्न मीडिया चैनल द्वारा प्रमुखता से दिखाया गया । जिसका असर हुआ कि शनिवार दोपहर को अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा, बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम उरांव अपने दलबल के साथ बरकट्ठा चौक पर पहुंचे और अतिक्रमण को हटाया।इस दौरान सब्जी विक्रेताओं को बाजार टांड में शिफ्ट किया गया। वहीं निर्देश दिया गया कि यदि अब कोई भी यहां पर चौक के पास दुकान लगाते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अत्यधिक जाम होने से राहगीरों को परेशानी होती थी इसलिए ऐसा किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### शिवलाल बैठा का मुंबई में निधन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेड़ोकला निवासी शिवलाल बैठा 48 वर्ष, पिता स्व० तेजो बैठा की मुम्बई में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक वहां रहकर व्यवसाय कर रहे थे। जहां उनकी अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गई। शिवलाल बैठा के पार्थिव शरीर को शनिवार को पैतृक निवास स्थान बेड़ो कला लाया गया और गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

### मंडा पूजा आज, तैयारी पूरी

**रामगढ़।** श्रीश्री मंडा पूजा आयोजन समिति कुरसे द्वारा कुरसे गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंडा पूजा का भव्य 8 और 9 जून को किया जायेगा । श्रीश्री मंडा पूजा आयोजन समिति कुरसे द्वारा आयोजित इस अनुष्ठान में अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आरम्भ हो गई है । कार्यक्रम की शुरुआत 25 मई (रविवार) को मंडा जागरण से हुई। इसके बाद 3 जून (मंगलवार) को शिव-पार्वती विवाह का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया गया । 7 जून (शनिवार) से लोटन सेवा की शुरुआत शाम साढ़े छह बजे से हुई , जो 8 जून (रविवार) को भी जारी रहेगी। इसी दिन रात्रि साढ़े नौ बजे से छऊ नृत्य सह मेला का शुभारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। 9 जून (सोमवार) को सुबह 5 बजे फुलखुंदी और फिर साढ़े सात बजे बनस गुथाई एवं बनस झुलाई जैसे पारंपरिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। मंडा पूजा की मुख्य विधि 10 जून (मंगलवार) को दोपहर 2 बजे लावा पूजा के रूप में संपन्न होगी। इसके बाद प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आस्था, परंपरा और लोक संस्कृति की समृद्ध झलक पेश करेगा, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालुओं शामिल होंगे।

### आध्यात्मिकता और सेवा से जुड़ा है चंद्र प्रकाश जैन का 60वां जन्मदिवस



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक, वरिष्ठ समाजसेवी एवं गौसेवा में समर्पित चंद्र प्रकाश जैन ने अपने जीवन के 60 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए अपने जन्मदिवस को आध्यात्मिक आशीर्वाद और धार्मिक सेवा के माध्यम से विशेष बनाया। इस पावन अवसर पर वे अपनी धर्मपत्नी लता जैन पांड्या के साथ उज्जैन नगरी पहुंचे, जहां वर्तमान में जैन संत परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज ससंघ विराजमान हैं। श्री जैन ने उज्जैन पहुंचकर मुनि श्री के श्रीचरणों में समर्पित भाव से वंदन किया और जन्मदिवस के शुभ अवसर पर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मुखिया नीता देवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**बरकट्ठा। रामगढ़।** सोसो कलां पंचायत की मुखिया नीता देवी 45 वर्ष का देहांत बीती रात को हेमतपुर स्थित उनके आवास में हो गया। उनके देहांत की खबर के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पीड़ित परिवार से मिलने के लिए रात भर लोगों का आना जाना लगा रहा। अपने मुखिया को एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखें।हेमतपुर आवास में अंतिम दर्शन के लिए शव को रखा गया था। बताया गया कि मुखिया नीता देवी करीब दस माह से गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। उनका इलाज सीएमसी वेलोर में चल रहा था। ठीक होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। लेकिन बीती रात को अचानक उनकी तबियत जायदा बिगड़ गई और उन्होंने घर में अंतिम सांस ली।वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है, मुखिया नीता देवी अपने पीछे एक पुत्री और एक पुत्र को छोड़कर चलीं गईं। सोसो कलां पंचायत की मुखिया नीता देवी का शव दोपहर को उनके आवास से निकली। जैसे ही शव घर से निकली। लोग जगह जगह सड़को में खड़ा होकर फूल बरसाए।हर कोई के आँखों में आंसू छलक रहा था। नीता देवी ने अपने सरल स्वभाव और कड़ी मेहनत से लोगों के दिलों में जगह बना ली थी।

**2022 में जीत कर बनी थी मुखिया :** नीता देवी वर्ष 2022 में सोसो कलां पंचायत से जीत का मुखिया बनी थीं। इसके बाद से ही उन्होंने इस पंचायत क्षेत्र को अपना परिवार माना था। हर व्यक्ति के सुख-दुख में वह सबसे पहले खड़ी रहती थीं। विषम परिस्थितियों में आकर चुनाव लड़ने के बाद जीत मिलने पर नीता ने सैकड़ो परिवारों से अपना गहरा

### विधुत तार के करंट से मचान में लगी आग हजारों का पुआल जलकर राख

**बरकट्ठा।** प्रखंड बरकट्ठा और बगोदर के सीमाने स्थित घरगुल्ली के बसवाटांड़ में एक हाईवा वाहन द्वारा सड़क पार होने के दौरान एलटी तार से वाहन का संपर्क हो गया और तार टूट गया।इस कारण बसवाटांड़ निवासी रामू मुर्मू के मचान में आग लग गई। मचान मे आग लगने से हजारों का पुआल जलकर राख हो गया। मौके पर भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा ने घटना स्थल का जायजा लिया तथा कहा रामू मुर्मू गरीब परिवार से है । इनका पूआल जल जाने से अब इनके मवेशी को खिलाने का कोई चारा नहीं रहा। इसलिए मैं सरकार से उचित मुआवजा की मॉग करता हूँ।

### आधे दर्जन से अधिक अभ्यार्थियों ने सहायक आचार्य परीक्षा में पाई सफलता



**बरकट्ठा।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का गणित और विज्ञान का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उर्वरा की धरती कहे जाने वाले बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन अभ्यार्थियों ने सफलता पाई है। सफल अभ्यर्थियों में राजीव प्रसाद( गुंजरा), बिरेंद्र प्रसाद (कलहाबाद),विनोद शर्मा (कपका),शंकर प्रसाद (झुरझुरी),देवर्थ प्रसाद (गयपहाडी), मुकेश प्रसाद (झुरझुरी) निवासी ने सफलता पाई है। विदित हो कि सभी सफल अभ्यार्थी विज्ञान विषय से चयनित हुए हैं। वहीं इन अभ्यर्थियों की सफलता के बाद क्षेत्र में खुशी का व्याप्त है ।वहीं लोग सफल अभ्यर्थियों को सोसल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## बरकट्ठा में भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बरकट्ठा रजा जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में सुबह 7.30 बजे इमाम अहमद रजा व अन्य ने बकरीद की नमाज अदा कराईं। नमाज़ में बरकट्ठा के अलावे आस पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए। मौके पर इमाम अहमद रजा एवं मौलवी मेराज खान ने क्षेत्र में अमन-चैन, लोगों की खुशहाली, मुसीबतों व परेशानियों से महफूज़ रखने के लिए दुआएं मांगी। नमाज़ के पश्चात लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दिया। पर्व को लेकर बरकट्ठा रजा जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों को फुलों और रंग बिरंगे लाइट से काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पर्व को लेकर विभिन्न स्थानों पर ईद उल अजहा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समुदाय के लोगों ने शामिल होकर भाई चारे का संदेश दिया। बरकट्ठा में बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल, अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा, थाना प्रभारी गौतम उरांव, एसआई रतन शर्मा समेत अन्य अधिकारियों ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से मिलकर बकरीद की शुभकामना दी ।

## दुनिया के सबसे ऊंचे पुल का उद्घाटन गौरव का क्षण : राजीव

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून को जम्मू कश्मीर में रियासी जिले में बने चिनाब ब्रिज का उदघायन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री तिरंगा लहराते नजर आए। यह बात शनिवार को भाजपा रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने कही। कहा कि प्रधानमंत्री का यह कदम चीन और पाकिस्तान के लिए एक कड़ा संदेश था, जो बार-बार भारत की सीमाओं और संप्रभुता को चुनौती देते का प्रयास करते हैं। कहा कि यह पुल चिनाब नदी पर बना है और इसे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल माना जाता है। इस ऐतिहासिक क्षण पर जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने कहा कि यह हम सभी देशवासियों के लिए एक गौरव का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और भारतीय रेलवे के समर्पित इंजीनियरों और कर्मचारियों ने यह असाधारण कार्य कर दिखाया।

**कश्मीर को रेल से जोड़ने की दिशा में बड़ी पहल**

ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सा है। चिनाब ब्रिज की ऊंचाई 359 मीटर (लगभग 1,178 फीट) है जो एफिल टावर से भी ऊंचा है। स्टील और कंक्रीट से बना यह पुल न केवल इंजीनियरिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से रेल मार्ग से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने चिनाब रेल ब्रिज का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य से जुड़े इंजीनियरों और श्रमिकों से बातचीत की। उन्होंने इस अभूतपूर्व इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट के तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली. चिनाब ब्रिज यह 1,315 मीटर लंबा पुल भूकंप और तेज हवाओं को सहने में सक्षम है। यह पुल उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल मार्ग का हिस्सा है और इसके चालू होने से जम्मू से कश्मीर घाटी तक की रेल कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आएगा।

## बरही में चोरी की दो घटनाएं, गोदाम से अनाज और घर से कीमती सामान गायब

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** करियातपुर निवासी रोहित केसरी पिता मुरारी प्रसाद केसरी ने अपने आढ़ती गोदाम से 30 बोरा अन्नाज की बोरी और अंशु राज पिता बबलू भगत ने अपने घर का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी होने की जानकारी देते हुए बरही थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है. घटना बीते 3 जून की बताई जाती है. प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री केसरी महुआ, गेहूं, मक्का आदि का व्यवसाई है. समान रखने के लिए न्यू लक्ष्मी मंदिर के पीछे एक कमरा गोदाम भाड़े पर ले रखा है. 3 जून की सुबह जब वह अपने गोदाम पर गया तो गोदाम का ताला टूटा था और गोदाम से लगभग 30 बोरा अन्नाज गायब था. वही श्री राज जो सपरिवार पटना में रहते हैं. 4 जून को जब वह घर आते तो मुख्य दरवाजा का ताला टूटा पाया. घर के अंदर के समान बिखरे थे. घर में रखे गहने जेवर और कीमती समान गायब थे. साथ ही गुल्लक तोड़कर जमा लगभग तीन हजार रुपए भी चोरी कर लिए गए थे.

इस संबंध में भुक्त भोगियों ने बरही थाना में आवेदन देकर उचित कारवाई की मांग किया है. जानकारी के अनुसार मामले के संबध में मामला दर्ज किया जा चुका है।

## महिला के गले से सोने की चैन छीनकर बाईक सवार फरार, एफआईआर दर्ज



**बरही।** पटना रोड स्थित नहर रोड से एक महिला के गले से सोने के चेन छीनने की घटना प्रकाश में आया है. घटना गुरुवार की संध्या साढ़े आठ बजे रात्रि की बताई जाती है. जानकारी के अनुसार पटना रोड स्थित नहर रोड निवासी गीता देवी पति उमेश राम 5 जून की रात्रि करीब साढ़े आठ बजे अपने घर के बाहर टहल रही थी. इसी दौरान एक ब्लू रंग के अपाची गाड़ी पर सवार दो युवक उसके आगे की ओर गया. कुछ हीं देर बाद वह वापस लौटा और मुहल्ले के शिव मंदिर के करीब टहलती महिला के गले से 10 ग्राम का सोने का चेन छीनकर फरार हो गया. महिला को बाईक का अंतिम चार 8225 दिखाई पड़ा. बाईक के जलती लाइट में दोनो युवकों का चेहरा महिला ने देखा है. महिला का दावा है कि अपराधियों के पुनः देखने से वह पहचान कर लेंगी. मामले के संबंध में 6 जून को बरही थाना में बीएनएस की धारा 304 के तरह कांड संख्या 204/25 दर्ज किया जा चुका है।

# समाजसेवी की अवैध हिरासत पर बवाल सांसद मनीष जायसवाल धरने पर बैठे

- सदर थाना के बाहर साढ़े चार घंटे तक धरने पर बैठे, सदर और बरही विधायक संग सैकड़ों समर्थक भी रहे मौजूद



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** बीते 04 जून की रात को हजारीबाग जिले के चलकुसा प्रखंड क्षेत्र स्थित ग्राम दिगवार से सव के लिए आई महिला से हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के गायनी ओटी में हुए गलत व्यवहार का मामला तुल पकड़ लिया। इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी हजारीबाग वासियों के संवेदना के विरुद्ध चिकित्सीय कुव्यवस्था के साथ खड़े हो गए है। उनका यह रवैया सरकारी चिकित्सकों के गायब रहने, मरीजों के साथ दुर्व्यवहार को समर्थन करता है जबकि दूसरी ओर से हजारीबाग की संवेदना और हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बिगड़ी व्यवस्था में सुधार को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल लगातार अड़े हुए हैं। इस मामले में शुक्रवार की रात को एक नया रूप देखने को मिला जिसमें बगैर मामले की जांच-पड़ताल कराए समाजसेवी अर्जुन साव को मध्य रात्रि पूछताछ करने के लिए सदर थाने के बुलाया गया और उन्हें अवैध तरीके से डिटेन कर लिया गया । बगैर किसी शिकायत के अर्जुन साव को हजारीबाग सदर थाना पुलिस ने जैसे ही हिरासत में लिया सांसद मनीष जायसवाल गंभीर हुए और शनिवार की सुबह 9:45 बजे सदर थाना पहुंच गए। यहां उन्होंने पहले थाना में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी और फिर थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह से अर्जुन साव की हिरासत में लेने का कारण और शिकायत पत्र या फिर लिखित रूप से कारण मांगा। जहां सदर थाना पुलिस किसी भी तरह का साक्ष्य नहीं प्रस्तुत कर पाई। अपनी मांग को लेकर सांसद मनीष जायसवाल पौने दस बजे से करीब सवा दो बजे तक यानी कुल मिलाकर करीब साढ़े चार घंटे तक सदर थाना के बाहर धरने पर बैठ गए। सांसद मनीष जायसवाल के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और फिर बाद में बरही विधायक मनोज यादव सहित सैकड़ों भाजपा नेता, कार्यक्रम और आम - आवाम यहां पहुंचकर तब तक बैठे रहें जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई। इस दौरान सदर एसडीपीओ अमित आनंद, सदर सीओ मयंक भूषण, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह सहित कई अन्य अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और सांसद मनीष जायसवाल को धरना समाप्त कर मामला शांत कराने को कहते रहें। अंत में वरीय अधिकारियों के सामने खुद सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने धरना स्थल पहुंचकर सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य लोगों से अपनी गलती स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से मांगी और भविष्य में ऐसा अनैतिक कार्य नहीं करने का भरोसा जताया।

# शासन के हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद भाजपा नेता की बिना शर्त हुई रिहाई

- अपराधियो की गिरफ्तारी में पुलिस की नही दिखती है जल्दबाजी : विधायक
- भाजपा नेता को बिना किसी एफआईआर, गिरफ्तारी नोटिस या पूर्व सूचना के हिरासत में लिया गया, जिसे अवैध बताया गया



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** बीते रात बरही के पश्चिमी के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता अर्जुन साव को सदर पुलिस के बुलावे पर अचानक सदर थाना पहुंचना पड़ा. जहां उन्हे पूरे रात और थाने में रखा गया. मामला हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में बरही अनुमंडल के बरकट्ठा प्रखंड की महिला से संबधित था. जो एक दिन पूर्व प्रसव करवाने के लिए रात्रि में मेडिकल कॉलेज पहुंची थी. जिसका मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक ने रक्त की कमी बताते हुए रिम्स रेफर कर दिया था. वहीं उस महिला का एक निजी अस्पताल ने सुरक्षित प्रसव करवाया. इस संबंध में आवाज उठाने वाले भाजपा नेता श्री साव के विरुद्ध मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक ने सदर पुलिस को शिकायत किया था. उसी शिकायत के आधार पर बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस अथवा एफआईआर के भाजपा नेता को पुलिस ने कैद किया था।

पुलिस के इस अवैध कारवाई का स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप कुमार व बरही विधायक मनोज कुमार यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व प्रबुद्धजन सदर थाना पहुंचकर विरोध किया. सांसद ने भाजपा नेता को आधी रात में पुछ ताछ के लिए थाना बुलाना, बुलाने के पूर्व दिए गए नोटिस या गिरफ्तारी से संबंधित कागजात की मांग किया. सांसद के किसी भी सवाल का जवाब नही देने वाले निरुत्तर पुलिस के सामने भाजपा नेतागण अपने समर्थक संग धरना पर बैठ गए और दोषी पुलिस कर्मियो व स्वास्थ्य कर्मियों पर कारवाई की मांग करने लगे. काफी देर चले इस हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद अंततोगत्वा पुलिस ने भाजपा नेता को रिहा किया. सांसद ने कहा कि राज्य सरकार का जुर्म और भ्रष्ट व्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज़ उठाने वाले समाजसेवियों की आवाज़ खामोश करने का यह एक साजिश है. जिसका वह सभी विरोध करते रहे हैं और करते रहेंगे. बरही विधायक ने कहा कि भ्रष्ट व्यवस्थाओं के खिलाफ भाजपा संवैधानिक तरीको से अपना लड़ाई जारी रखेगी. सदर विधायक ने कहा पुलिस का अपराधियो की गिरफ्तारी में जल्दीबाजी नही दिखती वही समाजसेवियों को बिना नोटिस ही डिटेन कर लेती है. सरकार के इस भ्रष्ट व तानाशाह व्यवस्था के लिए रिहा हुए भाजपा नेता श्री साव ने कहा कि यदि जुल्म के खिलाफ प्रतिकार करना जुर्म है, तो उन्हे यह जुर्म मंजूर है. वह आगे भी ऐसे जुर्म के खिलाफ संवैधानिक तरीको से आवाज उठाते रहेंगे।

# सिमडेगा में अकीदत से मना बकरीद का त्यौहार, मांगी गई अमन चैन की दुआएं





नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा में अकीदत के साथ मनाई गई बकरीद पर्व। शहर के ईदगाह में बकरीद की बकरीद की सामूहिक नवाज अदा की गई। जहां एसपी सिमडेगा मो अर्शी सहित बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की। बकरीद के नमाज के पूर्व मौलाना आसिफउल्ला ने नमाजियों से कहा कि बकरीद अपने प्रिय चीज को अल्लाह के रास्ते में कुर्बानी का संदेश देता है। उन्होने बताया हजरत इब्राहिम को अल्लाह का पैगम्बर माना जाता है जो की पैगम्बर मोहम्मद के पूर्वज थे। जो की समाज में भलाई के लिए कार्य करते हैं दीन दुखियों की मदद करते थे और जीवनभर इन्ही कामों में जुटे रहें। लेकिन 90 साल की उम्र तक उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन अल्लाह की रहमत से उन्हें एक चाँद सा बेटा प्राप्त हुआ था जिसका नाम उन्होंने इस्माइल रखा था। लेकिन एक दिन हजरत इब्राहिम को हुक्म मिला कि खुदा के लिए उन्हें अपनी प्रिय वस्तु की कुर्बानी देनी होगी। उन्हें सपना आया की उन्हें सबसे अधिक प्रिय वस्तु को कुर्बान करना है। हजरत इब्राहिम ने अपनी पत्नी को अपने बेटे इस्माइल को नहला के तैयार करने को कहा और इस्माइल को लेकर वे उनकी कुर्बानी देने के लिए निकल पड़े। बेटे की गर्दन पर तलवार चलाने से पहले उन्होंने अपनी आँखों में काली पट्टी बाँध ली और फिर तलवार चला दी,आँखों से पट्टी हटाई तो सामने बकरे की कुर्बानी हो चुकी थी और इस्माइल को खेलते हुए पाया। उसी दिन के बाद से हर साल हजरत इब्राहिम की याद में यह दिन मनाया जाता है और यहीं से बकरे की कुर्बानी देने का महत्व बढ़ गया था। मौलाना ने कहा कि कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा जाता है,जिसमें एक हिस्सा गरीब या जरुरतमंदो, दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों को भेजा जाता है तथा तीसरा हिस्सा घर पर पकाया जाता है। बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह जगह मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे। इसके साथ नमाज के दौरान शहर में एनएच 143 में भारी वाहनों का प्रवेश भी बंद रखा गया। नमाज अदा करने के बाद एसपी सिमडेगा मो अर्शी ने लोगों से बकरीद पर अपने बुराइयों की कुर्बानी देकर एक अच्छे समाज का निर्माण करने का संदेश दिया।

## कुरडेग में अकीदत के साथ मनाई गई बकरीद



**कुरडेग।** प्रखंड में बकरीद का पर्व शनिवार को धूमधाम एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया गया कुरडेग जामा मस्जिद और रजा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे बकरीद की नमाज अदा की गई नमाज के बाद देश में अमन चैन , सुख शांति और समृद्धि की दुआ मांगी गई ,वहीं लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी।जामा मस्जिद में ईमाम मौलाना हसनैन ने अपने संदेश में कहा कि बकरीद त्याग और बलिदान के लिए प्रेरित करने वाला त्योहार है उन्होंने कहा कि कुर्बानी से इंसान की अजमाइश होती है , कुर्बानी अल्लाह का ईबादत समझ कर दी जाए कुर्बानी को दिखावा बिल्कुल पसन्द नहीं है इसका बदला अल्लाह स्वयं देगा ।वहीं ईमाम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी पर्दे के पीछे दें व ध्यान रखें कि किसी की भावनाएं आहत न हो एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान दें बच्चों में त्योहार को लेकर उत्साह देखने को मिला त्योहार को लेकर बच्चों ने विशेष तैयारी कर रखा था । इधर प्रशासन पुरी तरह मुस्तैद रही । पुलिस अंचल निरिक्षक दिनेश प्रजापति एवं थाना प्रभारी संजीत कुमार जामा मस्जिद के समीप दल बल एवं मेडीकल टीम के साथ मौजूद रहे वहीं अंचल अधिकारी किरण डांग एवं एस आइ धनंजय कुमार क्षेत्र में गश्त करते देखे गये ।

## कोलेबिरा और बानो में अकीदत से मनाया गया बकरीद का पर्व

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा और बानो प्रखंडों में ईद-उल-अजहा का पर्व पूरे अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कोलेबिरा के जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद (अघरमा, बोंबोटोली, लसिया, सोखाटोली) और बानो के जामा, गौसिया व गिर्दा मस्जिद में हजारों की संख्या में नमाजी शामिल हुए।इस मौके पर मौलाना हसन रजा हसन, सदर मुमताज आलम, मौलाना कमरूल आफरीन, मिराज रब्बानी और अन्य इमामों ने ईदगाह में नमाज अदा कराई। नमाज से पूर्व मौलानाओं ने हजरत इब्राहिम और उनके बेटे इस्माइल की कुर्बानी की मिसाल सुनाई। बताया गया कि किस तरह अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहिम ने अपने सबसे प्रिय बेटे की कुर्बानी देने का निर्णय लिया था, लेकिन अल्लाह ने उस कुर्बानी को स्वीकार करते हुए इस्माइल की जगह एक बकरे की कुर्बानी कर दी।कोलेबिरा गौसिया मस्जिद के सदर मुमताज आलम और लसिया मस्जिद में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली ने नमाज के बाद अमन, चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी।मौलानाओं ने कहा कि बकरीद त्याग और बलिदान का त्योहार है। यह पर्व सिखाता है कि इंसान को अपनी सबसे प्यारी चीज को भी अल्लाह की राह में कुर्बान करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने अपील की कि कुर्बानी दिखावे के लिए नहीं बल्कि अल्लाह की इबादत के तौर पर होनी चाहिए। कुर्बानी का मांस तीन हिस्सों में बांटने, सफाई का ध्यान रखने और किसी की भावनाएं आहत न करने का भी संदेश दिया गया।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। बानो सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा, कोलेबिरा थाना प्रभारी सकलदेव सिंह, बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार, अंचलाधिकारी अनुप कच्छप और रवि भूषण प्रसाद समेत पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी शांति व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद रहे।

## विधायक ने बागरूपटा में की ग्रामसभा पुल व सड़क निर्माण का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड के कानारोवा बागरूपटा गांव में विधायक सुदीप गुड़िया ने ग्रामसभा के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने विधायक के समक्ष सड़क, पुल, पानी और बिजली जैसी बुनियादी समस्याओं को रखा।ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक सुदीप गुड़िया ने मौके पर ही बागरूपटा में प्रस्तावित पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव से बाहर जाने के लिए सड़क का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। इसके अलावा गांव में बिजली की भी घोर कमी है, जिससे स्कूली बच्चों को पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को सरकार के समक्ष प्राथमिकता के आधार पर रखा जाएगा और जल्द ही गांव को बिजली व सड़क की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे स्वयं मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्याएं उठाएंगे।इस मौके पर महिला मंडल की दीदियों और ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से विधायक का स्वागत किया। ग्रामीणों ने लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याएं पुल, सड़क, पानी, और बिजली की माँगें विधायक को सौंपी।सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि वे तोरपा विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा और जल आपूर्ति क्षेत्र में सुधार उनकी प्राथमिकता है।

## बोलबा में अवैध बालू उठाव पर कार्रवाई तीन ट्रैक्टर जब्त, महिलाओं ने किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के शंख नदी से अवैध रूप से बालू उठाव करते हुए प्रशासन ने तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई बालू के अवैध कारोबार पर रोक लगाने और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए की गई। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई है।जानकारी के अनुसार, बिना किसी वैध अनुज्ञा के नदी से बालू उठाने की सूचना पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में खलबली मच गई है।वहीं, दूसरी ओर इस कार्रवाई के विरोध में दर्जनों महिलाओं ने अंचल अधिकारी के आवासीय क्वार्टर का घेराव किया। महिलाओं ने प्रशासन को एक लिखित आवेदन सौंपते हुए मांग की कि पकड़े गए ट्रैक्टरों को छोड़ा जाए और अबुआ आवास तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य के लिए बालू उठाव की छूट दी जाए। महिलाओं का कहना था कि सरकारी योजनाओं के तहत आवास निर्माण के लिए बालू की आवश्यकता है और यदि उन्हें बालू नहीं मिलेगी तो निर्माण कार्य अधर में रह जाएगा।महिलाओं ने बताया कि वे किसी भी तरह के अवैध व्यापार में शामिल नहीं हैं बल्कि सिर्फ अपने घर के निर्माण के लिए बालू ले जा रही थीं। प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर जब्त किए जाने से उनके समक्ष आवास निर्माण में कठिनाई उत्पन्न हो गई है।अंचल अधिकारी ने महिलाओं की बातों को गंभीरता से सुनने का आश्वासन दिया है और कहा है कि सरकारी योजनाओं के तहत स्वीकृत निर्माण कार्य के लिए नियमानुसार बालू उपलब्ध कराने की दिशा में उचित कदम उठाए जाएंगे।

## आम चुनने जंगल गए व्यक्ति के ऊपर किया जंगली भालू ने हमला

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकबहार जंगल में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति जंगली भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रभु सहाय डूंगडुंग नामक व्यक्ति जंगल में आम चुनने गया था, तभी अचानक एक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू के नुकीले नाखूनों और दांतों से किए गए हमले में प्रभु सहाय के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायल व्यक्ति को भालू से बचाया। तत्पश्चात, परिजनों की मदद से उसे तुरंत सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। प्रारंभिक सहायता स्वरूप विभाग की ओर से 5000 की आर्थिक मदद तत्काल घायल को दी गई है। विभागीय अधिकारियों ने आगे और भी सहायता का भरोसा दिलाया है। साथ ही, वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जंगल में अकेले न जाएं और वन्य जीवों से सतर्क रहें।

## पोजेटिव संडे : सिमडेगा सदर अस्पताल में पेडियाट्रिक वार्ड शुरू, बच्चों के इलाज में मिलेगी बड़ी राहत

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिलेवासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। सिमडेगा सदर अस्पताल में अब बच्चों के इलाज के लिए पेडियाट्रिक वार्ड की विधिवत शुरुआत कर दी गई है। यह पहल न सिर्फ शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि इससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और भरोसे में भी इज़ाफा होगा।इस वार्ड की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के नेतृत्व में की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में दो शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर है जिसमे डॉ दुर्गा टुडू एवं डॉ भानु प्रताप साहू जिनकी देखरेख में इस वार्ड का संचालन प्रारंभ किया गया है। शुरूआत के साथ ही तीन बच्चों को इलाज हेतु भर्ती भी किया गया, जिससे इसकी उपयोगिता और आवश्यकता साफ जाहिर होती है। डॉ. पासवान ने बताया कि इस वार्ड में बच्चों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, विशेष उपकरण और बच्चों के अनुकूल वातावरण की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में इस सेवा को और अधिक उन्नत बनाया जाएगा ताकि दूर-दराज़ से आने वाले बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके। पेडियाट्रिक वार्ड की स्थापना से पहले, जिले के कई अभिभावकों को अपने बच्चों के इलाज के लिए रांची या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ही इलाज की सुविधा मिलने से आर्थिक बोझ भी कम होगा और समय पर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

## रामरेखा धाम विकास समिति की हुई आम बैठक,कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** रामरेखा धाम विकास समिति की आम बैठक रामरेखा धाम के सभागार में आयोजित की गई बैठक की शुरुआत ब्रह्मलीन बाबा 1008 रामानुज जयराम प्रपन्नाचार्य जी का पूजन एव रामधुन के साथ कि हुई। इस दौरान रामरेखा धाम के विकास से संबंधित चर्चा किया गया जहां पर धर्म संस्कृति बचाओ पर जोर रामरेखा धाम से संबंधित सेवा कार्यों के विस्तार पूर्वक चर्चा तथा इसके अलावा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ग्रामीणों के द्वारा धाम से संबंधित विकास पर सुझाव दिए गए।बैठक में अध्यक्ष परम् पूज्य श्री अखंड दास जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि रामरेखा धाम न केवल एक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारे धर्म, संस्कृति और मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज समाज में बढ़ती अव्यवस्था, पश्चिमी प्रभाव और नैतिक पतन के बीच यह आवश्यक हो गया है कि हम अपने बच्चों को बचपन से ही धार्मिक शिक्षा और अच्छे संस्कार दें।बाबा ने कहा कि समाज में एकरूपता लाना अत्यंत आवश्यक है। जात-पात, भेदभाव और आपसी वैमनस्य को समाप्त कर हम सभी को एकजुट होकर सेवा कार्य में लगना चाहिए। रामरेखा धाम की सेवा तभी सार्थक होगी जब हम अपने व्यवहार, सोच और कार्यों में सुधार लाएं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि हर घर में भजन-कीर्तन और सत्संग की परंपरा को पुनर्जीवित करें ताकि नई पीढ़ी अपने मूल से जुड़ी रह सके।बैठक में निर्णय लिया गया कि धाम की खेती बाड़ी पूर्व की तरह की जाएगी जिसके जिम्मेवारी दी गई, गौ सेवा कार्य के लिए जिम्मेदारी दी गई तथा पिथरा के मंदिर परिषर में विद्यालय चलाने के लिए रामरेखा धाम से निर्णय लिया गया जो शाखा समिति के देख रेख में चलेगी।वही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामरेखा धाम में रथ यात्रा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया।एव अंत मे सर्वसम्मति से कोचेडेगा में ब्रम्हलीन 1008 जयराम प्रपन्नाचार्य जी के पूर्व से बने श्री रामरेखा बाबा चौक पर स्मृति चिन्ह श्रमदान एव अंशदान से बनाने का निर्णय लिया गया।

## 9 जून को बीजेपी कार्यालय में उपलब्धियों से भरे 11 साल पर होगा कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

- कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू होंगे शामिल

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों की कार्य उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर बीजेपी जिला कार्यालय में 9 जून को दोपहर 2 बजे उपलब्धियों से भरे 11 साल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. बीजेपी के प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू का कार्यक्रम में आगमन होगा। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्षों की कार्य उपलब्धि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संयोजक एवं सह संयोजक बनाया गया है। जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव को संयोजक और राकेश रविकांत, सुजान मुंडा, हीरा राम को सह संयोजक बनाया गया है। कोलेबिरा मंडल के लिए संयोजक महेश कुमार सिंह और जलेश्वर विलहोर, चिन्तामणि कुमार को सह संयोजक बनाया गया है।जलडेगा मंडल के लिए संयोजक जगेश्वर बिंझिया और रामेश्वर सिंह, विरेन्द्र साहू को सह संयोजक बनाया गया है।बोलबा मंडल के लिए संयोजक किशोर कुमार सिंह और रमेश दास, फाल्गुन नायक को सह संयोजक बनाया गया है. बांसजोर मंडल के लिए संयोजक तपेश्वर साहू और मुकुंद सिंह, निशा बड़ाईक को सह संयोजक बनाया गया है।कोनपाला मंडल के लिए संयोजक गोपाल महतो और हराचंद सिंह, आनंद साहू को सह संयोजक बनाया गया है। हुरदा मंडल के लिए संयोजक प्रमोद कुमार सिंह और हरिश कुमार सिंह, राजेश बड़ाईक को सह संयोजक बनाया गया है। ठेठईटांगर मंडल के लिए संयोजक वन्धु मांझी और श्रवण सेनापति, कुल्लू इंदवार को सह संयोजक बनाया गया है। बानो मंडल के लिए संयोजक विश्वनाथ बड़ाईक और भुनेश्वर सिंह, रामकिशोर सिंह को सह संयोजक बनाया गया है। 9 जून को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होगा।लेकिन इस तारीख के साथ एक और अहम पड़ाव भी जुड़ गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल. इन 11 सालों में सिर्फ सत्ता नहीं बदली बल्कि देश के विकास की परिभाषा और दिशा दोनों ही बदल गईं. इसी सफर को समर्पित एक खास पुस्तिका सामने आई है। विकसित भारत का अमृत काल: सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल".9 जून को बीजेपी जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक मंडल से मंडल अध्यक्ष, मंडल के संयोजक, सह संयोजक अनिवार्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# न्यूज बॉक्स

## 7 दिनों से बुजुर्ग व्यक्ति लापता थाना में कराया गया गुमसूदगी का मामला दर्ज



**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के सोय सेमरटोली निवासी विश्वनाथ लोहरा उम्र 74 वर्ष पिछले 7 दिनों से लापता है इस संबंध बानो थाना में परिजनों ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। परिजनों ने बताया कि विश्वनाथ लोहरा पिछले 07 दिन पूर्व घर से मेहमान जा रहे हैं बोलकर निकला था इसके बाद उसका कहीं पता नहीं चल पा रहा है थक हारकर परिजनों ने बानो थाना में विश्वनाथ लोहरा के गुमशुदगी से संबंधित मामला दर्ज कराते हुए प्रशासन से लापता व्यक्ति को खोजने की गुहार लगाई है। परिजनों ने अपील करते हुए कहा कि यदि किन्हीं सज्जन को पता चले तो बानो थाना या उनके परिवार वालों को सूचित करें इनके परिवार वालों का मोबाइल नंबर 7061367127 है।

## झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी का सिमडेगा आगमन आज

**सिमडेगा।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी,प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश स्तरीय कई नेता रविवार को सिमडेगा आएंगे। इस दौरान परिसदन में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पार्टी जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन ने बताया कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजु,झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,सिमडेगा जिला संगठन प्रभारी सह सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा,कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी,जिला पर्यवेक्षक रमा खलखो,जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष,जिला पर्यवेक्षक,प्रखण्ड अध्यक्ष,प्रखण्ड पर्यवेक्षक एवं मण्डल अध्यक्षों को उपस्थित होने को कहा गया है।

## तोरपा विधायक ने बन रहे स्टेडियम गैलरी और बाउंड्री वॉल का निरीक्षण



**बानो।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने बानो एस एस प्लस टू मैदान में बन रहे स्टेडियम गैलरी और बाउंड्री वॉल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विधायक ने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार करने का निर्देश दिया तथा मामले की जानकारी डीसी सिमडेगा को फोन के माध्यम से देते हुए स्टेडियम का निरीक्षण कर जांच करने की बात कही।मालूम हो कि स्टेडियम गैलरी निर्माण कार्य में कई जगह दरार पड़ गए हैं वहीं बाउंड्री वॉल में दरार आने से गिरने का खतरा बना हुआ है इससे लगभग 15 दिन पूर्व भी निरीक्षण किया था तथा अनियमितता पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की थी।उस वक्त भी मामले की जानकारी तत्कालीन डीसी को दी गई थी फिर पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है विधायक ने निरीक्षण के क्रम में कहा कि गैलरी स्टेडियम व बाउंड्री वॉल निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण काम नहीं किया जा रहा है सिर्फ लीपापोती हो रही है जो कतई बर्दाश्त नहीं है उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य अपने का निर्देश दिया उन्होंने कहा की गुणवत्ता से किसी प्रकार की समझौता नहीं की जाएगी।

## सिमडेगा में पत्नी पर जानलेवा हमला कर भागा आरोपी पति गिरफ्तार



**सिमडेगा।** बांसजोर ओपी क्षेत्र के पहाड़ टोली में अपनी दूसरी पत्नी को जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाला पति पुलिस के हत्थे चढ़ा।एसपी सिमडेगा मो अर्शी ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि बांसजोर ओपी क्षेत्र के पहाड़ टोली निवासी ईरकन बागे पहले से शादीशुदा था और वह बीरमित्रपुर निवासी मीरा तिर्की को दूसरी पत्नी के रूप में अपने घर पर रखा था। जिसके कारण ईरकन के घर पर उसकी पहली पत्नी और उसके माता पिता उससे नाराज चल रहे थे। इस मामले को लेकर गांव में पंचायती भी हुई। जिसमें ईरकन पर दूसरी पत्नी को छोड़ने या पहली पत्नी को आधा कमाई देने का दबाव बनाया गया। जिससे परेशान होकर ईरकन ने अपनी दूसरी पत्नी मीरा को धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर घायल कर दिया, और उसे मरा हुआ समझ कर गांव की सड़क किनारे फेंक दिया। बुधवार की सुबह कुछ लोग मीरा तिर्की को खून से लथपथ सड़क पर पड़ा देखे तब उन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए घायल महिला मीरा को अस्पताल पहुंचाया। इधर घायल अवस्था में मीरा के मिलने के बाद प्रथम दृष्टया पूरा मामला पंचायत के फैसले से जोड़ कर देखा जाने लगा। जिस कारण मामला सुर्खियों पर आ गया। जिसके बाद पुलिस रेस हुई और पूरे मामले की छानबीन करते हुए आरोपी पति ईरकन को गिरफ्तार किया।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव थाना प्रभारी मिर्जा उरांव उपस्थित थे।

## रौतिया समाज की हुई बैठक संगठन मजबूती पर किया गया चर्चा

**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया सामाज की सामाजिक बैठक बानो प्रखंड क्षेत्र के बड्काडुईल पंचायत के लामगढ़ और तारोप में की गयी।जिसमें सामाजिक संगठन पर मजबूत बनाने पर विचार की गई।गांव की सामाजिक समस्याओं पर सामाजिक स्तर पर समाधान करने पर विचार की गई।गांव में शिक्षा,रोजगार,नशा पान ,समाज की खतियानी जमीन की रक्षा करने पर विचार कर युवाओं को हर स्तर पर आगे आने के लिए युवाओं समिति बनाने पर विचार की गई।इस अवसर पर रवि सिंह,श्याम किशोर सिंह,बालकिशोर सिंह,श्याम सुंदर सिंह,महावीर सिंह,छोटे सिंह,मेघनाथ सिंह,सनमैत देवी,जमुनी देवी,विलासों देवी,इंदो देवी,राधिका देवी के अलावा समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## कुम्हार समाज की बैठक संपन्न, 6 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला कुम्हार समाज की एक अहम बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष भरोसा महतो की अध्यक्षता में सिमडेगा बाजारटांड़ में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 6 जुलाई 2025 (रविवार) को प्रस्तावित प्रतिभा सम्मान समारोह की रूपरेखा तय करना और उसकी तैयारियों पर चर्चा करना था।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समारोह में सिमडेगा जिले के सभी प्रखंडों से मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज का यह प्रयास विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।कार्यक्रम में राज्य स्तर के सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के शुभचिंतकों के शामिल होने की भी संभावना है। इससे समाज के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और कुम्हार समाज के सामूहिक विकास को नई दिशा मिलेगी।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कुम्हार समाज को शिक्षा, कला, ज्ञान-विज्ञान और स्वरोजगार की दिशा में लगातार अग्रसर होने की आवश्यकता है। समाज को संगठित कर युवाओं को मुख्यधारा में लाना आज की प्राथमिकता है।बैठक में प्रमुख रूप से समाज के सचिव सुबोध महतो, कोषाध्यक्ष संजय महतो, उपाध्यक्ष संगठन मंत्री रामकृष्ण महतो, खेल एवं शिक्षा मंत्री अशोक महतो, सुभाष महतो, सत्यनारायण महतो समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम की जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी कमल महतो ने दी।

## अच्छी बारिश के लिए ग्रामीणों ने की ग्राम देवता की पूजा



**चाईबासा।** किसान खेती के लिए अच्छी बारिश पर ही निर्भर करते हैं. बारिश अच्छी नहीं होने से खेतों में फसल की पैदावार भी अच्छी नहीं होती है.इसे लेकर ही पुरानी परंपरा के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर प्रखंड की डुमरिता गांव में ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की. ग्रामीणों ने गांव देवता से इस साल अच्छी बारिश व बेहतर फसल की पैदावार की कामना की। गांव के पाहन बिश्राम तोपनो लबोंदर सिंह ने बताया कि डुमिरता गांव में पिछले 50 वर्षों से गांव की सुख-समृद्धि एवं अच्छी बारिश के लिए किसान व अन्य ग्रमीण हर साल पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं. इस तरह की पूजा से वर्तमान पीढ़ी को भी सीखने का अवसर प्राप्त होता है. वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस पूजा में गांव के देवता की पूजा होती है, गांव में सुख-समृद्धि भी बनी रहे. पूजा में गांव के महिला-पुरुष शामिल हुए।

# डीसी ने किया जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

- स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, आम जनों में राहत

नवीन मेल संवाददाता



**जमुआ (गिरिडीह)।** उपायुक्त राम निवास यादव ने जिले मे पदभार ग्रहण करने के बाद से ही क्षेत्र भ्रमण के साथ ही विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करना प्रारंभ कर दिए हैं। इसी क्रम शनिवार को जमुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में साफ सफाई, रोस्टरवार चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति, जांच घर, ओपीडी, ऑपरेशन वार्ड, मेडिसिन वार्ड में दवाओं की उपलब्धता,इत्यादि का जायजा लिया. इस दौरान केंद्र में अनुपस्थित चिकित्सक/पदाधिकारी एवं कर्मियों को शो-कॉज कर कारण बताने का निर्देश दिया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा केंद्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित सदुपयोग कर लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। इस कार्य में यदि किसी कर्मी या पदाधिकारी द्वारा किसी प्रकार की अनियमितता बरती जाती है तो उनपर नियमसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा अस्पताल निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को देखना तथा किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, इसका प्रत्यक्ष अवलोकन करना था।जो भी कमियां परिलक्षित होती हैं उनमें सुधार करने का प्रयास करना है. स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नियमित निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा।उपायुक्त के औचक निरीक्षण से लेट लतीफ आने वाले कर्मियों में हड़कंप मची हुई है. दूसरी ओर आम जनों में जिले की सरकारी स्वास्थ्य सुविधा के बेहतर होने की एक उम्मीद जगी है। यहां साधनों का अभाव, चिकित्सकों की कमी या स्वास्थ्य कर्मियों की कमी मामला कुछ भी हो जमुआ में आम मरीजों को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलती है. यहां पहुंचने वाले अधिकतर मरीजों को प्राथमिक उपचार पश्चात् गिरिडीह रैफर कर दिया जाता है मौके पर खोरीमहुवा अनुमडल पदाधिकारी अमीनेष रंजन , जमुआ बीडीओ अमल जी, अंचलाधिकारी संजय पांडेय, सहित चिकित्सा प्रभारी कुलदीप तिर्की सहित पुलिस बल मौजुद थे।

## कायदा गांव में छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन सांसद जोबा मांझी ने किया कलाकारों को सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

- "छऊ नृत्य झारखंड की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है : सांसद

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के नलिता पंचायत अंतर्गत कायदा जुगीडीह गांव में शनिवार को छऊ नृत्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी शामिल हुईं। स्थानीय छऊ कलाकारों ने पारंपरिक शैलियों में शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सांसद जोबा मांझी ने सभी कलाकारों को प्रमाण-पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "छऊ नृत्य झारखंड की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह नृत्य न केवल राज्य स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी झारखंड की गौरवशाली परंपरा को उजागर करता है। इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में कायदा गांव के मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य रामलाल मुंडा, कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विजय सिंह सामाड, कमेटी सदस्य सोमाय सोय, सेवानिवृत्त शिक्षक विजय सिंह हांसदा, नरेश गागराई, सोमनाथ सामाड, लाल सिंह सामाड, मोहन सामाड, विजय केराई और संतोष मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक उपस्थित थे।

## ईदगाहों में अकीदत और भाईचारे के साथ हुई नमाज अदा

नवीन मेल संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर स्थित आमबगान ईदगाह मैदान, धाकडीह, आजाद नगर सहित अन्य ईदगाहों में शनिवार को ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। विभिन्न ईदगाहों में सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह की इबादत में हाथ उठाए और नमाज अदा की। जगह कम पड़ने पर लोगों ने सड़क को भी उपयोग में लाया। मौलानाओं ने अकीदत और भाईचारे के साथ नमाज अदा कराई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और समाज में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। ईदगाह परिसर में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी के चेहरे पर ईद की खुशियां झलक रही थीं। सभी ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं। ईद उल अजहा मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह हज़रत इब्राहिम (अलै.) की उस कुर्बानी की याद में मनाया जाता है, जब उन्होंने अल्लाह के आदेश पर अपने बेटे को कुर्बान करने का इरादा किया। इसी याद में मुस्लिम समुदाय कुर्बानी देते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं।


## शांतिपूर्ण तरीके मना ईद उल अजहा का पर्व

**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। शनिवार की सुबह प्रखंड के गावां, माल्डा और पिहरा जामा मस्जिद समेत अन्य ईदगाहों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। बाद में सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दूसरे को गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद दी। संवेदनशील इलाकों में नमाज अदा को लेकर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बीडीओ, थानेदार आदि ईदगाहों का भ्रमण कर पल-पल की जानकारी ले रहे थे।

## उपेक्षा का सवर्ण महासंघ ने राजनीतिक दलों को विरोध करने की दी चेतावनी

**पूर्वी सिंहभूम।** भारतीय लोकतंत्र में सवर्ण समाज को राजनीतिक और संवैधानिक रूप से दोयम दर्जे का नागरिक मानने पर सवर्ण महासंघ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.डी. त्रिपाठी ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति में सवर्ण समाज उपेक्षित रह गया है, इसलिए अब वह सवर्ण आयोग के गठन और राजनीतिक भागीदारी की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। डी.डी. त्रिपाठी ने शनिवार को जमशेदपुर स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में सवर्ण समाज को लोकतंत्र में समान राजनीतिक भागीदारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों को ओबीसी, एससी, एसटी, माइनॉरिटी के नाम पर आरक्षण और प्रतिनिधित्व दिया गया है, लेकिन सवर्ण समाज को सभी दलों ने अछूत बना दिया है। त्रिपाठी ने सरकारी आंकड़ों के हवाले से बताया कि 49 प्रतिशत सवर्ण बच्चे गरीबी के चलते पढ़ाई छोड़ देते हैं, 45 प्रतिशत के पास पक्का मकान नहीं है, और 36 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। उन्होंने कहा कि 65 सवर्ण रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं और 55 प्रतिशत के पास एक एकड़ से भी कम जमीन है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज के समक्ष राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अस्तित्व की चुनौती है। हम पार्टीगत सवर्ण मोर्चा और सवर्ण आयोग की मांग को लेकर संघर्ष करने को तैयार हैं। अगर सत्ता हमारी मांग नहीं मानेगी तो परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे।" त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि अगर राजनीतिक दल अपने संगठन में सवर्ण मोर्चा का गठन नहीं करेंगे तो उसका विरोध किया जाएगा।

## जंगली हाथी ने महिला को कुचलकर मार डाला



नवीन मेल संवाददाता

**सरायकेला।** जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जंगली हाथी ने शनिवार को एक महिला को पटक कर मार डाला। मृत महिला की पहचान अंडा गांव निवासी तेजू महतो की पत्नी कुंती महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कुंती महतो प्रतिदिन की भांति शनिवार को महुआ चुनने घर से निकली थी। महुआ पेड़ के नीचे फल चुनने के दौरान एक जंगली हाथी अचानक वहां आ धमका और सूंड़ से महिला को उठाकर पटक दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर हाथी को भगाया। ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल कुंती महतो को घर लाया, जहां उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर चांडिल वन क्षेत्र के वनकर्मी अंडा गांव पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वन विभाग की ओर से रेंजर की अनुपस्थिति में वनकर्मियों ने मृत महिला के परिजनों को अग्रिम मुआवजा के रूप में 50 हजार रुपये नकद दिया। ग्रामीणों ने वनकर्मियों से जंगली हाथियों से जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि इन दिनों नीमडीह प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ा हुआ है। शाम ढलते ही हाथी भोजन की तलाश में गांव में धावा बोल रहे हैं। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग हाथियों को नियंत्रित करने में विफल साबित हुआ है।

## ईचा डैम के विरोध में लामबंद हुए ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**सरायकेला।** राजनगर प्रखंड के हेरमा पंचायत अंतर्गत धोलाडीह गांव में ईचा-खरकई डैम निर्माण के खिलाफ कोल्हान ईचा-खरकई बांध विरोधी संघ की ओर से शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता धोलाडीह के ग्रामीण मुंडा सीदीऊ पड़ेया ने की। इसमें हाथीसेरेंग, यादूडीह और दीरिबाण्डी सहित कई गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। संघ के उपाध्यक्ष रेयांश सामड ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आरोप लगाते हुए कहा कि ईचा डैम के पुनर्निर्माण का फैसला सरकार ने केवल उद्योगपतियों के हितों को ध्यान में रखकर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि डैम से सबसे अधिक फायदा रुंगटा और टाटा जैसी कंपनियों को होगा और इन्हीं कंपनियों ने सरकार को आर्थिक लाभ पहुंचाया है। रेयांश सामड ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने संघर्ष यात्रा के दौरान सोसोहातु में कहा था कि सीने पर गोली खा लेंगे लेकिन डैम नहीं बनने देंगे। अब वे सत्ता में आकर आदिवासियों की ज़मीन और अस्तित्व पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अबुआ दिसुम अबुआ राज का नारा देने वाली सरकार अब बिहार के पंकज चौरसिया को मंझारी प्रखंड में गांव-गांव, घर-घर नंबर प्लेट लगाने का टेंडर दे रही है। क्या राज्य के आदिवासी और मूलवासी इतने अयोग्य हैं कि उन्हें यह जिम्मेदारी नहीं दी जा सकती थी। वरिष्ठ आंदोलनकारी मरकांडों बारी ने कहा कि शहीद गंगाराम कालुंडिया की तरह हमें एकजुट होकर फिर से आंदोलन खड़ा करना होगा। जब तक हमारे प्रतिनिधि हमारे वोट की ताकत नहीं समझेंगे, तब तक यह विनाशकारी परियोजना नहीं रुकेगी।

## चाईबासा स्टेशन पर पहुंची नई मेमू ट्रेन, पूर्व मंत्री ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता



**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा)शहरवासियों के लिए खुशी की खबर है। लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। शुक्रवार की देर रात बारह बजे चाईबासा रेलवे स्टेशन पर नई मेमू ट्रेन पहुंची, जिसे रेल मंत्रालय की ओर से चाईबासा को समर्पित किया गया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई स्वयं स्टेशन पहुंचे और ट्रेन चालकों का स्वागत किया। लेकिन लेट लतीफी पर नाराज़गी जताई। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची, इसके आगमन ने शहर में नए विकास की उम्मीद जगा दी है। मौके पर पूर्व मंत्री गागराई ने कहा, यह चाईबासा के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। हमारी पुरानी मांग को स्वीकार कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री ने यह सौगात दी है, इसके लिए हम उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं हमारी पार्टी लंबे समय तक रेल को लेकर के संघर्ष किया कोर्ट कचहरी भी हुई। उन्होंने बताया कि यह मेमू ट्रेन कोलकाता और दिल्ली के बीच चलने वाली प्रतिष्ठित स्टील एक्सप्रेस और पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के यात्रियों को जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। इससे आम लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि यदि राज्य में डबल इंजन की सरकार होती, तो रेल सेवा का और अधिक विस्तार संभव होता। उन्होंने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्र की योजनाओं का लाभ तब और प्रभावी ढंग से मिलता, जब राज्य सरकार भी उसी दिशा में कार्य करती। रेल सेवाओं की देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए गागराई ने कहा, पिछले दो-तीन वर्षों से देखा जा रहा है कि रेल समय पर नहीं चल पा रही है। उदाहरण के तौर पर, रात्रि जनशताब्दी एक्सप्रेस को इस समय तक हावड़ा पहुंच जाना चाहिए था, लेकिन वह अभी चाईबासा आ रही है, यानी लगभग 7–8 घंटे की देरी से चल रही है।

## नए ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के पहल पर सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत अंतर्गत बुढ़ाबेहरा (महतो टोला) गांव में नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, सचिव अनिल चन्द्र महतो एंव लोटा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रवींद्रनाथ मुंडा के उपस्थिति में मो.भादरी देवी के हाथों विधिवत पूजा पाठ एवं फीता काट कर संपन्न कराया गया।मौके पर झामुमो कार्यकर्ता केशव चंद्र महतो, रामपदो महतो,परीक्षित महतो, घनेश्याम महतो एवं गांव के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, अपराध की घटना को अंजाम देने की थी नीयत



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा गुप्त सूचना मिली कि बेंगाबाद थाना अन्तर्गत ग्राम बिलैया में एक युवक अपराध कारित करने के नियत से हथियार लेकर घुम रहा है। मामला की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, गिरिडीह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा ग्राम-विलैया अन्तर्गत मुखन महतो के घर के आस-पास खोजबीन करने पर एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में नीला रंग का सर्ट एवं नीला रंग का जीन्स पहने हुए देखा गया। जैसे ही छापामारी दल उक्त व्यक्ति की ओर बढ़ी तो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा तभी पुलिस बल एवं स्थानीय लोग के सहयोग से उक्त व्यक्ति को मुखन महतो के खुले आँगन में पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम चंदन कुमार वर्मा उम्र करीब 19वर्ष पिता अशोक प्रसाद वर्मा ग्राम जोरासाख थाना जमुआ जिला-गिरिडीह बताये। उक्त व्यक्ति के तलाशी के कम में उनके दाहिने कमर से एक लोहे एवं लकड़ी का निर्मित देशी कट्टा, जिसमें एक जिन्दा गोली लोड एवं जीस के बॉये पॉकेट से एक ओपो कम्पनी का मोवाईल फोन बरामद की गयी। जिसे विधिवत जप्त कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस ने नक्सली के खिलाफ इश्तेहार चिपकाया



नवीन मेल संवाददाता

**डुमरी।** निमियाघाट पुलिस ने शनिवार को नक्सली वीरसेन माँझी के खिलाफ न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार चिपकाया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि डुमरी के जरीडीह निवासी वीरसेन मांझी उर्फ चंचल उर्फ निर्भय निमियाघाट थाना के कांड संख्या 24/19, 111/19 और 69/21 का प्राथमिकी अभियुक्त है। इसके खिलाफ भादवि की विभिन्न धाराओं सहित 17 सीएलए एक्ट, 13 यूएपी एक्ट एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। आरोपी लंबे समय से फरार हैं। शनिवार को एसआई हरीश कुमार, एएसआई अविजित कुमार और पुलिस टीम ने अभियुक्त के गांव जरीडीह पहुंचकर उसके घर और सार्वजनिक स्थानों पर इश्तेहार चिपकाया।

## ईद उल अजहा पर मस्जिदों में नमाज अदा की गई



नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली -मुरी आसपास के क्षेत्रों में शनिवार के दिन ईद उल अजहा (बकरीद) के अवसर पर सभी ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी और नमाज का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया जहां लोग एकजुट होकर मुल्क की सलामती और अमन चैन की दुआएं मांगी। साथ ही गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद कहा। नमाज अदा के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि यह पर्व त्याग सेवा और समर्पण का प्रतीक है। कलुआडीह निवासी मोहम्मद फारूक ने बताया कि बकरीद केवल एक पर्व नहीं बल्कि ईमान और अल्लाह के प्रति समर्पण का प्रतीक है। बकरीद के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन गश्ती करते नजर आए और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# बकरीद पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज पढ़ मांगी अमन-चैन की दुआ

नवीन मेल संवाददाता



**गांडेय(गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्थित ईदगाहों व मस्जिदों में शनिवार को ईद-उल-अजहा की नमाज पूरी अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई। इस दौरान डोंकीडीह ,गिरनिया, परमाडीह, गांडेय, फुलजोरी, बदगुंडा, बाकीकला, जामजोरी, बड़कीटांड़, गजकुंडा महजोरी ,गाँव स्थित ईदगाह में नमाजियों ने सुबह बारगाह में दो रकात वाजिब नमाज पढ़ी व सामूहिक रूप से मुल्क की तरक्की, अमन-चैन व मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए दुआ की। सुबह 6 बजे से ही मस्जिदों वा ईदगाहों पर मेले जैसे माहौल के बीच बच्चों का अपना अलग उत्साह देखा जा रहा था। तय समय के पहले ही नमाजियों का रेला मस्जिदों वा ईदगाहों में पहुंचना शुरू हो गया था। नमाज के पूर्व अपने तकरीर के दौरान हाफिज नजरुल हक ने बकरीद के त्योहार और नमाज की फजीलत बयां की साथ ही नात शरीफ़ पेश किया।

दो रकात वाजिब नमाज के पश्चात नमाजियों द्वारा मुफ़्ती मो. जमरुद्दीन कासमी के पीछे दोनों हाथों को उठाकर अल्लाह के बरगाह में सामूहिक तौर पर अपनी गुनाहों की माफ़ी के लिए,मुल्क और कौम की तरक्की के साथ मुल्क में अमन-चैन और शांति की दुआएं मांगी गई. वहीं खुतबा के बाद एक-दूजे को गले लगाकर सलाम- कलाम व एक दूसरे को बकरीद की मुबारबाद पेश किया. फिर लोगों द्वारा अपने घर पहुंच खुदा की राह में कुर्बानी की रवायत पूरी की गई। इस मौक़े पर कई स्थानों पर गंगा जमुनी तहजीब का नज़ारा भी देखने को मिला। बकरीद त्यौहार को लेकर मुफ़्ती मो. जमरुद्दीन कासमी ने आवाम से बकरीद त्यौहार को शांति सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर पैगाम पेश किया. साथ ही मुल्क की तरक्की व मुल्क में अमन-चैन और शांति की दुआ की।

## छात्रों ने पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के लक्ष्मी नगर साइंटिफिक उद्यान में साइंटिफिक अकादमी के छात्रों को बीज बॉल बनाने की विधि सिखाई गई। यह आयोजन प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स तथा आनंद मार्ग संस्था के संयुक्त प्रयास से हुआ। कार्यक्रम में सीनियर शिक्षक सतीश कुमार की अगुवाई में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीज बॉल बनाने की प्रक्रिया सीखी।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधे एक ही परमात्मा की संतान हैं, इसलिए उनके प्रति प्रेम और संरक्षण की भावना रखनी चाहिए। छात्रों को समझाया गया कि बीज बॉल बनाने के लिए सूखे बीजों और चिकनी मिट्टी का उपयोग करना चाहिए। मिट्टी में गाय का गोबर मिलाकर उसे आटे की तरह गूंथना चाहिए और फिर उसमें जामुन, नीम, लीची, बैल या आम जैसे बीज डालकर छोटे गोले बनाने चाहिए। इन गोलों को छाया में सुखाना चाहिए ताकि वे खराब न हों। बीज बॉल को शहर से बाहर जंगल, दलमा पहाड़, डिमना या चाईबासा, सरायकेला रोड के आसपास फेंकना चाहिए।

बारिश के मौसम में मौसम साफ होने पर ही यह काम करना चाहिए और आकाशीय बिजली या बादल होने पर नहीं। बीज बॉल फेंकते समय भाव यह होना चाहिए कि हम परमात्मा की गोद में उनका दिया हुआ बीज सौंप रहे हैं। हर व्यक्ति को अपने घर में कम से कम एक हजार बीज बॉल तैयार रखने को कहा गया ताकि यात्रा के दौरान उन्हें उपायुक्त स्थान पर फेंका जा सके। कार्यक्रम में बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति अपने जीवन में एक लाख बीज बॉल फेंकता है तो कम से कम दस हजार पौधे तो अवश्य उगेंगे।

## वन भूमि पर अतिक्रमण का आरोपित गया जेल

**चतरा।** वन विभाग की टीम ने जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र से वन की भूमि पर अतिक्रमण के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित हंटरगंज रेंज के चकला में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाया था। वन भूमि के अतिक्रमण और मकान बनाने के दरमियान उसने काफी संख्या में हरे पेड़ पौधे भी काट डाले थे। इसकी सूचना वन विभाग हंटरगंज प्रक्षेत्र वन पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार को मिली। प्रभारी वनपाल मनीष कुमार, वनरक्षी अमरजीत टोप्पो एवं होमगार्ड के जवान शनिवार को मौके पर पहुंचे। वन कर्मचारियों को देखकर आरोपित भागने लगा। वनरक्षक और वन प्रभारी ने दौड़ाकर उसे पकड़ा और वन रेंज कार्यालय ले आए। आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# पर्यावरण की मांग- प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग



**रीना सिन्हा सलोनी**

हालिया दिनों में एक द्रवित करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर बार-बार देखा गया जिसमे एक समुंदरी शार्क का मुँह से लेकर पूरा शरीर समुद्र के प्लास्टिक कचरे से बुरी तरह लिपटा हुआ था और वह बार-बार समुद्र की सतह पर आकर मानों हमसे मदद माँग रही हो। उस शार्क को एक जहाज के कुछ लोगों नें देखा और बड़ी ही मुश्किल से उसे प्लास्टिक कचरे को काटकर उसे प्लास्टिक कचरे से मुक्त करा कर उसकी जान बचाई। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है की हम मनुष्यों द्वारा फैलाया प्लास्टिक का कचरा कितनी दूर तक फैल चुका है और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पूरी धरती और सभी जीवों को प्रभावित कर रहा है। अगर हम प्लास्टिक के आविष्कार की बात करें तो प्राकृतिक संसाधनों का कम होना, वनों के कटाव और जनसंख्या बढ़ने से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसका आविष्कार किया गया। बरसों पहले जब प्लास्टिक हमारे जीवन में आया तो यह पौधों से बनने वाले सामानों का एक सस्ता और आसान विकल्प था। प्लास्टिक के बने सामान सस्ते होने के कारण इसकी उपयोगिता आश्चर्यजनक रूप से बढ़ती गई। आज प्लास्टिक हमारे जीवन शैली में इतनी दूर तक घुस चुका है कि उसको पूर्ण रूपसे हटा असंभव और अव्यवहारिक हो गया है। प्लास्टिक के बने बोतल, रस्सियाँ, चादरें इत्यादि घर बाहर हर जगह हमारी आम ज़िंदगी का हिस्सा हैं। यही नहीं प्लास्टिक का उपयोग सभी बड़े या छोटे उद्योगों और कृषि उद्योग में किसी न किसी रूप में किया जा रहा है। मगर सस्ता और उपयोगी होने के बावजूद इसका बायो-डिग्रेडेबल न होना एक ऐसा गुण है जिसके कारण इसे कम से कम उपयोग करना ही स्वच्छ पर्यावरण के लिए जरूरी है। प्लास्टिक के उपयोग से हमारे स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक के बर्तनों में खाने या प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीने से धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक मॉलिक्यूल्स हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इन माइक्रो मॉलिक्यूल को हमारा शरीर पचा नहीं पाता और ये रक्त में प्रवेश कर जाते हैं जिसके कारण कैंसर जैसी कई खतरनाक बीमारियाँ होती हैं। वहीं उद्योगों से निकलने वाला प्लास्टिक वेस्ट मिट्टी से लेकर समुद्रों तक को प्रदूषित करता है जिसका सीधा असर धरती और समुद्रों में रहने वालों के जीवन पर पड़ता है। आज प्लास्टिक की जड़ें इतनी गहरी पैठ चुकी हैं कि इसे पूरी तरह तो हटाया नहीं जा सकता मगर इसके उपयोग को सीमित करने की कोशिश अवश्य कि जानी चाहिए। इसके उपयोग को नियत्रित करने के लिए कठोर कदम उठाने होंगे और ऐसे नियम बनाने होंगे जिससे प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग हो। इसके साथ ही साथ ऐसे प्लास्टिक का ही उपयोग हो जिसे रीसायकल किया जा सके। अर्थात ऐसे प्लास्टिक का उपयोग हो जिसे पुनः उपयोग में लाया जा सके। एक ही प्लास्टिक को रीसायकल करके बार-बार उपयोग में लाने से इसकी उपयोगिता बढ़ेगी और प्लास्टिक कचरे से भी मुक्ति मिलेगी। ऐसे प्लास्टिक के सामान या पॉलिथीन बैग्स जिनको रीसायकल नहीं किया जा सकता वो पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं । अतः इन पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाना होगा। इन नॉन बायोडिग्रेडेबल पॉलिथीन की थैलियों और रस्सियों के कारण ही शहर के नालों में जल जमाव की समस्या होती है और मिट्टी, नदियों और समुद्र में प्रदूषण फैलता है। प्लास्टिक के कचरे के प्रतिबंध के साथ साथ इसके कारण प्रदूषित हुई नदियों और समुद्रों के पानी को साफ़ भी करने की जरूरत है। ऐसे नियम बनाए जाएँ जिससे जल और वायु प्रदूषण को रोका जाए और उन्हें स्वच्छ भी किया जाए। मनुष्य के जीवन का पर्यावरण से सीधा जुड़ाव है इसलिए हमें प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के रक्षण और संवर्धन की सख्त आवश्यकता है। पर्यावरण और मनुष्य के बीच सही तालमेल ही खुशहाली का मार्ग है ।

# मुंह में राम, बगल में छुरी



**ललन शर्मा**




मुंह में राम, बगल में छुरी, इस वैदिक युगीन मुहावरे का जब भी अविष्कार हुआ होगा, आदिमानवों की प्रजातियाँ अपना जंगलीपन छोड़कर आदमी बन रहे होंगे। उनमे इंसान बनने के सारे लक्षण धीरे-धीरे प्रकट हो रहे होंगे। वह वैदिक युग के कच्चे-मटमैले मार्ग से निकल कर घोर कलयुग के कोलतारी मार्ग पर चलते चलते किसी भी बात पर राम-राम कह के दुआ-सलाम प्राप्त करते होंगे। बाद में उन लोगों ने समझदारी का नमक चाट लिया होगा जिससे उन्हें यह अन्तर्ज्ञान प्राप्त हो गया होगा कि राम के साथ-साथ, बगल में छुरी रखना भी जरूरी हैं।

कहते हैं कि आदमी जैसे-जैसे समझदार, शिक्षित होने लगता हैं तो वह चालाक, धूर्त, कपटी, दुष्ट इत्यादि सामाजिक उपाधियों से विभूषित होने लगता हैं साथ ही उसे अपनी सुरक्षा की आवश्यक चिन्ता होने लगती हैं। तो वह बगल में छुरी खोंसने लगता हैं और अपने आपको ज्यादा चालाक और ताकतवर दिखने की कोशिश करने लगता हैं।

मेरे दुष्ट दिमाग की माने तो राम और छुरी दोनों समान धर्मा हैं, दोनों मुक्तिदाता हैं। यह आदमी को सभी बंधन से मुक्त करती हैं। सांस्कृतिक आदमी को राम से तथा असांस्कृतिक को छुरी मारकर मुक्त किया जाता हैं।

मेरे एक नेता मित्र हैं – राम खेलावन, जिनके रग-रग में सिर्फ राम ही बसते हैं उनके घर पर भी 'राम' का बोल बाला हैं उनकी पत्नी का नाम राम प्यारी हैं दोनों लायक पुत्रों का नाम रामस्वरूप तथा रामसेवक, बेटी का नाम रामदुलारी। घर के नौकर का नाम रामू, ड्राईवर का नाम रामपुकार। राम खेलावन जी जिस पार्टी के लिए सेवा देते हैं उसका नाम राम भरोसे पार्टी हैं कहने का अर्थ हैं कि उनके जीवन के सभी उखड़-खाबड़ मोड़ पर कोई न कोई राम साथ होते हैं। जब मैंने उनसे पूछा कि ''मुंह में राम........ वाले मुहावरे से आपका ज्ञान क्या अर्थ देता हैं ? तो वे बोले – शर्मा जी मैं स्वयं राम प्रतिमा सपन्न हूँ मैं अपने मुंह में राम ही रखता हूँ, पर छुरी इत्यादि बगल में नहीं रखते हैं। राम से ही छुरी का काम हो जाता हैं तो बेचारी छुरी को कष्ट देना।

शोध से पता चला हैं कि छुरी की महिमा अपरंपार हैं जैसे – कलेजाविहीन व्यक्ति के पास जब यह हो तो वह महाबली बन जाता हैं। बगल में छुरी रखने मात्र से ही जितनी उर्जा मिलती हैं उतनी उर्जा महीने भर दुध पीने से भी नहीं मिलती। अतः वह सबकुछ करने को तैयार हो जाता हैं।

एक विचार के अनुसार, छुरी रखने की प्रथा आदिकाल से ही हैं आर्यों और अनार्यों के बीच जब-जब कोई पंगा होता था तो छुरे का प्रदर्शन पहले होता था बाद में छुरी, छुरा या भुजाली (खुपरी) हुआ। छुरे के इसी क्रमिक विकास में यह छुरी बढ़कर तलवार, कटार का रूप ले लिया। लेकिन सभी एक गुप्त छुरी बगल में जरूर रखते थे। वो तो महात्मा बुद्ध बीच में अवतरित हो गए तो उन्होंने कहा छुरा मत चलाओ। अहिंसा करो। प्रेम से किसी का मन जीतों, पर यहाँ मन जीतने की बात आदमी के पल्ले कहाँ पड़ती, वह तो हमेशा दूसरे के धन को जीतने को गली-गली घूम रहा हैं। तभी तो महात्मा के बाद छुरी का प्रचलन बंद करके लोगों ने दोनाली बंदूक, गन, तोप का अविष्कार कर लिया।

छुरे के ऐतिहासिक पहलूओं पर प्रकाश फेंकते हुए मेरे एक बोका विद्वान् मित्र कहते हैं कि आदिमानव जब थोड़ा समझदार हुआ होगा तो सर्वप्रथम उसने पत्थर का छुरा बनाया होगा। यह भी मत हैं कि छुरा बनाने वाले आदिमानव भारतीय रहे होंगे क्योंकि यह मुहावरा भारतीय मूल का हैं। छुरे के बाद ही राम शब्द अवतरित हुआ होगा।

आदिभारतीयों ने ही पहले-पहल बोलना सिखा होगा क्योंकि हम भारतीय बोलने में सबसे आगे हैं अपने यहाँ अधिकांश बोलबच्चन पाए जाते हैं इसलिए पहले राम फिर छुरी बोलने का बोल-बच्चन शास्त्र बना होगा।

इन सर्वेक्षणों से पता चलता हैं कि राम शास्त्रीय वस्तु हैं जबकि छुरी शस्त्रीय। वैदिक काल से ही दोनों साथ चलते आए हैं। दोनों एक दूसरे को पूरकता का एहसास कराते हैं अपने यहाँ दोनों की भक्ति की जाती हैं यहाँ राम तो पूजे ही जाते हैं, छुरी की पूजा भी जमकर होती हैं साथ ही साथ जरूरत के समय दोनों के प्रदर्शन के चौके-छक्के भी लगते हैं। गौरतलब हो कि युगों-युगों से राम नहीं बदले-वही, अढ़ाई मात्रा, पर छुरी के रूप में परिवर्तन होता रहा हैं यह हमारी चरम-परम भक्ति का ही परिणाम हैं कि छुरे के अनेक रूप हमारे बीच मौजूद हैं जो अपना काम करती रहती हैं।

अस्तु, सभी से अनुरोध है कि इस मुहावरे के पग चिन्हों पर ही चले – मुंह में राम रखें और बगल में किसी भी प्रकार का एक छुरी अवश्य रखे। अगर आपकी जेब भारी हैं तो बन्दूक-गन इत्यादि ही रखे और समझदार होने का सबूत देकर अपने देश का उद्धार करें तथा राम-छुरी के गठबंधन की जय जयकार करें और कहे –

मूंह में राम बगल में छूरी।
मिलकर खाये हलवा पूरी।।

## विडंबना



**रश्मि सिंह**

शाही शादी के पाँच दिवसीय रंगारंग आयोजन का ग्रैंड फिनाले यानि शादी की रात... मस्ती,भव्यता, तड़क-भड़क सब का चरमोत्कर्ष!

दूल्हे की शाही सवारी गुलाबों से सजी बीएमडब्ल्यू में रुकते रुकाते चल पड़ी है। महंगी आतिशबाजी का लुत्फ़ लेते, नाचते-गाते महंगे कपड़ों, गहनों से लदी-फदी बाराती का उत्साह चरम पर है।दादा,ताऊ,जीजा,फूफा सब, कुछ जोश में कुछ मदहोश से दूल्हे की बलैया ले-लेकर जमकर नोटों की बारिश कर रहे हैं।बारात संग चलते पसीने से तर लाइट वाले ,बैंड वाले उड़ते नोटों को हसरत से देखते आगे बढ़ते जा रहे थे। उसी कतार में लच्छो भी माथे पर भारी लाइट उठाए, पेट में लातें मारते अजन्मे का बोझ उठाए थके मगर सधे कदमों से बढ़ती कभी बिखरे नोटों को देखती कभी अपना उभार।

सरकारी दवाखाने से कल ही तो दिखाकर आई है। डाक्टरनी दीदी के शब्द अब भी कान में गूंज रहे हैं... "अरे लच्छो भरपेट खाएगी नहीं तो बच्चे का विकास कहाँ से होगा और बच्चा जनने की ताकत कहाँ से लाएगी...? एक बार खो चुकी है अपना बच्चा तू इसी वजह से..."

बस कुछ पैसे मिलने की आस में चली आई रधिया के साथ लाइट उठाने पर भूखे पेट दो-दो बोझ कहाँ उठा पाती? उड़ते नोटों को देखते चक्कर खाकर वहीं गिर गयी।

बैंड बाजे का शोर सहसा थम गया! बारातियों में ही कुछ अस्पष्ट आवाजें कान में पड़ रही थीं... "हे भगवान कितना बड़ा अपशगुन हो गया, जल्दी इसे ले जाओ ताकि बारात आगे बढ़े।"

बेसुध लच्छो, उसकी सहेली रधिया और उसके पति को वहीं छोड़ शाही सवारी आगे बढ़ गयी।

# श्याम बेनेगल को याद करते हुए



**पद्मा मिश्रा**

भारतीय सिनेमा हमारी संस्कति , इतिहास, सभ्यता और सामाजिक यथार्थ तथा वर्जनाओं की भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता रहा है।जो बात कहीं सुनकर, देखकर या पढकर अनुभूत नहीं की जा सकती वही सिनेमा के विशाल कैनवस पर सजीव होते हुए दृश्यो, घटनाओं को देखकर मन पर उनकी अनुभूति गहराई से की जा सकती है।ऐसे संवेदनशील सिने निर्दशकों में श्याम बेनेगल एक नितांत परिचित, लोकप्रिय और यशस्वी नाम है।उनकी फिल्मो ने समाज का कुरुप चेहरा दिखाकर वर्जनाओं के भंवर में छटपटाती स्त्री की.मनोव्यथा को भी चिंतित किया है।ऐसी ही भावप्रवण संवेदनशील फिल्म थी मंडी। श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित ये फिल्म 1983 में परदे पर आयी हुई थी. जिसमें वेश्याओं के जीवन रहन सहन ,शैली ,समसयाओं की दुनिया को पर्दे पर उतारा गया था. ।कथानक के अनुसार कई सालों से, एक बूढ़ी रुक्मिणी बाई (शबाना आज़मी) भारत के हैदराबाद में एक वेश्यालय की मालकिन है। वेश्यालय में रहने वाली महिलाएँ मिलजुल कर रहती हैं। रुक्मिणी बाई को अपनी महिलाओं की प्रतिभा पर गर्व है, खासकर जीनत (स्मिता पाटिल) जो एक शास्त्रीय गायिका है, और बसंती (नीना गुप्ता) जो एक शास्त्रीय नर्तकी है।वर्जित प्रेम, टूटती वफादारी और घोर पाखंड तब सामने आता है जब पाखंडी राजनेता हैदराबाद के हृदयस्थल से एक मैडम के वेश्यालय को हटा देते हैं।यह क्लासिक फिल्म पाकिस्तानी लेखक गुलाम अब्बास की क्लासिक उर्दू लघु कहानी 'आनंदी' पर आधारित है। यह एक शहर के बीचों-बीच स्थित एक वेश्यालय की कहानी है, एक ऐसे इलाके में जिसे कुछ राजनेता अपना मुख्य इलाका बनाना चाहते हैं। वे नैतिकता के नाम पर वेश्यालय और उसके निवासियों के खिलाफ़ रैली निकालते हैं, और जल्द ही इलाके के सभी लोग उनके साथ हो लेते हैं। राजनेता वेश्याओं के लिए एक वैकल्पिक निवास बनाने की पेशकश करते हैं, लेकिन यह जगह शहर से मीलों दूर है। घर की मालकिन के पास मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, लेकिन अंत में चीजें बेहतर के लिए (तार्किक) मोड़ लेती हैं। आखिरकार, पुरुष तो पुरुष ही होते हैं।कई सालों से एक बूढ़ी रुक्मिणीबाई भारत के महाराष्ट्र के एक छोटे से शहर में एक वेश्यालय की मालकिन रही हैं। एक दिन उन्हें खबर मिलती है कि अब उनके पास एक नया मकान मालिक है, जिसका नाम श्री गुप्ता है, जिनकी बेटी मालती की जल्द ही शादी होने वाली है। सिटी काउंसिलर शांतिदेवी के नेतृत्व में, इस शहर के लोग मांग करते हैं कि इस वेश्यालय को कहीं और ले जाया जाए, बेहतर होगा कि शहर के बाहरी इलाके में, और वे सफल होते हैं, जिससे रुक्मिणी को अपनी महिलाओं के साथ उनके नए स्थान पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो बाबा करक शाह की दरगाह के पास होता है। विडंबना यह है कि यह बहुत से लोगों को आकर्षित करता है, और रुक्मिणी के वेश्यालय का संरक्षण बढ़ जाता है। फिर जटिलताएँ तब शुरू होती हैं जब सुशील अपने पिता की पसंद, बच्ची जैसी मालती से शादी करने से इनकार कर देता है, और रुक्मिणी के साथ रहने वाली एक वेश्या ज़ीनत से शादी करना चाहता है। देखें कि कैसे एक वेश्यालय के खिलाफ घटनाएँ सामने आती हैं जो पहले ही एक बार स्थानांतरित हो चुकी है, और शायद फिर से स्थानांतरित हो सकती है जब तक कि सुशील ज़ीनत के लिए अपने प्यार को छोड़ नहीं देता।मंडी का अंतिम दृश्य थोड़ा उलझन भरा है, लेकिन अंतिम संदेश शायद यह है कि पतन देखने वाले की आंखों में है, और शायद उन लोगों का छुपा पाखंड जो खुद को आधुनिक और ईमानदार कहते हैं, कोठे की प्राचीन परंपराओं की तरह ही दमनकारी है।श्याम बेनेगल अपनी फिल्मों में मानवीय समस्याओं को बहुत अच्छी तरीके से प्रस्तुत करते हैं। उनकी सारी फिल्में मानवीय हैं। देश का कोई भी ऐसा प्रांत नहीं है, जिसके बारे में उनकी जानकारी कम हो। वे महानगरों के साथ ही कस्बों और गांव-देहातों के बारे में भी पूरी जानकारी रखते हैं। वहां की बोली, भाषा और संगीत के बारे में जानते हैं। उनके महत्व को समझते हुए अपनी फिल्मों में वह उनका इस्तेमाल करते हैं। हिंदी में ऐसे निर्देशक अत्यंत कम हैं, जो हिंदुस्तान की आत्मा को समझ कर फिल्में बना रहे हों।

# परिवार और त्योहार



**सविता गुप्ता**

अशोक कॉलोनी में अधिकतर बुद्धिजीवी व्यक्तियों की कोठियाँ थी। सभी अपने जड़ों को छोड़ अपने महत्वाकांक्षी सपनों को पूर्ण करने शहर आए और यहीं के होकर रह गए थे। नौकरी और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को निभाते -निभाते अब क़रीब क़रीब सभी चाहें शर्मा जी हों या गुप्ता,सिन्हा,चटर्जी जी हो या फिर रेड्डी सेवानिवृत्त हो चुके थे।उनके बच्चे अब साथ नहीं रहते थे।बच्चों के भी ऊँचे सपने थे इसलिए सभी भिन्न- भिन्न शहरों में या विदेशों में जा बसे थे।वर्ष में एक बार छुट्टियों में सभी परिवार सहित घर आते बिलकुल वैसे जैसे वे अपने बचपन में माता-पिता के साथ जाते थे अपने दादा या नाना के घर गर्मी की छुट्टियों में या तीज त्योहारों में। आज मिसेज़ सिन्हा रसोई में तन्मयता से तरह तरह के पकवान बना रहीं थी "क्या मेम साब आज ये होली वाले पकवान क्यों बना रही हो? आज तो कोई त्योहार भी नहीं है तो फिर ये सब?" हाँ मालती आज, बच्चे अपने बच्चों के संग आ रहे हैंमैंने सोच लिया है।जब परिवार तब त्योहार।

## काव्य कोना

### पौष-माघ 2036 (1980) की एक शाम

शाम भी थी कुछ भीगी-भीगी
पलकें भी थी भीगी-भीगी
जुबां बन्द होंठों में कम्पन
भावनाओं के समंदर में बह रहा समय था
मिलन की घड़ियों घटने वाली थी
बिछड़ने का पल दिखा निकट जब
शाम भी थी कुछ भीगी-भीगी
पलकें भी थी भीगी-भीगी।
शपथ एक थी सब यारों की
कहाँ मिलेंगे, कहना मुश्किल था
बाँह पकड़ कर हाथ हिलाकर
निकल पड़े अपनी राहों पर
आग्रह के संग अपने-अपने
विग्रह भी थे अपने-अपने
उम्मीदें भी थीं अपनी-अपनी
यादों का रेला साथ चला था
कितना भी भूलोगे यारों
फिर भी कुछ तो याद रहेगा
शाम भी थी कुछ भीगी-भीगी
पलकें भी थी भीगी-भीगी।

**नाग मणि**

# मेरा परिवार



**मीरा सिंह**

शादी के बाद गृहस्थी की उलझनों में ऐसी उलझी कि खुद का ध्यान ही ना रहा। दोनों बच्चों की किलकारियों में कर दिया था मैनें खुद को समर्पित। पति के व्यवसाय नें उन्हें हमेशा दूर ही रखा। दोनो बच्चों को एक साथ पढाऩे मे तब मेरी हालत खराब हो जाती थी। उनके स्कूल की परीक्षाएँ यानी....घर में बाकी रिश्तेदारों की इंट्री बंद। वक्त कहाँ रूकता है किसी के लिए। दोनो बारी बारी से आगे की पढ़ाई के लिए हॉस्टल चले गये । और इधर मैं अकेली क्या करूँ? कुछ समझ नहीं पाती। बच्चे जब भी हॉस्टल से घर आते मुझे हमेशा ही मोटिवेट करतें , " अरे !मम्मा तुम अपनी पढ़ाई पूरी कर लों। मैं हँस देती उनकी बातें सुनकर ।भला इस उम्र में कौन पढ़ता है। पढ़ाई कम्पलीट होनें से पहलें ही बेटी की नौकरी लग गई। कुछ साल के बाद बिटिया की शादी भी फाइनल हो गई। उसकी विदाई के बाद के खालीपन को भर नही पा रही थी। बेटा भी पास में नहीं था और अकेले रहना जब मुश्किल होनें लगा तब मेरे पति ने अपना व्यवसाय इसी शहर में शुरू कर दिया। फिर भी बेटी की जुदाई कुछ अलग तरह की होतीं है। जिसे शब्दों में बयां करना थोड़ा मुश्किल होता है। दोनों बच्चों से दूरी थोड़ी मुश्किल होती जा रही थी। अब समझ में आता है भाईयों को ट्रेन में बैठाते समय माँ पापा की आँखों के कोरों से आँसुओं का बहना।

बच्चों की जुदाई का दर्द उनसे बेहतर कौन जान सकता है। ऐसे ही एक दोपहरी दरवाजे की कॉलबेल बजी ।देखा दरवाजे पर डाकिया था। मेरे पचासवें जन्मदिन पर बिटिया ने दो डायरी और एक पेन भेजा था ।तभी फोन की घंटी घनघना उठी। उधर से उसकी आवाज़ आज भी मेरे कानो में गूंज रही है - मम्मी ," मैने तुम्हारी डायरी बिना तुम्हारे परमिशन के पढ़ी थी। अच्छा लिख लेती हो फिर से लिखो ना।"

" तुम्हारे संस्मरण और यात्रा वृत्तांत को पढ़ा है मैने।" उसने कहा था। " अब कौन पढ़ना चाहेगा मुझे ?" मैनें इधर से कहा। वो तो मैने ऐसे ही शौकिया लिखा था उन यादों को संजो कर रखने के लिए। " मैने कहा।

"हमारे लिए लिए लिखों ना माँ, हमारे बचपन के बारें में कुछ भी।" उसके इसरार पर मैने उस दिन से लिखना शुरू कर दिया। पहली कविता उसी पर लिखीं। कब बड़ी हो गई बिटिया ये मेरी पहली कविता थी। शुरू शुरू में उसे ही लिख कर भेजती पर वो मुझे फेसबुक में डालने के लिए बोलती। थोड़ी झिझक से मैनें डाला। फेसबुक पोस्ट में मेरी कविताओं को पसंद किया गया।

आज आपसब के समक्ष अगर कुछ लिख पातीं हूँ तो बेटी के मोटिवेट करने की वजह से। फिर लघुकथा के परिंदे ,फलक और अपनी राँची के काफी प्रतिष्ठित मंच भी मिले जहाँ मेरी रचनाओं को पसंद किया जाने लगा। छह वर्षों की मेहनत का फल है आज का मेरा ये वजूद। बिटिया ने जो दिशा दिखाई थी आज उसी रास्ते पर हूँ।मेरी कहानियों के साथ मेरें संस्मरण, यात्रावृत्तांत और कविताओं के भी पाठक अनगिनत हैं। आज अगर कुछ अच्छा लिख पातीं हूँ तो वो बेटी के द्वारा दिखाया गया सही मार्ग है ।मेरे इस सफर में मेरे पति और बेटे नें भी खूब भूमिका निभाई है ।अपनी व्यस्तता के बावजूद उनलोगों ने मेरी इस उड़ान में पूरा सहयोग दिया है।

हमारें यहाँ एक कहावत है अगर परिवार साथ हो तो किला भी फतह कर सकतें हैं। और ये मेरा साहित्यिक सफर की उड़ान किसी किला फतह करनें से कम नहीं है।

# विद्याभूषण जी की बहुरंगी दुनिया व कथा संसार



**अनिता रश्मि**

वर्षों से साहित्य साधना में लीन, बेहद सक्रिय मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. विद्याभूषण जी जितने बड़े कवि हैं, उतने ही बेहतरीन आलोचक, निबंधकार, संपादक। और उतने ही गंभीर कहानीकार। कवि-कहानीकार-आलोचक-उपन्यासकार-निबंधकार के रूप में साहित्यिक विभूति डॉ. विद्याभूषण जी के रचना संसार में प्रवेश करते ही अनगिन धीर-गंभीर, जनपक्षधर रचनाओं से मुलाकात होती है। अब तक चुके नहीं हैं, रुके नहीं हैं। निरंतर सक्रियता के पर्याय बन चुके 85 वर्षीय विद्याभूषण जी की पुस्तकों में नौ काव्य, छः आलोचना, एक नाट्य, एक उपन्यास, दो गीत संग्रह, आठ संपादित, चार कहानी संग्रह, दो समाज दर्शन की हैं।

पत्र-पत्रिकाओं का संपादन व अन्य रचनाकारों की किताबों की भूमिका के लिए भी उतने ही मन से जुड़ते हैं, जितने समाज दर्शन से। अब तक 51 पुस्तकों की भूमिकाएँ लिख चुके हैं। मित्रों की बिखरी, छोटी चिंदियों में टुकड़ों में लिखित रचनाओं को पुस्तक रूप देने के श्रमसाध्य कार्य भी मनोयोग से किया है। सुप्रसिद्ध साहित्यकार किट्टू, काली किंकर के मृत्योपरांत आईं बोलती किताबें गवाह हैं। अनेक रचनाओं का भाषान्तरण हो चुका है। इतिहास, संस्कृति, समय और समाज का मिजाज प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया या डिजिटल मीडिया में शामिल है।

जनजातीय जीवन पर भी लेखक की पकड़ है। आदिवासी जनजीवन पर एक अध्येता की तरह अध्ययन कर उनकी लिखी गई रचनाओं में विविधवर्णी स्त्रियाँ नजर आती हैं। एक सजग द्रष्टा की तरह वे जनजातीय जीवन को परखते रहे हैं। तब अपनी रचनाओं में उसे गुँथा है। झारखंड सदा से इनके मन में बसा हुआ है। झारखंड को केंद्र में रखकर लिखी गई रचनाओं में सजीव ही नहीं, निर्जीव वस्तुएँ भी जीवंत पात्र की तरह उपयोग में लाई गई हैं। पर कथाओं में जनजातीय जीवन की उपस्थिति कम होते हुए भी ऐसी रचनाओं में बदलाव की मांग भरी छटपटाहट सुस्पष्ट। ऐसे में विद्याभूषण जी की बात अभी भी प्रासंगिक है, "किसी को फुर्सत नहीं कि मुख्य धारा में हर पल विसर्जित हो रही आंचलिक जलधाराओं के योगदान की चर्चा भी हो।"

एक कवि, संपादक, प्रकाशक, आलोचकीय व्यक्तित्व को कहानीकार एवं उपन्यासकार के रूप में देखना सुखद। प्रारंभिक दौर से ही वे सजग सहज कहानीकार थे। यह उनके कहानी संग्रह 'कोरस' 'कोरसवाली गली' 'नायाब नर्सरी' 'पाई टू पाई ऑनेस्ट' ने सिद्ध किया है। उन्होंने कहानियों में आम जनजीवन के संघर्ष, जिजीविषा को बड़ी सहजता, सादगी से सामने रखा है। इनमें सरलीकरण संग भरपूर पठनीयता है।



विद्याभूषण जी ने शुरुआत कविता से की लेकिन कहानी लेखन भी समान्तर चलता रहा। अल्पसंख्यकों की बात ये शिद्दत से उठाते हैं, भटके हुए लोगों की भी। इसमें कहीं परिस्थितिवश बिगड़ गए लोग, कहीं भले किरदार भी नजर आते हैं। जिंदगी की जद्दोजहद में उलझते लोग यहां विश्वसनीय उपस्थिति दर्ज करते हैं। नर्सरी में जैसे अच्छे व साधारण फूल साथ दिखते हैं, वैसे ही इस किताब में अच्छी व सामान्य कहानियाँ हैं। 'पाइ टू पाई ऑनेस्ट' कथा पुस्तक की एक कहानी इसी शीर्षक से है। आजादी के बाद हमारा देश हर तरह से आजाद हो गया। पैसे खाने-खिलाने में भी। उसी को आधार बनाकर एक सचमुच ईमानदार व्यक्ति ईश्वर बाबू के माध्यम से पड़ताल की। ईमानदार पीसता जाता है, बेईमान व्यक्ति मलाई खाता है। गेहूं के साथ घुन की तरह। अंत हमारी व्यवस्था पर एक यक्ष प्रश्न चिन्ह उठाता है, क्या सच में छोटी-मोटी रिश्वतखोरी कानून के दायरे में आनी नहीं चाहिए? चुटीलेपन के साथ गहरी बात, बड़े गहरे सरोकारों को उजागर करती हैं। कहानियों में किस्सागोई का अंदाज है।

उनकी कथाएँ संस्कृतनिष्ठ दुरूह भाषा में नहीं, आम बोलचाल की भाषा में पाठकों से सीधे संवाद करतीं, सामान्य जन की संवेदना का विस्तार करतीं नए मुहावरे जड़ने में सफल हैं। इनमें अपने से, अपनों से लड़ता हुआ आदमी है। विश्ववसनीयता की कसौटी पर खरी हैं। कथा पुस्तक 'कोरस वाली गली' की शीर्षक कहानी में गली के विविध रंग औ मुखर तस्वीरें हैं।

सामान्य कथाओं में संवेदना की महीन झलक, जीवन-जगत की विविध छवियाँ, रहवासियों के ऊपरी खटास सह रिश्ते की मजबूत डोर विशेष है। भाषा वैशिष्ट्य की बानगी - चितकबरी छाँह...मंथराएँ हवा को सुलगाने में जुट जाती हैं।

आमजन के संघर्ष, गली-मुहल्ले के बाशिंदे, दांपत्य जीवन के दैनिक तेवर कहानियों में पहचान सकते हैं। बौद्धिकता के बोझ से मुक्त कहानियों में सहज-सरल पड़ोस के पात्र जटिल स्थितियों, समस्याओं को पुरजोश तरीके से प्रस्तुत करते हैं। केंद्र में मुख्य रूप से आम जन। पर तेवर तीखे नहीं है। चित्रलिखित कहानियाँ गहरी बात कोमल शब्दों में कहती हैं। लगभग सभी वर्गों की विषमताओं, संकीर्णता की खबर ली गई है। कहानियों को पढ़कर पाठक समृद्ध होता है। मानवीय, चुनौतीपूर्ण समाजशास्त्रीय अध्ययन के लिए उनकी रचनाएँ मिसाल हैं। उन्होंने सहित्यिक पृष्ठभूमि नहीं होते हुए भी अनुभवजन्य सरलता से साहित्य को साधा, चिर साधना की, युगों तक रेखांकित करने योग्य है।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

# खग की पीड़



**रुणा रश्मि 'दीप्त'**

घूम घूमकर चहुँदिस ढूँढ़ूँ , तिनका चुनकर लाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।
गुम हैं सारे वृक्ष खो गई, आज धरा की हरियली।
फुदक फुदक कर उड़ूँ किस तरह, अब मैं डाली से डाली।
चहकूँ कैसे आज खुशी से, सबको गीत सुनाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।
जा पहुँची है किस हद तक मनु, आज तुम्हारी अभिलाषा?
नष्ट किया है रूप धरा का, किंतु न पूर्ण हुई आशा।
बिगड़े हैं हालात किस कदर, आज तुम्हें बतलाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।
पर फैलाए उड़ती जाऊँ , नीले नभ के भी ऊपर।
थक जाएँ जब पंख लौटकर, आ जाऊँ वापस भू पर।
यही सोचकर हृदय विकल है, ठौर कहाँ तब पाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।
घूम घूमकर चहुँदिस ढूँढ़ूँ , तिनका चुनकर लाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।

## आज का दोहा

क्या गुनाह हमने किया, कुछ तो कहो हुज़ूर।
यूँ ही हम चढते रहे, सूली बिना कुसूर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बाबा महाकाल के किए दर्शन, भस्म आरती में लिया हिस्सा

**उज्जैन (आईएएनएस)**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने उज्जैन प्रवास के दौरान महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया। वे प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल हुए और भगवान महाकालेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर मंदिर की पवित्र और आध्यात्मिक वातावरण में उन्होंने भगवान महाकाल से देश की समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। धर्मेंद्र प्रधान का महाकालेश्वर मंदिर में आगमन सुबह तड़के हुआ। उन्होंने अपनी पत्नी मृदुला प्रधान संग बाबा भस्म आरती में हिस्सा लिया। पूजन का कार्य मंदिर के पुजारी जितेंद्र शर्मा ने संपन्न करवाया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा को पूर्ण किया, जिसमें मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पूरी श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। पूजन के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने मंदिर परिसर में कुछ समय व्यतीत किया और भगवान महाकाल के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया।

भस्म आरती महाकाल मंदिर की एक अनूठी और विश्व प्रसिद्ध पूजा है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का भव्य स्वागत किया गया। समिति के सदस्य आशीष दुबे और अभिषेक शर्मा ने उनका सत्कार किया। उन्हें मंदिर की ओर से प्रसाद, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



## "महाकाल की कृपा से मिला आशीर्वाद"

स्वागत के दौरान समिति ने मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मंदिर की प्राचीन परंपराओं और धार्मिक महत्व के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं और प्रबंधन की भी सराहना की। धर्मेंद्र प्रधान ने इस अवसर पर कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। उज्जैन देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है और यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। महाकालेश्वर मंदिर बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## बेंगलुरु भगदड़ मामला : केएससीए के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने सौंपा इस्तीफा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने तीन जून को अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। इसके अगले दिन बेंगलुरु में आरसीबी 'जश्न समारोह' के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मची, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और कई घायल भी हुए। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने 'नैतिक जिम्मेदारी' का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इन अधिकारियों में सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम का नाम शामिल है, जिन्होंने अपना इस्तीफा केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट को सौंपा है। शुक्रवार को केएससीए को भेजे गए पत्र में शंकर और जयराम ने लिखा, "पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में हमारी भूमिका बहुत सीमित थी। लेकिन नैतिक जिम्मेदारी के चलते हम यह बताना चाहते हैं कि कल रात हमने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बेंगलुरु हादसे पर स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

बेंगलुरु शहर के सेंट्रल डिवीजन में कब्बन पार्क पुलिस ने आरसीबी मैनेजमेंट को पहला, जबकि डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दूसरा आरोपी बनाया है। इनके अलावा केएससीए की मैनेजमेंट कंपनी को तीसरा आरोपी बनाया गया है। ये एफआईआर धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का उपयोग करके स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत दर्ज की गई है।

### पायलट ने शिंदे का प्लेन उड़ाने से मना किया, कहा-
## ड्यूटी खत्म होने के बाद उड़ान नहीं भर सकता, एयरलाइन के समझाने पर तैयार हुआ

**मुंबई । एजेंसी**



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे शुक्रवार को जलगांव के मुक्ताईनगर में संत मुक्ताई की पालकी यात्रा में शामिल होने गए थे। यहां से लौटते वक्त जलगांव एयरपोर्ट पर पायलट ने उनका चार्टर्ड प्लेन उड़ाने से इनकार कर दिया। पायलट ने कहा- उसकी ड्यूटी के घंटे खत्म हो चुके हैं। ऐसे में वह उड़ान नहीं भर सकता है। पायलट की बात सुनकर वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने पायलट को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना।शिंदे के साथ मंत्री गिरीश महाजन और गुलाबराव पाटिल ने एयरलाइन कंपनी से बात की और पायलट को स्थिति समझाई। करीब एक घंटे बाद एयरलाइन कंपनी के समझाने पर पायलट उड़ान भरने के लिए तैयार हुआ।

### नक्सल विरोधी अभियान पर सीएम के साथ बैठक
# नक्सल ऑपरेशंस में शामिल जवानों से मिलकर बधाई देंगे गृह मंत्री



**नई दिल्ली । एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी, जिसके कारण शीर्ष नक्सल नेताओं को मार गिराया गया। शाह ने यह भी कहा कि वह सफल अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जवानों से मिलने जल्द ही छत्तीसगढ़ आएंगे। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा किहाल ही में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से मुलाकात की और इन अभियानों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। मैं उन जवानों से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं जिन्होंने अपनी बहादुरी से इन अभियानों को सफल बनाया और जल्द ही छत्तीसगढ़ जाकर उनसे मिलूंगा।

उन्होंने भारत को नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के संकल्प को दोहराया। 6 जून को, मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नक्सलवाद को समाप्त करने के उद्देश्य से सफल अभियानों, आगे के रास्ते और राज्य के विकास पर चर्चा करने के लिए दिल्ली पहुंचे। अपने दौरे के दौरान, सीएम साय ने गृह मंत्री शाह और अभियानों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से भी मुलाकात की। एक महीने से भी कम समय में, दो नक्सल विरोधी अभियानों ने प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के दो शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। 5 जून को, अधिकारियों ने पुष्टि की कि एक शीर्ष नक्सल नेता सुधाकर (उर्फ गौतम) का शव मिला है। 21 मई को, तीन सप्ताह से भी कम समय पहले, बसव राजू का शव बरामद किया गया था। राजू केंद्रीय समिति पोलित ब्यूरो के सदस्य और सीपीआई (माओवादी) के महासचिव थे, जिन्हें व्यापक रूप से नक्सल आंदोलन की रीढ़ के रूप में जाना जाता है। अधिकारियों के अनुसार, गौतम एक वरिष्ठ माओवादी नेता था जो कई हिंसक घटनाओं के लिए जिम्मेदार था, जिसके परिणामस्वरूप कई निर्दोष आदिवासी नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई। उसकी मौत सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता है और माओवादी नेतृत्व के लिए एक बड़ा झटका है, खासकर दंडकारण्य क्षेत्र में। उसके मारे जाने से प्रतिबंधित और गैरकानूनी माओवादी संगठन की पहले से ही कमजोर होती ताकत को काफी झटका लगने की उम्मीद है। इससे पहले, सीएम साय ने ऐसे ऑपरेशनों को अंजाम देने वाले जवानों की बहादुरी के लिए उन्हें सलाम किया।

- **सरकारी संकल्प :** गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को नक्सलवाद से मुक्त करने के संकल्प को दोहराया।
- **सीएम साय की दिल्ली यात्रा :** 6 जून को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम मोदी से मुलाकात कर नक्सल उन्मूलन, विकास और आगे की रणनीति पर चर्चा की।
- **उच्च स्तरीय बैठकें :** दिल्ली दौरे के दौरान सीएम साय ने गृह मंत्री अमित शाह और ऑपरेशंस से जुड़े शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात की।
- **सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता :** दोनों शीर्ष नेताओं की मौत माओवादी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है, खासकर दंडकारण्य क्षेत्र में।

### राहुल को नींद से जागना ही पड़ेगा
## 'महाराष्ट्र चुनाव फिक्सिंग' के आरोप पर बोले सीएम फडणवीस

**मुंबई । एजेंसी**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नवंबर 2024 में होने वाले महाराष्ट्र चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' के राहुल गांधी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता की टिप्पणी का मतलब है कि उन्होंने बिहार में आगामी चुनावों में अपनी हार स्वीकार कर ली है। फडणवीस ने यह भी कहा कि राहुल की पार्टी तभी चुनाव जीतेगी जब वह मैदान में उतरेंगे और 'तथ्यों को समझेंगे' गांधी ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए पर तीखा हमला किया और कहा कि राज्य में भारी जीत दर्ज करने के लिए 'मैच फिक्सिंग' की गई है। एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजित पवार के गुट सहित भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 288 सीटों में से 235 सीटें जीतकर राज्य में शानदार जीत दर्ज की। भगवा पार्टी ने राज्य चुनावों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया क्योंकि उसने अकेले 132 सीटें जीतीं। सोशल मीडिया पोस्ट में इंडियन एक्सप्रेस के अपने लेख को शीर्षक देते हुए राहुल ने लिखा, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए पर 'लोकतंत्र में हेराफेरी' करने का आरोप लगाया।

इसके अलावा राहुल ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा बिहार चुनाव में भी यही हथकंडा अपनाएगी। उन्होंने आगे कहा क्योंकि महाराष्ट्र का मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी होगा और फिर जहां भी भाजपा हार रही है। मैच फिक्सिंग चुनाव किसी भी लोकतंत्र के लिए जहर है। इसके बाद फडणवीस ने कांग्रेस नेता पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, "इसका मतलब है कि राहुल गांधी ने बिहार में अपनी हार स्वीकार कर ली है। जब तक राहुल गांधी जमीन पर नहीं उतरेंगे और तथ्यों को नहीं समझेंगे, लोगों से झूठ नहीं बोलेंगे और खुद को और अपनी पार्टी को झूठी उम्मीदें नहीं देंगे, तब तक उनकी पार्टी कभी नहीं जीत सकती। उन्हें जागना होगा।



### "मेरा लेख दिखाता है कि यह कैसे हुआ, चरण दर चरण

- **चरण 1:** चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए पैनल में हेराफेरी
- **चरण 2:** मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को शामिल करें
- **चरण 3:** मतदान प्रतिशत बढ़ाएँ
- **चरण 4:** फर्जी मतदान को ठीक उसी जगह लक्षित करें जहाँ भाजपा को जीतना है
- **चरण 5:** सबूत छिपाएं

### केसी त्यागी का पलटवार
## राहुल गांधी को दिखा जंगलराज तो नहीं उठाते सवाल

**नई दिल्ली ।** जनता दल (यूनाइटेड) जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान पर जोरदार पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा कि बिहार, जो कभी सत्य, न्याय और अहिंसा की धरती था, आज 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' बनता जा रहा है। राहुल के इस बयान पर केसी त्यागी ने कहा कि अगर उन्होंने बिहार में जंगलराज देखा होता तो वह शायद इस तरह की टिप्पणी नहीं करते। शनिवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान केसी त्यागी ने कहा कि राहुल गांधी को बयान देने से पहले बिहार के जंगलराज के बारे में जान लेना चाहिए। अगर जान लेंगे तो शायद बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल नहीं खड़े करेंगे।



# आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष :** मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

### आईएसआई एजेंट के साथ ज्योति मल्होत्रा का पोडकास्ट
## माहौल खराब करने के लिए कैसे किया यूट्यूब चैनल का इस्तेमाल?



**नई दिल्ली । एजेंसी**

ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी से पता चला कि यूट्यूबर्स के जरिए पाकिस्तान ने भारत में जासूसी का नेटवर्क बनाया था। इसी जासूसी नेटवर्क पर एक और बड़ा खुलासा हुआ है। नए खुलासे में पाकिस्तानी एजेंट है, जिसका कोडनेम मैडम एन है। पाकिस्तान के पंजाब पुलिस में एक पूर्व सब-इंस्पेक्टर और अब एक यूट्यूबर नासिर ढिल्लों, भारत में जासूसी गिरोह का मास्टरमाइंड होने और खालिस्तानी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए गहन जांच के दायरे में आ गए हैं। पूर्व पाकिस्तानी पुलिस अधिकारी एक व्यापक जासूसी नेटवर्क में शामिल होने और आईएसआई के लिए लोगों की भर्ती करने के लिए रडार पर आ गया है। जांच एजेंसियों को संदेह है कि सैकड़ों पूर्व पाकिस्तानी पुलिसकर्मी इस रैकेट में शामिल हैं। पंजाब से जसबीर की गिरफ्तारी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम था, क्योंकि उसने खुलासा किया कि नासिर ढिल्लन ने उसे आईएसआई एजेंट से मिलवाया था और लाहौर में एजेंट के साथ उसकी मुलाकात तय की थी।

**ज्योति मल्होत्रा के साथ पॉडकास्ट किया :** कथित तौर पर ढिल्लों ने कई भारतीय यूट्यूबर्स से संपर्क बनाए रखा, उनसे दोस्ती की और आईएसआई एजेंटों के साथ उनके संपर्क को सुगम बनाया। वह ज्योति मल्होत्रा के संपर्क में भी था, जिसके साथ उसने पॉडकास्ट भी किया था।

## पत्नी का कटा सिर लेकर थाने पहुंचा पति अवैध संबंध के शक में की हत्या



**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक 28 साल के शख्स शंकर ने अवैध संबंध के शक में अपनी पत्नी का सिर काट दिया। फिर कटा सिर स्कूटर पर लेकर खुद थाने भी गया। पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में उसे गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात बेंगलुरु के अनेकल तालुक के चंदपुरा के पास हीलालिगे गांव में हुई। कपल की शादी को पांच साल से ज्यादा हो चुके हैं और उनकी चार साल की एक बेटी भी है। दोनों ही प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। पति कोरमंगला में काम करता था, जबकि पत्नी बोम्मासंद्रा में जॉब करती थी।

## हरियाणा में 7 करोड़ की साइबर ठगी करने वाला आरोपी बिहार के गोपालगंज से गिरफ्तार

**गोपालगंज (आईएएनएस)।**

हरियाणा में सात करोड़ रुपये की साइबर ठगी के एक मामले में हरियाणा पुलिस ने बिहार के गोपालगंज से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गोपालगंज पुलिस के सहयोग से हरियाणा पुलिस ने मीरगंज थाना क्षेत्र के खरगी छाप गांव में छापेमारी कर विशाल सिंह उर्फ विवेक सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी पर फ्रॉड कर ठगी करने का आरोप है। बताया गया कि आरोपी ने गुरुग्राम स्थित प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी एम थ्री एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के फर्जी मालिक बनकर इस ठगी की घटना को अंजाम दिया और करीब सात करोड़ रुपये की राशि ठग ली। बिहार के गोपालगंज पहुंची हरियाणा पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने खुद को कंपनी का मालिक बताकर कंपनी के एक अधिकारी को व्हाट्सएप पर फर्जी नंबर से संदेश भेजा और 19 मई 2025 से 27 मई 2025 तक अलग-अलग बैंक खातों में कुल 6.96 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए। यह रकम कंपनी के एक ही बैंक के खाते से कई किस्तों में ट्रांसफर की गई। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना दक्षिण गुरुग्राम में एक मामला दर्ज किया गया और पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई। इस मामले की प्राथमिकी थाना साइबर दक्षिण, गुरुग्राम में अपराध धारा 318(4), 319 बीएनएस के तहत दर्ज की गई है।

पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि व्हाट्सएप चैट, बैंक ट्रांजेक्शन डिटेल्स और संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस ने गोपालगंज पुलिस के सहयोग से एक ठगी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को हरियाणा भेज दिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



- गोपालगंज के एसपी अवधेश दीक्षित ने गिरफ्तारी की पुष्टि की
- व्हाट्सएप चैट, बैंक ट्रांजैक्शन डिटेल्स, और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं

# राजस्थान में आईसीयू में बेहोश महिला के साथ बलात्कार!

**जयपुर । एजेंसी**

राजस्थान में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में 32 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ के एक सदस्य ने 4 जून को बलात्कार किया। एफआईआर के अनुसार, अपराध को अंजाम देने से पहले पीड़िता को बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया था, जबकि उसका परिवार वार्ड के बाहर ही इंतजार कर रहा था।

**आईसीयू में भर्ती 32 वर्षीय महिला का बलात्कार :** इस सप्ताह की शुरुआत में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के सर्जिकल मेडिकल आईसीयू के अंदर एक नर्सिंग कर्मचारी द्वारा कथित तौर पर 32 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार किया गया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और अस्पताल स्तर पर जांच शुरू कर दी। आरोपी सुभाष घिथला (30) को अस्पताल में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। प्रशासन ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और स्टाफ सदस्यों को भी नोटिस जारी कर उनसे लिखित जवाब मांगा है। जांच के लिए एक समिति बनाई गई है और शनिवार शाम तक इसके नतीजे आने की उम्मीद है।

## अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ का कर्मचारी था आरोपी



**अपराध को करने का तरीका**

- बिस्तर के चारों ओर पर्दा लगाया गया
- महिला को बेहोशी का इंजेक्शन देकर यौन उत्पीड़न
- महिला ने अर्धचेतन अवस्था में प्रतिक्रिया दी और चिल्लाई

**मेडिकल एथिक्स और सुरक्षा**

- अस्पताल जैसे सुरक्षित स्थान में इस प्रकार की घटना चिकित्सा प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाती है
- पीड़िता की मेडिकल जांच और स्टाफ से पूछताछ की जाएगी

**आरोपी ने बिस्तर के चारों ओर पर्दा लगा दिया था :** अलवर के सहायक उपनिरीक्षक महावीर सिंह ने बताया, "एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 32 वर्षीय पत्नी, जो ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती थी, के साथ 4 जून की रात को नर्सिंग स्टाफ ने बलात्कार किया। आरोपी ने बिस्तर के चारों ओर पर्दा लगा दिया था और महिला को यौन उत्पीड़न करने से पहले बेहोशी का इंजेक्शन लगा दिया था।

**अस्पताल के कर्मचारियों ने उसके साथ बलात्कार किया :** पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता ने नाम पुकारना शुरू कर दिया, जिसके बाद वार्ड स्टाफ ने उसके पति को बुलाया। उस समय उसके बिस्तर के चारों ओर पर्दे लगे हुए थे और महिला नशे की हालत में थी। सुबह जब उसे होश आया, तब उसने अपने परिवार को पूरी आपबीती सुनाई। अस्पताल प्रशासन ने कथित तौर पर मामले को दबाने की कोशिश की।

## आरोपी ने अधिकारियों के सामने महिला और उसके परिवार से माफी भी मांगी

पीड़िता के पति ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से संपर्क किया, लेकिन अधिकारियों ने कथित तौर पर मामले को दबाने की कोशिश की। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने अधिकारियों के सामने महिला और उसके परिवार से माफी भी मांगी। अस्पताल ने कथित तौर पर घटना को दबाने की कोशिश तब तक जारी रखी जब तक कि पीड़िता ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सूचित नहीं किया, जिन्होंने तुरंत पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निर्देशों का पालन करते हुए, पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की, पीड़िता की चिकित्सा जांच की और उसका बयान दर्ज किया। पुलिस ने पुष्टि की कि महिला के वीडियो बयान में स्पष्ट रूप से नर्सिंग स्टाफ के सदस्य को अपराधी के रूप में पहचाना गया है।

## गुकेश नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में तीसरे नंबर पर रहे

# वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन ने खिताब जीता विमेंस में अन्ना मुजीचुक टॉप पर रहीं

**नई दिल्ली । एजेंसी**


वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे चेस 2025 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर रहे। एक अन्य भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी 5वें स्थान पर रहे। जीत के बाद कार्लसन ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। टूर्नामेंट जीतना राहत की बात है। टूर्नामेंट काफी उतार-चढ़ाव भरी रहा, लेकिन अंत में सबकुछ अच्छा रहा। गुकेश और अर्जुन के बारे में उन्होंने कहा, सभी बहुत अच्छे हैं। हालांकि, उन्हें अभी भी तैयारी के लिए थोड़ा समय चाहिए। आर्मेनिया में एक टूर्नामेंट चल रहा है, जहां भारत के आर प्रग्गनानंद और अरविंद चिदंबरम ने बहुत अच्छा शतरंज खेला। गुकेश के खिलाफ हुए मुकाबले में मिली हार को लेकर कार्लसन ने कहा, भले ही यह कोई अच्छी याद नहीं, लेकिन मुकाबला हमेशा याद रहेगा। गुकेश ने छठे राउंड में कॉर्लसन को हराया था भारतीय स्टार डी गुकेश ने छठे राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हराया था। गुकेश की क्लासिकल चेस में कार्लसन के खिलाफ पहली जीत हासिल की थी। हार के बाद कार्लसन ने गुस्से में चेस बोर्ड पर मुक्का मारा, जिससे मोहरे बिखर गए। हालांकि बाद उन्होंने गुकेश से माफी मांगी और उनकी पीठ भी थपथपाई। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात नहीं की और चले गए।

विमेंस कैटेगरी में मुजीचुक को मिली जीत विमेंस कैटेगरी में यूक्रेन की ग्रैंडमास्टर अन्ना मुजीचुक ने खिताब जीता। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी तीसरे और वैशाली रमेशबाबू पांचवें स्थान पर रहीं।

### भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

- वैशाली रमेशबाबू ने पांचवां स्थान हासिल किया।
- आर प्रग्गनानंद और अरविंद चिदंबरम ने आर्मेनिया टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया।





### मुजीचुक की बड़ी जीत : यह मेरे करियर की अहम सफलता है

मुजीचुक ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। इस टूर्नामेंट में जीत बहुत मायने रखती है। मुझे लगता है कि यह बड़ी सफलता है। भारत को नई पीढ़ी से कई नए और अच्छे खिलाड़ी मिल रहे हैं, लेकिन पुरानी पीढ़ी में भी कोनेरू हम्पी जैसी दिग्गज रही हैं। मैंने कोनेरू के साथ अपना पहला गेम तब खेला था जब मैं केवल सात साल की थी। उस समय वो 10 साल की थी। यह 28 साल पहले की बात है। मुजीचुक ने कहा कि भारत विमेंस और मेंस दोनों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में कई और खिलाड़ी आएंगे, जिनके खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहेगा।

## जोकोविच फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल हारे कहा-

# शायद यह मेरा आखिरी मैच था, 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच को 23 साल के सिनर ने हराया

**नई दिल्ली । एजेंसी**

24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2025 का सेमीफाइनल मैच हार गए हैं। इसी के साथ उनका 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने का सपना भी टूट गया है। 38 साल के सर्बिया के स्टार को 23 साल के इटली के जैनिक सिनर ने 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया। यह मैच 3 घंटा और 16 मिनट में चला। सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद जोकोविच ने अपना बैग नीचे रखा। दर्शकों को आभार जताते हुए कहा- 'शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था।' जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।

इससे पहले जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को हराकर फ्रेंच ओपन में अपनी 100वीं जीत दर्ज की थी, जिससे वह राफेल नडाल के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। वर्ल्ड नंबर-1 सिनर और अल्काराज के बीच फाइनल वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर का फाइनल में सामना रविवार (8 जून) को वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज से होगा। पहले सेमीफाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी ने कार्लोस अल्काराज के खिलाफ मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया था। 8वीं सीड मुसेट्टी ने मुकाबले से जब हटने का फैसला किया, उस समय अल्काराज 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे।



**जोकोविच ने कहा-**
क्या मैं आगे खेलना चाहता हूं, हां, मैं चाहता हूं। लेकिन क्या मैं 12 महीने बाद यहां खेल पाऊंगा, मुझे नहीं पता। मैंने कहा था कि यह यहां मेरा आखिरी मैच हो सकता है। मैंने ऐसा नहीं कहा था कि यह मेरा यहां आखिरी मैच होगा।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप दौरे में बेल्जियम ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड से भिड़ेगी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलेगी। भारतीय टीम 8 से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड की टीमों को चुनौती देगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद अब टीम अगले चरण के लिए यूरोप पहुंच गई है। भारत एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ दौरे की शुरुआत करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यूट्रेक्ट के हॉकी क्लब कम्पोंग में नीदरलैंड के खिलाफ मैच के साथ भारत अपने दौरे का समापन करेगा। अर्जेंटीना में भारतीय टीम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने चिली के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इसके अलावा मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से मैच जीता और उरुग्वे को दो बार हराया। यह दौरा टीम की तैयारियों के लिए बेहद अहम है। खासतौर पर ये मैच दिसंबर 2025 में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप-2025 के लिए भारत की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। इससे विभिन्न परिस्थितियों में मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए टीम कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए जरूरी आत्मविश्वास पैदा करने में मदद मिलेगी। यूरोपीय दौरे से पहले भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, "यह दौरा हमारी टीम के लिए एक बेहतरीन मौका है।

अर्जेंटीना में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला और अब बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले खेलने से हम उस लय को बनाए रख पाएंगे।

- **चिली पर जीत:** भारतीय टीम ने चिली को 2-1 से हराकर शानदार शुरुआत की।
- **मेजबान अर्जेंटीना से बराबरी:** अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबला 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ।
- **उरुग्वे के खिलाफ दो जीत:** भारत ने उरुग्वे को लगातार दो बार हराकर अपना दबदबा बनाए रखा।

## टेस्ट सीरीज के लिए यूके पहुंची भारतीय टीम, 'गिल एंड कंपनी' के हौसले बुलंद

**नई दिल्ली** । भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इसके लिए शनिवार को टीम इंडिया लंदन पहुंच चुकी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर टीम के लंदन पहुंचने का वीडियो पोस्ट किया है। बीसीसीआई ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, "यूके पहुंच गए हैं। बीसीसीआई के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में यूके पहुंचकर भारतीय खिलाड़ी काफी कूल नजर आ रहे हैं।

# वीपीटीएल 2025 : पहली हार के बाद बोले कप्तान जितेश शर्मा, 'बल्लेबाजों को लेनी होगी जिम्मेदारी

**नागपुर (आईएएनएस)**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा विदर्भ प्रो टी-20 लीग में एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर की कप्तानी कर रहे हैं। पहले मैच में हार के बाद उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत है। विदर्भ प्रो टी20 लीग में शुक्रवार को खेले गए एक मैच में भारत रेंजर्स ने एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर पर 23 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर टीम के कप्तान जितेश शर्मा भी अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सके। हालांकि, आने वाले मैचों में उन्होंने बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। मैच के बाद जितेश शर्मा ने कहा, "विदर्भ लीग में यह हमारे लिए सीखने का दौर है। यह हमारा पहला साल है और स्वाभाविक रूप से, गलतियां होंगी। लेकिन, महत्वपूर्ण यह है कि हम सीखें और सुधार करें। आईपीएल पूरी तरह से एक अलग लीग है और इसकी सीधे तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन हम यहां अपने मानकों और कौशल के स्तर को निश्चित रूप से बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, "आज कुछ गलतियां बल्लेबाजी में हुईं। लेकिन, हम सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी इकाई को अधिक जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। एक खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर मैं बस यही चाहता हूं कि युवा खिलाड़ी खेल का आनंद लें और अनुभव के माध्यम से आगे बढ़ें। एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर शनिवार को नागपुर टाइटन्स से और रविवार को नागपुर हेरोज से भिड़ेगा। जितेश शर्मा ने कहा, "अगले मैच के लिए हमारी योजना, बेहतर क्रिकेट खेलना और जीत पर ध्यान केंद्रित करना है।



## अनऑफिशियल टेस्ट- केएल राहुल का शतक

# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले दिन इंडिया-ए 319/7, जुरेल का अर्धशतक

**नई दिल्ली** । इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच नॉर्थम्पटन में खेले जा रहे दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट का पहला दिन केएल राहुल के नाम रहा। राहुल ने इंग्लैंड दौरे की अपनी शुरुआत शतक लगाकर की। राहुल ने पहली पारी में 168 बॉल पर 116 रन की पारी खेली। ध्रुव जुरेल ने 52 रन बनाए। इंडिया-ए ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट खोकर 319 रन बना लिए हैं। पहले दिन बारिश की वजह से दो बार खेल रोकना पड़ा, इस वजह से 83 ओवर का ही खेल हो पाया। तनुष कोटियान (5) और अंशुल कंबोज (1) नाबाद लौटे। यशस्वी-राहुल के बीच 86 रन की साझेदारी इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया।

# दक्षिण अफ्रीकी टीम संतुलित, डब्ल्यूटीसी फाइनल एक शानदार मैच होगा : लाबुशेन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन का मानना है कि लॉर्ड्स में 'संतुलित' दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल एक 'शानदार मैच' होगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2022-23 में टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का सामना किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत दर्ज की थी। मार्नस लाबुशेन ने आईसीसी से कहा, "साउथ अफ्रीका इस डब्ल्यूटीसी चक्र में एक बहुत अच्छी टीम रही है। यह कागजों पर एक संतुलित टीम है। उनके पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। यह हमारे लिए एक शानदार चुनौती होगी। हमें अपने खेल पर फोकस करना होगा। लॉर्ड्स में खेलना खास होता है। यह एक शानदार सप्ताह और एक शानदार मैच होने जा रहा है। 30 वर्षीय लाबुशेन उस प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे जिसने 2023 में ओवल में भारत को 209 रनों से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीती थी। इस बार फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका से भिड़ रही है। लाबुशेन ने कहा, "यह एक रोमांचक टूर्नामेंट है।



# केंद्र ने वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों के प्रोक्योरमेंट के लिए जीएफआर नियमों को बनाया आसान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि रिसर्च को आसान बनाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए जनरल फाइनेंस रूल्स (जीएफआर) को सरल बनाया गया है। जीएफआर केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों के लिए वित्तीय प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा प्रदान करता है। सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर) केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों पर लागू होते हैं, जिनके अपने स्वीकृत वित्तीय विनियम हैं। जीएफआर बजटिंग, खरीद, व्यय और लेखांकन जैसे पहलुओं को कवर करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस कदम से युवा शोधकर्ताओं के लिए स्वायत्तता बढ़ेगी। उन्होंने कहा, "युवा महत्वाकांक्षी स्टार्टअप, इनोवेटर्स और शोधकर्ताओं के लिए यह एक उत्साहजनक खबर है और साथ ही एक बड़ी सफलता है।

रिसर्च करने में आसानी के एक ऐतिहासिक कदम में, साइंटिफिक उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों के प्रोक्योरमेंट के लिए जीएफआर नियमों को सरल बनाया गया है। उन्होंने कहा, "नियमों को आसान बनाने के साथ देरी कम होगी। साथ ही शोध संस्थानों के लिए स्वायत्तता और फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ेगी और वे तेजी से इनोवेशन करने को लेकर सशक्त बनेंगे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस परिवर्तनकारी सुधार के लिए सराहना की, जो विकसित भारत की प्रौद्योगिकी-संचालित यात्रा को गति देगा। 5 जून को जारी एक कार्यालय ज्ञापन में वाइस-चांसलर, वैज्ञानिक संगठनों के निदेशक और शैक्षणिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की गैर-सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) खरीद की अनुमति दी गई है। ज्ञापन के अनुसार, यह आदेश केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी; बायोटेक्नोलॉजी; वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान; परमाणु ऊर्जा; अंतरिक्ष; पृथ्वी विज्ञान; रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन; भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), जिसमें इसके संबद्ध संस्थान और विश्वविद्यालय शामिल हैं; स्वास्थ्य अनुसंधान (डीएचआर), जिसमें भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद शामिल है; किसी भी मंत्रालय/विभाग के तहत स्नातकोत्तर/डॉक्टरेट स्तर के पाठ्यक्रम या अनुसंधान आयोजित करने वाले शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों पर लागू होगा।



- **जीआरएफ का दायरा :** यह नियम केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों पर लागू होते हैं, जिनके अपने वित्तीय विनियम होते हैं।
- **कवरेज क्षेत्र :** जीआरएफ बजटिंग, खरीद (प्रोक्योरमेंट), व्यय और लेखांकन जैसी प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है।

# देश के हर परिवार तक एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के चंद घंटों में घर तक हो रहा डिलीवर : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि देश में 33 करोड़ से अधिक ग्राहकों को अब बुकिंग के कुछ घंटों के भीतर ही एलपीजी सिलेंडर की डोरस्टेप डिलीवरी मिलती है। विश्व एलपीजी दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने इस व्यापक पहुंच और दक्षता का श्रेय हर घर तक स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन को सुलभ बनाने के सरकार के निरंतर प्रयासों को दिया। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि देश भर में, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों के खाना पकाने के तरीके में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा, "पीएमयूवाई के तहत 10.33 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन दिया गया है, जिससे उन्हें पारंपरिक ईंधन से सुरक्षित और स्वच्छ एलपीजी में परिवर्तन करने में मदद मिली।" केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा, "इस क्रांति ने रसोई के धुएं को कम कर न केवल स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार किया है।



## कृषि ऋण वृद्धि : संस्थागत कृषि ऋण पहुंचा 27.5 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में कृषि के लिए संस्थागत ऋण 7.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 27.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह जानकारी शनिवार को वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "पीएम नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया कि अन्नदाता को समय पर वित्तीय सहायता मिले और इसके लिए उसे इंतजार न करना पड़े। इसी के साथ, कृषि के लिए संस्थागत ऋण लगभग चौगुना हो गया है, जो कि 2013-14 में 7.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 27.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। केंद्र सरकार के अनुसार, "2014 से पीएम मोदी के नेतृत्व में, हमारे अन्नदाताओं को सम्मान, इनकम सपोर्ट, एमएसपी आश्वासन, एग्री-इंफ्रा और वैश्विक बाजार तक पहुंच मिली है।

# फोन में नेटवर्क प्रॉब्लम को मिनटों में ठीक करें, अपनाएं ये आसान ट्रिक्स

आजकल मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन कई बार सबसे जरूरी समय पर फोन में नेटवर्क नहीं आता या सिग्नल बेहद कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में कॉल करना, मैसेज भेजना या इंटरनेट चलाना मुश्किल हो जाता है।

**1. एयरप्लेन मोड को ऑन-ऑफ करें :** जब भी नेटवर्क गायब हो जाए, तो सबसे पहला और आसान उपाय है-फोन को एयरप्लेन मोड में डालना। इससे आपका मोबाइल नेटवर्क से पूरी तरह डिस्कनेक्ट हो जाता है और दोबारा जुड़ने की कोशिश करता है।

**कैसे करें**

- फोन की स्क्रीन ऊपर से नीचे स्वाइप करें।
- एयरप्लेन आइकन पर टैप करें और 10-15 सेकंड बाद दोबारा टैप करके बंद कर दें।
- अब नेटवर्क वापस आ सकता है।

**2. फोन को करें रीस्टार्ट :** फोन को रीस्टार्ट करना भी नेटवर्क की समस्याओं को हल करने का एक पारंपरिक लेकिन कारगर तरीका है। जब आप फोन को दोबारा चालू करते हैं, तो वह नेटवर्क सर्च करता है और अक्सर बेहतर सिग्नल कैच करता है।

**टिप: रीस्टार्ट करने के बाद कुछ मिनट इंतजार करें और फिर नेटवर्क की स्थिति जांचें।**

**3. सिम कार्ड की जांच करें :** अक्सर नेटवर्क की समस्या सिम कार्ड की खराब फिटिंग या डैमेज के कारण भी हो सकती है।

**क्या करें**

- फोन बंद करें और सिम ट्रे निकालें।
- सिम को साफ कपड़े से हल्के हाथों से साफ करें।
- दोबारा ठीक से सिम को लगाएं और फोन ऑन करें।
- अगर फिर भी नेटवर्क न आए, तो संभव है कि सिम खराब हो। ऐसे में नजदीकी सर्विस सेंटर से नई सिम लें।

**4. नेटवर्क सेटिंग्स को करें रीसेट** कई बार फोन की गलत सेटिंग्स नेटवर्क को बाधित करती हैं। ऐसे में नेटवर्क सेटिंग्स को रीसेट करना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।


**कैसे करें**

- Settings > System > Reset options > Reset Wi-Fi, mobile & Bluetooth
- यहां से नेटवर्क सेटिंग्स को रीसेट कर दें।
- इसके बाद फोन को रीस्टार्ट करें।

**5. सॉफ्टवेयर अपडेट जरूर करें :** फोन के पुराने सॉफ्टवेयर वर्जन में बग्स हो सकते हैं जो नेटवर्क से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

**समाधान**

- फोन की Settings में जाएं।
- About Phone > Software Update पर क्लिक करें।




- यदि अपडेट उपलब्ध है तो तुरंत डाउनलोड और इंस्टॉल करें।
- नई अपडेट में नेटवर्क सुधार के लिए जरूरी फिक्सेस शामिल हो सकते हैं।

**6. वाई-फाई कॉलिंग का करें इस्तेमाल :** अगर आप घर के अंदर हैं और सिग्नल नहीं मिल रहा, तो वाई-फाई कॉलिंग एक बेहतरीन विकल्प है।

**कैसे चालू करें:**

- Settings > Network & Internet > Mobile Network > Wi-Fi Calling
- इसे ऑन कर दें और एक मजबूत Wi-Fi नेटवर्क से कनेक्ट करें।
- अब आप बिना मोबाइल नेटवर्क के भी कॉल कर सकते हैं।

**7. बाहरी एंटेना या सिग्नल बूस्टर लगाएं :** जो लोग पहाड़ी या ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, वहां नेटवर्क की समस्या ज्यादा होती है।

**समाधान**

- आप बाहरी एंटेना या मोबाइल सिग्नल बूस्टर का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- ये डिवाइसेस कमजोर सिग्नल को कैच करके मजबूत कर देते हैं।
- बाजार में कई ब्रांडेड नेटवर्क बूस्टर्स मिलते हैं, जिनका इस्तेमाल बहुत आसान है।




# एहतेराम के साथ अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ईदगाह समेत अन्य मस्जिदों में ईद-उल-अजहा( बकरीद) की नमाज शनिवार को अकीदत व एहतेराम के साथ अदा की गई। जिसमें मुल्क में अमन व शांति के साथ तरक्की की दुआ मांगी गई। बालूमाथ ईदगाह में मौलाना मजहर ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्योहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पैगम्बर हजरत इब्राहिम को अल्लाह ने अपने सबसे प्रिय को कुर्बान करने का हुक्म दिया। अल्लाह के हुक्म पर अपने रब को राजी करने के लिए पैगम्बर हजरत इब्राहिम ने अपने तेरह वर्षीय एकमात्र पुत्र को कुर्बान करने की कोशिश की. अल्लाह को अपने पैगम्बर की अदा बहुत पसंद आई और पैगम्बर हजरत इब्राहिम की सुन्नत के रूप में इसे मुसलमानों पर त्योहार का तोहफा दिया। जामा मस्जिद में मौलाना अताउल्लाह ने बकरीद की नमाज अदा करायी. इसके अलावा मासियातू, मूरपा, शेरेगड़ा, बालू ,धाधु, मकैयाटाड़, जर्री, मारंगलोइया सहित तमाम मस्जिदों में श्रद्धा व पूरी अकीदत के साथ ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई. नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी. बच्चों में भी बकरीद पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया. मुस्लिम यूथ कमिटी ने सदर मुजम्मिल हुसैन के नेतृत्व में ईदगाह को नमाज के लिए मुकम्मल तैयार करवाया था. मुस्लिम यूथ कमिटी के द्वारा ईदगाह के प्रवेश स्थल पर तोरणद्वार व मुबारकबाद के बैनर लगाए गए थे। बकरीद को लेकर डीसी व एसपी के निर्देश पर सभी संवेदनशील इलाकों में शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार संपन्न कराने के लिए ईदगाह, मस्जिदों मेंभीपुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## मो.आलम राइन ने तरबूज का किया वितरण

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के अंतर्गत अंबेडकर चौक स्थित मदरसा मार्केट के समीप समाजसेवी मोहम्मद आलम राइन ने ईद-उल-अज़हा (बक़रीद) के पावन अवसर पर असहाय के बीच तरबूज वितरण किया। मौके पर मोहम्मद आलम राइन ने हुसैनाबाद समेत समस्त क्षेत्रवासियों को दिली मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ईद-उल-अज़हा कुर्बानी का त्यौहार है, जो हमें जीवन में त्याग और बलिदान की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह त्याग ही वह महत्वपूर्ण जीवन मूल्य है, जो परिवार, समाज और राष्ट्र की एकजुटता को क़ायम रखता है।

## अकीदत के साथ पढ़ी गई बकरीद की नमाज, विधायक ने दी मुबारकबाद



**पलामू।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में शनिवार को बकरीद हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. मुसलमान भाइयों ने सुबह में मस्जिदों व ईदगाहों में अकीदत के साथ नमाज अदा की और अल्लाह अमन चैन दुआ मांगीं. कुर्बानी की सुन्नत अदा की गई और गरीबों में वितरित किया। गरीबों को पैसा व अन्य सामग्री भी दान की गई. लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। राजद विधायक संजय सिंह यादव ने भी गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी ने कहा कि बकरीद का त्योहार हजरत इब्राहीम अ के त्याग और बलिदान का प्रतीक है. यह समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देता है. लोगों को एक दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है. हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज क्षेत्र में सौहार्द के साथ त्योहार मनाया गया।

## महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**लातेहार।** शहर के रिहायशी इलाके पहाड़पुरी में एक महिला की हत्या कर दी गयी. महिला की पहचान 55 वर्षीय जतरी देवी के रूप में की गयी है. उसका ससुराल चंदवा के गरदाग इलाके में था, लेकिन वह पहाड़पुरी में एक किराये के मकान में रहती थी. परिजनों ने अंचल कार्यालय में कार्यरत चौकीदार पंचम उरांव, जो जतरी देवी के मामा ससुर का बेटा है, पर हत्या का आरोप लगाया है। जतरी देवी की पुत्रवधु ने बताया कि पंचम उरांव हमेशा की तरह शुक्रवार की रात को भी घर पर खाना खाने आया. खाना खाने के बाद करीब दो बजे सभी छत पर सोने की तैयारी कर रहे थे. इसी दौरान पंचम ने गैस सिलिंडर से उसकी सास पर वार किया. वह बचाने गयी तो उसके साथ भी मारपीट की. इधर घटना की सूचना पाकर सदर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और आरोपी पंचम उरांव को हिरासत में ले लिया है।

## ट्रक चालक की पत्थर से कूचकर हत्या

**लातेहार।** जिले में एक ट्रक चालक की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गयी है। यह घटना चंदवा थाना क्षेत्र के पन्नाटांड़ पुलिस पिकेट के पास शनिवार की अहले सुबह घटी है। बरामद दस्तावेज के मुताबिक, मृतक की पहचान चंद्रभूषण मौवर के रूप में हुई है और वह हाउसिंग कॉलनी, आदित्यपुन-1, सरायकेला का निवासी था। सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा था जानकारी के अनुसार, चंद्रभूषण मौवर पन्नाटांड़ पुलिस पिकेट के पास बेहोशी की हालत में पड़ा था. जिसके बाद लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे बेहोशी की हालत में चंदवा सामुदायिक अस्पताल लायी. यहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाते समय अमझरिया घाटी के पास उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, लातेहार भेज दिया है। वहीं पुलिस की सूचना पर चंद्रभूषण मौवर का बेटा लातेहार पहुंच चुका है। पुलिस के अनुसार, अज्ञात अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया गया है. हत्या से पूर्व ट्रक पर हमला करने का भी प्रयास किया गया है. जिसकी वजह से ट्रक का शीशा टूट गया है. पुलिस ने कहा कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है. हालांकि आशंका जतायी जा रही है कि लूटपाट के इरादे से घटना को अंजाम दिया गया है।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया प्रभावित गांवों के स्कूलों का निरीक्षण

**लातेहार।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम के द्वारा नवनियुक्त डीवीसी प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने शनिवार को प्रभावित गांवों व विस्थापित क्षेत्रों का दौरान किया। इस दौरान वे स्कूलों का का दौरा किया और विद्यालय में बोरिंग, मोटर, नल कुर्सी आदि आवश्यक चीजों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि स्कूल की छत काफी जर्जर अवस्था में है, यहां शिक्षा के लिए ना तो डिजिटल एजुकेशन डिवाइस, पंखे आदि की भी सही सुविधा नहीं है, जिसके चलते यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ये सभी चीजों को आने वाले दिनो में विधायक के निर्देश पर डीवीसी प्रबंधन को अवगत कराया जाएग और इसमें सुधार कराने की भरपूर कोशिश मेरे द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने नेवाडी में स्थित विद्यालय के विस्थापन की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि जल्द डीवीसी कंपनी के द्वारा विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र का विकास कार्य बड़े पैमाने पर किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक शिक्षक तथा तय प्रकाश साहू, आकाश कुमार, बहादुर उरांव देवचंद उरांव अन्य लोग उपस्थित थे।

## सवारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**लातेहार।** सरयू प्रखंड अंतर्गत पीरी- गनईखाड़ ग्राम के बीच एक सवारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से एक ग्रामीण की मौत की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। मृतक की पहचान गनईखाड़ ग्राम निवासी बलराम सिंह( 40 ) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी में बैठ कर कई ग्रामीण सरयू बाजार से गनईखाड़ ग्राम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सवारी वाहन पीरी-गनईखाड़ ग्राम के बीच जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें बलराम सिंह को गंभीर चोट लगी। इस घटना के बाद उन्हें ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर है जेठ जतरा: रामचंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिले के महुआडांड़ में शनिवार को जेठ जतरा का आयोजन किया गया। चैनपुर पंचायत के सेमबरबुढनी गांव के आम बगीचा सरना स्थल पर आयोजित इस वार्षिक महोत्सव में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। उनका आदिवासी पारंपरिक के अनुसार स्वातगत किया गया। नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज विरोधी मोर्चा के सचिव जेरोम जेराल्ड ने विधायक को स्मृाति चिह्न व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जेठ जतरा झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने लोगों का आदिवासी परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज की एक अपनी लोक संस्कृति और परंपरा है. उसी का निर्वहन करने और आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम यह जेठ जतरा है। यह हमारी सांस्कृनतिक धरोहर है। हमारे समाज के पूर्वज भी इन लोक परंपराओं का पालन करते रहे हैं और हमें उम्मीद है कि अगली पीढियां भी करती रहेंगी। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों से आएं आदिवासी समाज के लोगों भाग लिया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, उप प्रमुख अभय मिंज, आदिवासी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजित पाल कुजूर, प्रमिला मिंज, कमला किंडो, समिति निर्मला टोप्पो, कांग्रेस नेता रामनरेश ठाकुर, राजेश टोप्पो आदि मौजूद थे।

## पलामू के दो थाना क्षेत्रों से 100 भेड़-बकरी की चोरी

**पलामू ।** जिले में पशु चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. ताजा मामला पलामू के दो थाना क्षेत्रों नावाबाजार और रेहला सामने आया है, जहां कुल 100 भेड़-बकरियों की चोरी हुई है. इस वारदात के बाद पुलिस अलर्ट हो गयी है. दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. घटनाओं में किसी संगठित गिरोह के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है. फिलहाल इलाके में दहशत का माहौल है और पशुपालक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। पहली घटना पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र की है. जहां सुजीत पाल, जो बकरी पालन का व्यवसाय करते हैं, के घर से गुरुवार की रात 50 बकरियों की चोरी हो गई. बताया गया कि सुजीत पाल ने सभी बकरियों को घर के एक कमरे में बंद कर रखा था और एक बुजुर्ग महिला देखरेख कर रही थी. इसी क्रम में देर रात अपराधियों ने घर का ताला तोड़कर सभी बकरियां चोरी कर लीं।

## महिला के गले से सोने का चेन छीना कर अरोपी फरार

**पलामू।** घर का पता पूछकर एक बुजुर्ग महिला से सोने का चेन छीन लिया गया। घटना मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूल जमुने के पास हुई। सीसीटीवी फुटेज से लुटेरों की फोटो सामने आयी है। उनकी संख्या दो है। एक हेलमेट पहन रखा है, जबकि दूसरे का चेहरा खुला हुआ दिख रहा है।इस संबंध में शनिवार को सदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। 70 साल की कलावती कुंवर ने शनिवार को बताया कि अपने घर के पास टहल रही थी। इसी क्रम में एक बाइक पर सवार दो युवक बस्ती की ओर से निकले और सुजीत तिवारी का घर पूछा। महिला ने बताया कि उसके घर के आसपास कोई सुजीत तिवारी नहीं रहते हैं। बातचीत के क्रम में अचानक बाइक चला रहा युवक गेट से अंदर हाथ डालकर उसके गले से सोने का चेन छीन लिया।

## मूंग के बेहतर उत्पादन के आसार बढे, मौसम बना अनुकूल

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** अनुकूल मौसम की वजह से मूंग फसल की बेहतर उत्पादन का आसार दिखाई देने लगा है।इस क्षेत्र के किसानों ने लंबे समय से मूंग की खेती करना शुरू कर दिया है। इसकी बड़ी वजह उन्होंने बेहतर बिजली आपूर्ति और मुख्य नहर के लाइनिंग वर्क को लेकर लगातार 2-3 वर्षों से भीमबराज में भारी जलसंग्रहण से कूप और नलकूप के जलस्तर का कम नहीं होना बताया है। साथ ही कहा कि नियमित रूप से सिंचाई के साथ ही चालू मौसम की हिट वेव की वजह से मूंग फसल लहलहाती नजर आ रही है। इसे देखते हुए इसके बेहतर पैदावार की उम्मीद की जा सकती है। अन्य वर्षों की तरह इस बार भी रामनगर, बिचलाडीह और शिलापर में मूंग की बोवाई की गई है। किसानों का कहना है कि रबी फसल के बाद खाली पड़ी खेत में गर्मी के सीजन में मूंग की खेती आमदनी बढ़ाने के श्रोत के साथ ही सस्ते में दाल की जरूरत भी पूरी कर रही है। बोवाई के 45 दिनों बाद फलियों में दाने लगने लगे हैं। जबतक झमाझम बारिश नहीं हो जाती, तबतक फलियों से दाने मिलते हैं। इसके डंठल धान उत्पादन को लेकर खेतों की जुताई के साथ सड़-गलकर मिट्टी में मिल जाते हैं। जो उर्वरक के रूप में फायदेमंद होते हैं।

## लोहरसी में 21 पड़हा सम्मेलन 11 को

**चंदवा।** प्रंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत लोहरसी देवनदिया पड़हा राज गांव में अपनी सभ्यता व संस्कृति को जागृत करने को लेकर 21 पड़हा सम्मेलन का आयोजन आगामी 11 जून को किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप देने को लेकर बैठक का भी आयोजन किया, जिसमें कार्यक्रम के निमित कार्यभार का बंटवारा भी किया गया। उक्त जानकारी देते हुए माल्हन मुखिया जतरू मुंडा व आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से विमुख हो रहे समाज को जागृत करने के उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें 21 पड़हा ग्राम अंतर्गत आने वाले समाज के लोग सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में आदिवासी समाज की प्रबुद्ध जनों के द्वारा हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही कई कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# अकीदत के साथ मना त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद

## गले मिलकर लोगो ने दी एक दूसरे को मुबारकबाद

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार शनिवार को शहर समेत ग्रामीण इलाकों में अकीदत के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जामा मस्जिद,मदीना मस्जिद, फातिमा मस्जिद, शुक्रबाजार अलौदिया, कामता, कुजरी, बेलवाही, बोदा, चकला, ब्राह्मणी,हुचलू, सेरक, रामपुर, मालहन समेत प्रखंड के सभी मस्जिदों में अपने अपने तय समयानुसार ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गई जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलम्बी शामिल हुए। नमाज़ के दौरान देश-दुनिया व राज्य में अमन चैन व खुशहाली की सामुहिक दुआ मांगी गई। नमाज़ के बाद लोग गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से गले मिल बक़रीद की मुबारकबाद दी। तत्पश्चात कुर्बानी की रस्म अदा की गई। इस्लाम धर्म में यह दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है। यह पर्व हमें निस्वार्थ सेवा,भाईचारे और मानवता के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। हजरत इब्राहिम की याद में कुर्बानी देने की परंपरा है। लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक,बीडीओ चंदन प्रसाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी मस्जिदों समेत सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावे प्रखंड प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट की नियुक्ति भी की गयी थी।

# जपला रेलवे स्टेशन से चार पेटी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में दो शराब तस्करों को चार पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के राकेश चौधरी के पुत्र सुमित कुमार चौधरी और सासाराम, रोहतास निवासी विजय शाह के पुत्र बादल शाह के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, ये दोनों तस्कर लंबे समय से झारखंड से बिहार में शराब की तस्करी कर रहे थे। जीआरपी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर जपला रेलवे स्टेशन के रास्ते शराब लेकर बिहार जाने वाले हैं। सूचना के आधार पर आरपीएफ और उत्पाद विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दोनों तस्करों को पकड़ लिया। इनके पास से चार पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। है पुलिस तस्करों के नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इनका संबंध किन-किन इलाकों तक फैला है।

## जीप सदस्य ने भवानी कंप्यूटर एंड स्टूडियो का किया उद्घाटन



**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय के सामने टीवीएस शोरूम के बगल में शनिवार को भवानी कंप्यूटर एंड स्टूडियो का उद्घाटन बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से फिता काटकर विधिवत उद्घाटन किया.मौके पर जीप सदस्य ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के समीप यह भगवती कंप्यूटर व स्टूडियो खुलने से आम जनता ग्रामीणों को ऑनलाइन फोटो आदि कार्यों के लिए सहूलियत होगी। मौके पर दुकान के संचालक सह पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री सरवन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अब जमीन से संबंधित, जाति आय स्थानीय आदि ऑनलाइन पेपर निकालने के लिए कहीं अब भटकना नहीं पड़ेगा इस दुकान में हर ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध रहेगी। मौक पर उपरोक्त लोगों के अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा , रामजी सिंह ,राजकुमार पाठक , रामकुमार गुप्ता ,विजय यादव, अरविंद भगत, बालेश्वर यादव, राजेंद्र चावला, राजेंद्र प्रसाद, शिकेश्वर प्रसाद,पंकज कुमार सिंह, विनोद राणा, हरभजन सोनी, बसंत कुमार, सरवन कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## किसान के बेटे ने आईआईटी परीक्षा किया पास, लोगों ने दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोटनिया अंतर्गत एकौनी गांव निवासी राजकुमार मेहता के पुत्र प्रशांत कुमार ने ऑल ओवर इंडिया आईआईटी परीक्षा में 15250 रैंक व ओबीसी एनसीएल रैंक 3812 लाकर सफल हुए । इस मौके पर उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहताउर्फ एसपी मेहता सहित क्षेत्र के लोगो ने उनके आवास पर जाकर हौसला बढ़ाया व बधाई दी । इस दौरान श्री मेहता ने कहा कि क्षेत्र के बच्चे हर परीक्षा में सफल परचम लहराये इससे अन्य लोगों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ता हैं ।उन्होंने उनके पिता को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में खेती बारी कर बच्चों के उच्च शिक्षा देने वाले माता पिता बधाई के पात्र है। वहीं प्रशांत कुमार ने कहा कि मेरे सफलता के पीछे पिता का परिश्रम हैं ।हर व्यक्ति को अपने पिता के कर्ज को शिक्षा व सफलता से चुकाया जा सकता हैं। उन्होंने अपने गुरु को भी सफलता में योगदान बताया। मौके पर सुरेश मेहता, रामचंद्र मेहता, शिक्षक मनोज कुमार मेहता , सुबोध मेहता विनय, अशोक मेहता आदि ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# पेज एक के शेष

## कार्तिक उरांव फ्लाईओवर...

एसपी रांची को निर्देश दिया कि स्टंट करने वाले लड़कों को चिन्हित कर इन्हें परिवहन का नियम बताएं और अविलंब कार्रवाई करें। यह लोग हुड़दंग करने वाले हैं, इन से यह पूछा जाए की जीवन अनमोल है या जलवा। मंत्री दीपक बरुआ के एक्स हैंडल पर मामले की जानकारी देते ही रांची पुलिस एक्टिव हो गई है। रांची के ट्रैफिक एसपी ने मंत्री को यह आश्वासन दिया है कि 'वीडियो में दिख रहे युवाओं की पहचान की जा रही है। उनपर नियम अनुसार कार्रवाई कर उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाएगी। सड़क सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

## पांकी विधायक शशिभूषण...

झारखंड के भाजपा विधायकों के साथ इस प्रकार का व्यवहार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि जब उन्होंने अपनी बुकिंग की जांच की, तो पता चला कि एक कमरा तो पूर्व विधायक के नाम पर बुक था, जबकि बाकी सभी कमरे खाली थे। झारखंड भवन की व्यवस्था संभालने वालों पर करें कार्रवाई विधायक ने सवाल उठाया कि सरकार ने इसे बनाने में करोड़ों रुपए खर्च कर दिए, अब लाभ किसे मिल रहा यह स्पष्ट नहीं है। विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि झारखंड भवन की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए। उन्होंने कहा है कि जो लोग इस प्रकार की गलत व्यवस्थाएं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों...

(सीआरपीएफ) की विशिष्ट इकाई कोबरा बटालियन के जवान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पांच जून को सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में माओवादियों के नेता सुधाकर उर्फ गौतम का शव बरामद किया गया था। इसके बाद छह जून को तेलंगाना स्टेट कमेटी सदस्य भास्कर का शव बरामद किया गया।

सुधाकर पर 40 लाख रुपये तथा भास्कर पर 45 लाख रुपये का इनाम था : अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को हुई मुठभेड़ों के दौरान तीन अन्य माओवादियों का शव बरामद किया। वहीं आज दो अन्य नक्सलियों का शव बरामद किया गया।

## झारखंड को मिला...

झारखंड में नेत्र सुरक्षा के लिए चला 142 मेगा अभियान : डॉ भारती कश्यप ने बताया कि एक वर्ष (2024-25) में झारखंड में नेत्र सुरक्षा के लिए 142 मेगा विजन फॉर झारखंड अभियान चलाये गये। 94 वैज्ञानिक सत्र और 54 सर्जिकल प्रशिक्षण वेट लैब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले डॉक्टरों में डॉ बी पी कश्यप, डॉ राजीव कुमार, डॉ एसआर सिंह, डॉ दीपक, डॉ आशा रानी, डॉ नीलेंदु मिश्रा, डॉ अनूप, डॉ पंकज, डॉ डॉली, डॉ मलय, डॉ प्रितीश, डॉ मुकेश, डॉ भरत, डॉ आबिद, डॉ अमित व अन्य शामिल थे।

# दुनिया के दो सबसे बुरे लोगों का आखिरकार एक बड़ा खूबसूरत ब्रेकअप हो रहा है




- दुनिया के दो सबसे बुरे लोगों को एक-दूसरे पर अपनी दुष्टता को निर्देशित करते देखना बेहद ही सुखद है
- मस्क ने ट्रंप को निर्वाचित कराने में मदद करने के लिए 277 मिलियन डॉलर खर्च किए

ब्रोमेंस भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन ट्रंप ने पहले भी अपने दुश्मनों को चूमा है और उनसे सुलह की है। जब तक यह चलता है, इसका आनंद लें। यदि आपने भौतिकी की कक्षा में ध्यान दिया होगा, तो आपको अहंकार-गतिकी(ego-dynamics) का तीसरा नियम याद होगा। अर्थात्: जब समान द्रव्यमान वाले दो अहंकार एक ही कक्षा में होते हैं, तो सिस्टम अंततःअस्थिर हो जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप विस्फोटक अलगाव और कुछ बहुत ही बुरे टूट होंगे। इस सिद्धांत को क्रियान्वित होते देखने के लिए कृपया डोनाल्ड ट्रंप और एलोन मस्क ब्रोमेंस के नाटकीय पतन पर एक नज़र डालें। यह खबर हमेशा से ही एक नॉनस्टॉप हॉरर शो रही है। दुनिया के दो सबसे बुरे लोगों को एक-दूसरे पर अपनी दुष्टता को निर्देशित करते देखनाबेहद ही सुखद है।जबकि मैं अपनी खुशी को रोक नहीं पाऊँगी, मैं खुद को इतना संभाल लूँगी कि मैं पिछली कहानी पर जा सकूँ। सबसे पहले, जैसा कि आप जानते हैं, मस्क ने ट्रंप को निर्वाचित कराने में मदद करने के लिए $277 मिलियन खर्च किए। यदि यह कहीं और होता तो हम इसे भ्रष्टाचार कहते और अमेरिका लोकतंत्र स्थापित करने के लिए देश पर आक्रमणकर सकता था। लेकिन हम जिस अमेरिका की बात कर रहे हैं, वह ठीक था।मस्क द्वारा उन सभी पैसों को दान करने के बाद, ट्रंप ने यथास्थिति बनाए रखी। मस्क को अपना डोगे गिग मिला, जिसके माध्यम से उन्होंने अमेरिका को बहुत सारा पैसा बचाने के नाम पर अपने व्यवसायों को विनियमित करने वाली सभी एजेंसियों को कमजोर कर दिया।यही वह बिंदु है जहाँचीजें गलत होने लगीं और मस्क की प्रतिष्ठा गिरने लगी। पिछले कुछ वर्षों में अरबपति ने निराशाजनक रूप से बड़ी संख्या में लोगों को यह समझाने में कामयाबी हासिल की थी कि वह सत्ता-विरोधी विचारों वाले किसी प्रकार के प्रतिभाशाली रॉकेट मैन हैं। हालांकि, एक बार जब वह सत्ता-विरोधी हो गए और संघीय नौकरियों में कटौती करने लगे, तो बहुत से लोग इसबात से नाराज होने लगे कि उनके जीवन पर उनका कितना प्रभाव था।मस्क भले ही एक अंतरिक्ष कैडेट हों, लेकिन वे भी देख सकते थे कि वे अपने ब्रांड को कितना नष्ट कर रहे थे। बेशक, टेस्ला के शेयरों में गिरावट से भी कोई मदद नहीं मिली।इसलिए एक हफ़्ते पहले उन्होंने समझदारी भरा काम किया और घोषणा की कि वे ट्रंप प्रशासन में अपनी भूमिका छोड़ रहे हैं। हालांकि, ज्यादा दिलचस्प बात यह है कि "पहले दोस्त" ने ट्रंप के मार्की टैक्स बिल की सार्वजनिक रूप से आलोचना की। मस्क और ट्रंप के बीच दरार की अफवाहें फैलने लगीं।पहले जब मस्क ने ट्रंप प्रशासन से अलग होने का फैसला किया तो मुझे लगा कि सार्वजनिक तलाक़ सिर्फ़ दिखावा हो सकता है, एक पारस्परिक रूप से फायदेमंद पीआर अभ्यास। ट्रंप ने एकऐसे अजीबोगरीब व्यक्ति से छुटकारा पा लिया जिसे कोई पसंद नहीं करता था और जो लगातार उनके लिए समस्याएँ खड़ी करता रहता था। मस्क को अपने चिंतित निवेशकों को यह दिखाने का मौका मिला कि वे अपनी सारी ऊर्जा उन कंपनियों में लगा रहे हैं जिन्हें उन्हें चलाना चाहिए। मुझे लगा कि किसी विवाद की अफ़वाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई थीं। हालांकि, बीते गुरुवार को, चीज़ें इस हद तक बढ़ गईं कि मुझे नहीं लगता कि इस विवाद को मनगढ़ंत या बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा सकता है।आप देखिए, बीते गुरुवार की दोपहर को जेफरी एपस्टीन का भूत चैट में आया। अरबों खर्च करके खरीदे गए सोशल नेटवर्क पर लिखते हुए, मस्क ने ट्वीट किया: "वास्तव में बड़ा बम गिराने का समय आ गया है: @realDonaldTrump एपस्टीन फाइलों में है। यही असली कारण है कि उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। आपका दिन शुभ हो, DJT!" अतिरिक्त गड़बड़ करने के लिए उन्होंने कहा: "इस पोस्ट को भविष्य के लिए चिह्नित करें। सच्चाई सामने आ जाएगी।" यह ध्यान देने योग्य है कि मस्क, एक ऐसा व्यक्ति जो कथित तौर पर एक निश्चित उम्र की हर महिला परअपना शुक्राणु थोपता है, जिसका अन्य लोगों को यौन अपराधी कहने का एक अच्छी तरह से प्रलेखित इतिहास है। आत्म-तोड़फोड़ शायद तब शुरू हुई जब उन्होंने 2018 में ब्रिटिश गुफा खोजकर्ता वर्नोन अन्सवर्थ को बिना किसी औचित्य के "पेडो गाइ" कहा, जब अन्सवर्थ ने थाई गुफा में फंसे 12 लड़कों को बचाने में मदद की थी वास्तव में, उन्होंने किसी भी बच्चे कोनहीं बचाया और अन्सवर्थ ने अरबपति की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जब उन्होंने मस्क को सुझाव दिया कि "अपनी पनडुब्बी को वहीं लगा दें जहां उसे चोट लगती है"। फिर भी, जबकि मस्क ट्वीट करने से पहले नहीं सोचते, यह उनके लिए भी थोड़ा लापरवाह लगता है। यह निश्चित रूप से "निर्मित पीआर विवाद" की सीमाओं से परे है और "पुल जलाने" के क्षेत्र में प्रवेशकरता है। और, ज़ाहिर है, जिस आदमी के बारे में आपने अभी संकेत दिया है कि वह एपस्टीन के सर्कल में था, उसके साथ बिस्तर पर होना आपको बिल्कुल भी अच्छा नहीं बनाता है, है ना? एपस्टीन के बारे में ट्वीट करने के साथ-साथ, मस्क ने यह भी कहा कि अगर ट्रंप अपने सैकड़ों मिलियन के साथ हस्तक्षेप नहीं करते तो वे "चुनाव हार जाते"। मस्क ने यह भी सुझावदिया कि वह एक नई राजनीतिक पार्टी शुरू कर सकते हैं। इस बीच, ट्रंप बिल्कुल भी चुप नहीं रहे। उन्होंने मस्क को "पागल" कहा और अरबपति की कंपनियों के साथ सरकारी अनुबंधों को काटने की धमकी दी। तो क्या यह एक बड़ी, खूबसूरत दोस्ती का अंत है? क्या यह, जैसा कि षड्यंत्र सिद्धांतकार और ट्रंप की सहयोगी लारा लूमर ने कहा- "एक बड़ा सुंदरब्रेकअप" है? जबकि ऐसा लगता है, हमें याद रखना चाहिए कि ट्रंप ने पहले भी अपने नफरत करने वालों के साथ चुंबन किया है और सुलह की है। हालांकि राष्ट्रपति की त्वचा बहुत पतली है (सारा ब्रॉन्ज़र एपिडर्मिस पर कहर बरपा सकता है), वह एक व्यावहारिक व्यक्ति भी है।बस "लिटिल मार्को" उर्फ मार्को रुबियो उर्फ राज्य सचिव को ही देख लीजिए। 2016 केचुनाव से पहले, रुबियो ने ट्रंप को "धोखा देने वाला" बताया और सुझाव दिया कि उन्हें मूत्राशय की समस्या है। इस बीच, ट्रंप ने रुबियो को "घबराया हुआ व्यक्ति" कहा, जो अब तक मिले सबसे पसीने से तर व्यक्ति थे।

उन्होंने कहा, "यह घृणित है।" "हमें किसी ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत है जिसके पास वह सब कुछ न हो जो उसके पास है।" कई अन्य कटाक्षों काआदान-प्रदान हुआ, लेकिन लगभग एक दशक बाद, ऐसा लगता है कि सब कुछ माफ़ कर दिया गया है। दोनों पुरुष अब चोरों की तरह घनिष्ठ हो गए हैं। यह भी संभव है कि, एक साधारण महिला के रूप में, मैं मस्क और ट्रंप के बीच चल रही टेस्टोस्टेरोन-युक्त पेचीदगियों को समझ नहीं पा रही हूँ। रूढ़िवादी टिप्पणीकार जैक पोसोबिएक ने मददगार ट्वीट किया-"आपमें से कुछ लोग दो उच्च एजेंसी वाले पुरुषों को एक-दूसरे से भिड़ते हुए नहीं देख सकते हैं और यह वास्तव में दिखता है। यह प्रत्यक्ष संचार (फैलोसेंट्रिक) बनाम अप्रत्यक्ष संचार (स्त्री केंद्रित) है।" फिर भी, जबकि अंततः किसी तरह का सुलह हो सकता है, मैं इस नाटक का आनंद ले रहा हूँ। मुझे लगता है कि हम सभी इसका आनंद ले रहे हैं। खैर, शायद कान्ये वेस्ट उर्फ येनहीं। गुरुवार को बदनाम रैपर ने ट्वीट किया- "भाई कृपया न करें... हम आप दोनों से बहुत प्यार करते हैं।" जैसा कि मस्क खुद कह सकते हैं- शर्त है कि आपने नाज़ी के साथ ऐसा किया।

**(सभार-अरवा महदावी (द गार्जियन)**

---

**जैश-ए-मोहम्मद को खत्म करो..**

## भारत के खिलाफ जहर उगल रहे थे बिलावल, अमेरिकी सांसद ने डांटा

**न्यूयॉर्क ।** वरिष्ठ अमेरिकी कांग्रेसी ब्रैड शेरमन ने पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में आए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के साथ वाशिंगटन में बैठक के दौरान आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई और पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए अधिक सुरक्षा का आह्वान किया। यह बैठक कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक भारतीय बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की समानांतर यात्रा के साथ हुई, जो ऑपरेशन सिंदूर और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद भारत की आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया के बारे में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए अमेरिका में हैं।

## मां के अस्पताल में छोड़े नवजात के शव का आधा हिस्सा मिला

**महू ।** महू के मध्य भारत अस्पताल के शौचालय में एक नवजात का क्षत-विक्षत शव मिला है। शरीर का आधा हिस्सा कुत्ते खा गए। मरीजों के परिजन सुबह शौचालय में पहुंचे, तब उन्हें शव दिखा। कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे की है। एक युवती ने अस्पताल के शौचालय में बच्ची को जन्म दिया और उसे वहीं छोड़कर चली गई। शनिवार सुबह मरीजों के परिजन ने देखा कि कुत्ते शौचालय में पड़े नवजात का शव खा रहे हैं। अस्पताल की महिला गार्ड ने कुत्तों को भगाया और अस्पताल प्रभारी को सूचित किया। बच्ची का ऊपरी हिस्सा गायब मिला। अस्पताल प्रभारी एचआर वर्मा के अनुसार, बच्ची के शव का ऊपरी हिस्सा गायब था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

### अमेरिकी अधिकारियों से मिला भारतीय प्रतिनिधिमंडल

# पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर की चर्चा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

वरिष्ठ कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारत का एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका पहुंचा। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख अमेरिकी सांसदों और अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत की जवाबी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

यह यात्रा आतंकवाद विरोधी सहयोग को मजबूत करने के लिए वाशिंगटन में द्विदलीय समर्थन जुटाने तथा क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों के मद्देनजर भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंधों को गहरा करने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आज अमेरिकी उप विदेश मंत्री के साथ स्पष्ट बातचीत की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।



**थरूर ने अमेरिकी सीनेटर से की मुलाकात**

दूतावास ने एक अन्य एक्स पर पोस्ट किया, "डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सीनेट की हाउस फॉरेन रिलेशंस कमेटी के सदस्य सीनेटर क्रिस वैन होलेन के साथ एक सार्थक बैठक की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बारे में जानकारी दी। सीनेटर ने भारत में बार-बार होने वाले आतंकवादी हमलों के पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है, और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के लिए समर्थन व्यक्त किया।

# ट्रेन में फर्जी आधार से आरक्षण व यात्रा पड़ेगी भारी

**आरपी सिंह**



- एम आधार एप से पकड़े जाएंगे फर्जीवाड़े वाले
- यह एप ऑफलाइन काम करेगा सत्यापन आसानी से होगा

**नई दिल्ली।** इन दिनों लोग फर्जी आधार कार्ड बनाकर भी कई तरह की धांधली कर रहे हैं। जिसमें से फर्जी आधार कार्ड के सहारे ट्रेन में आरक्षण व इसी तरह के अन्य कार्य कर रहे हैं। लेकिन अब ट्रेन में फर्जी आधार कार्ड का नंबर दे आरक्षण कराना भारी पड़ेगा। पेनाल्टी तो लगेगा ही , जेल भी जाना पड़ेगा। क्योंकि फर्जी आधार कार्ड को एम आधार एप के मार्फत स्कैन करते ही आधार कार्ड की असलियत उजागर हो जाएगी। इसके लिए टीटीई एम आधार एप की मदद से ट्रेन के अंदर आधार कार्ड की सच्चाई आसानी से जान सकेंगे। हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन पहले से टीटीई को मिली हुई है। इस मशीन से टिकट का सत्यापन और खाली बर्थ की आसानी से जानकारी मिल जाती है। अब आधार जांच की सुविधा भी मशीन में करने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर (टीटीई) अपने मोबाइल पर एम आधार एप डाउनलोड करेंगे। जिससे वह क्यूआर कोड आधारित जांच कर सकेंगे। क्यूआर कोड से स्कैन करते ही उनके मोबाइल पर आधार नंबर, फोटो , नाम, लिंग, जन्मतिथि व पता दिखने लगेगा। इससे आधार का तुरंत ही सत्यापन हो जाएगा।यह एम आधार एप ऑफलाइन मोड में भी चलाया जा सकेगा। ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल में अधिकतर नेटवर्क नहीं मिलते, जिसके कारण ऑनलाइन मोड एप काम नहीं कर पाता। लेकिन यह एप ऑफलाइन काम करेगा, जिससे आधार का सत्यापन आसानी से हो सकेगा। वहीं जो भी यात्री फर्जी आधार कार्ड पर यात्रा करते पकड़े जाएंगे, उन्हें तत्काल आरपीएफ, जीआरपी या स्थानीय पुलिस को सूचना देकर उनके हवाले करना होगा।रेलवे ने सभी टीटीई को एम आधार एप डाउनलोड करने का निर्देश दिया है। ताकि टीटीई एम आधार एप की सुविधा से ट्रेन में फर्जी आधार कार्ड से यात्रा करने वालों का सत्यापन कर सकें।

# सैन डिएगो बीच पर योग कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं

**ब्यूरो**



प्रशिक्षक स्टीवन हबर्ड और एमी बैक ने शहर के अध्यादेश के बाद मुकदमा दायर किया था, जिसमें समुद्र तट पर ऐसी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया था

**नई दिल्ली।** सैन डिएगो बीच पर इस सप्ताह योग कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं, क्योंकि एक संघीय अपील कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि ऐसी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने वाला शहर का अध्यादेश असंवैधानिक है और योग सिखाना "संरक्षित भाषण" है। अमेरिका की नौवीं सर्किट अपील कोर्ट के तीन जजों के पैनल ने बुधवार को सैन डिएगो के एक जज के फैसले को खारिज कर दिया और दो प्रशिक्षकों के पक्ष में फैसला सुनाया, जिन्होंने सैन डिएगो द्वारा 2024 में पारित कानून के खिलाफ मुकदमा दायर किया था, जिसमें तटवर्ती पार्कों और समुद्र तटों पर चार या अधिक लोगों की योग कक्षाओं पर प्रतिबंध लगाया गया था।"चूंकि अध्यादेश योग सिखाने को लक्षित करता है, इसलिए यह स्पष्ट रूप से [प्रशिक्षकों के] बोलने के पहले संशोधन के अधिकार को प्रभावित करता है," फैसले में कहा गया कि अध्यादेश प्रशिक्षकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है।शहर ने तर्क दिया था कि नियम योग के लिए विशिष्ट नहीं था, बल्कि व्यावसायिक गतिविधि के लिए था, क्योंकि प्रशिक्षक स्टीवन हबर्ड और एमी बैक की मुफ्त कक्षाओं में 100 से अधिक लोग आ सकते हैं जो प्रत्येक कक्षा के लिए $5 से $40 तक का दान देते हैं। सैन डिएगो के वकीलों ने अदालती कागजात में लिखा, "इस मामले में शहर के वैध सरकारी हितों में सभी आगंतुकों और निवासियों द्वारा अपने पार्कों और समुद्र तटों का संरक्षण, सुरक्षा और व्यवस्थित उपयोग शामिल है," उन्होंने कहा कि शहर और काउंटी ने 2023 में 32 मिलियन आगंतुकों को आकर्षित किया। गुरुवार तक, हबर्ड ने पैसिफिक बीच के पार्क में ताड़ के पेड़ों के नीचे एक दर्जन लोगों को योग सिखाना फिर से शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले साल अध्यादेश के प्रभावी होने के बाद से उन्हें कम से कम 10 बार उनकी कक्षाओं के लिए उद्धृत किया गया था, जो सभी के लिए निःशुल्क और खुली हैं ,पीज़ ने कहा कि आउटडोर योग उन लोगों के लिए एक सेवा है जो विकलांग हैं या अन्यत्र योग कक्षाओं का खर्च नहीं उठा सकते। "यह यहाँ एक लोकप्रिय चीज़ है। हम एक समुद्र तट समुदाय हैं, और यह लोगों के लिए योग तक पहुँचने का एक तरीका है जो वे अन्यथा नहीं कर पाएँगे," पीज़ ने कहा। पैसिफ़िक बीच पार्क में, जॉन नोक, जो चार साल से हबर्ड की कक्षाओं में भाग ले रहे हैं, ने कहा कि उन्हें लगता है कि समूह को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि क्षेत्र के धनी घर के मालिक नहीं चाहते थे कि लोग उनके समुद्र तट के दृश्यों को बाधित करें। नोक ने कहा, "मैं व्यक्तिगत रूप से इसे मुट्ठी भर अभिजात वर्ग पर समुदाय की जीत के रूप में देखता हूं।

बॉलीवुड अभिनेत्री शाजान पदमसी, जो हाउसफुल 2 और दिल तो बच्चा है जी जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, ने एक नई पारी की शुरुआत की है। अभिनेत्री ने 5 जून को एक निजी पारिवारिक समारोह में व्यवसायी आशीष कनकिया से शादी कर ली। यह सादगीपूर्ण शादी करीबी प्रियजनों की मौजूदगी में सम्पन्न हुई, जबकि शादी का जश्न 7 जून को मनाया जाएगा। शाजान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खास मौके की खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वे और उनके पति पेस्टल शेड्स के पारंपरिक परिधानों में बेहद खुश नजर आ रहे हैं।




# हाउसफुल-2 की एक्ट्रेस शाजान पदमसी ने रचाई बिजनेसमैन से शादी

**हाउसफुल 2** और दिल तो बच्चा है जी जैसी बॉलीवुड फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री शाजान पद्मसी ने 5 जून को एक करीबी पारिवारिक समारोह में व्यवसायी आशीष कनकिया से शादी कर ली। शादी साधारण थी और इसमें प्रियजनों ने भाग लिया। 7 जून को जश्न मनाया जाएगा। शाजान ने इंस्टाग्राम पर प्यारी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, "यह दिन। यह एहसास। हमारा हमेशा के लिए। कथित तौर पर दोनों की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। नवंबर 2024 में उनकी सगाई हुई। तस्वीरों में शाजान पद्मसी और उनके पति आशीष कनकिया अपनी शादी के दौरान खुशी के पल साझा करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने मैचिंग पेस्टल-टोन्ड ट्रेडिशनल आउटफिट पहने हैं। शाजान खूबसूरत कढ़ाई वाले लहंगे में और सिर पर पारदर्शी दुपट्टा लिए हुए बेहद खूबसूरत लग रही हैं।पद्मसी ने शुक्रवार को 'इंस्टाग्राम' पर अपने विवाह की कई तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री (37) ने'ऑफ-व्हाइट' कढ़ाई वाला लहंगा पहना था, जिसे बेल बूटियों की कढ़ाई से भव्य रूप दिया गया था। कनकिया ने पद्मसी के लहंगे के रंग से मिलती-जुलती शेरवानी पहनी हुई थी।दोनों ने 20 जनवरी को सगाई की थी और इसकी घोषणा उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए की, जिसमें लिखा था, ''नयी शुरुआत 20 जनवरी 2025।'' पद्मसी हाल ही में ''है जुनून!'' में नजर आई थीं।

